रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.0° न्यून. 22.0°
रांची: अधिक. 27.4° न्यून. 22.6°
रांची, बुधवार
30 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-178, पृष्ठ-12

श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## धर्म को आधार बनाकर गोलियां मारी गई

राष्ट्रीय नवीन मेल




रुणा रश्मि 'दीप्त'

मानवता को शर्मशार करती वह दुर्दांत घटना जिसमें धर्म को आधार बनाकर गोलियां चलाई गईं और महिलाओं के सुहाग उजाड़े गए। उसको याद करते ही मन वितृष्णा और बदले की भावना से भर उठता है। मनुष्य की ऐसी अधम प्रवृत्ति जहां एक ओर मन को आहत करती है वहीं दूसरी ओर बदले की भावना से हमारा खून भी खौलने लगता है। लेकिन चूंकि हम नियमों से बंधे हैं तथा कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकते, अतः रक्तवाहिनियों में खौलते इस खून के ताप को सहन करते हुए हम सरकार और हमारी शूरवीर सेना से ही आस लगाए बैठे रहते हैं। जैसा कि हम सभी ने देखा हमारी सेना ने हमें निराश नहीं होने दिया। जितनी बर्बरता से उन आतंकवादियों ने हमारी बहन-बेटियों की मांग से सिंदूर उजाड़ा और उन्हें बिलखने के लिए छोड़ दिया था, उतने ही दृढ़ निश्चय एवं सुनियोजित नीति के साथ हमारे सैन्य बल ने "आपरेशन सिन्दूर" चलाया और दुश्मन की कमर तोड़कर रख दी। सैन्य कारवाई का यह नामकरण (आपरेशन सिन्दूर) हमारी भावनाओं को ध्यान में रखकर ही किया गया होगा। जिस सिन्दूर को हमारी बहन-बेटियों की मांग से मिटाने का कुकृत्य किया गया था, उसी का नाम लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इस कदम के साथ हमारी संस्कृति में सिन्दूर के महत्व और उसकी ताकत को ही नहीं प्रदर्शित किया गया बल्कि इसके साथ खिलवाड़ करने वालों के अंजाम का भी एक छोटा सा नमूना पेश किया।

शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी को जवाब

## दुनिया के किसी भी नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नहीं रुकवाया

नई दिल्ली (आईएएनएस)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा में भाग लेते हुए मंगलवार को लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जवाब दिया। उन्होंने लोकसभा में कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को नहीं रुकवाया। उन्होंने कहा कि 9 मई की रात और 10 मई की सुबह हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था। आज पाकिस्तान भी जान गया है कि भारत का हर जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होता है। उसे ये भी पता है कि भविष्य में नौबत आई तो भारत आगे कुछ भी कर सकता है। इसलिए मैं फिर से लोकतंत्र के इस मंदिर में दोहराना चाहता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है। अगर पाकिस्तान ने दुस्साहस की, कल्पना की तो, उसे करारा जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के प्रहार ने पाकिस्तान को घुटने पर आने के लिए मजबूर कर दिया। पाकिस्तान ने डीजीएमओ को फोन कर गुहार लगाई कि बस करो, बहुत मारा। अब ज्यादा मार झेलने की ताकत नहीं है। प्लीज हमला रोक दो। भारत ने पहले ही दिन कह दिया था कि भारत ने अपने लक्ष्य पूरे कर दिए। अगर आप कुछ करोगे तो जवाब देंगे।

शेष पेज 11 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राहुल गांधी ने कहा

## सरकार ने महज 30 मिनट में ही सरेंडर कर दिया था

नई दिल्ली (आईएएनएस)



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चल रही चर्चा के दौरान पहलगाम हमले को क्रूर और निंदनीय बताया। साथ ही उन्होंने सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि सरकार ने महज 30 मिनट में ही सरेंडर कर दिया था।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान कहा, "पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला हुआ, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी सरकार द्वारा आयोजित और सुनियोजित था। युवा और बुजुर्ग लोगों को बेरहमी से मार दिया गया। इस सदन में मौजूद हर व्यक्ति ने एकजुट होकर पाकिस्तान की निंदा की।" राहुल गांधी ने कहा, "जिस क्षण ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष और सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की चुनी हुई सरकार के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। हमने उनके कुछ नेताओं की ओर से कुछ व्यंग्यात्मक टिप्पणियां सुनीं, लेकिन हमने कुछ नहीं कहा। यह एक ऐसी बात थी जिस पर इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेतृत्व सहमत थे। हमें बहुत गर्व है कि एक विपक्ष के रूप में हम एकजुट रहें, जैसा कि हमें होना चाहिए था।" उन्होंने कहा, "पहलगाम हमले के बाद हम नरवाल साहब के घर गए, जिनका बेटा नेवी में था।

शेष पेज 11 पर

### देवघर में बड़ा हादसा

# बस की ट्रक से टक्कर में छह कांवरियों की मौत, 30 जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**देवघर।** देवघर - बासुकीनाथ मुख्य पथ पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया चौक के समीप श्रद्धालुओं से भरी बस और गैस सिलेंडर लोड ट्रक के बीच भीषण टक्कर में 5 श्रद्धालु सहित बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में 30 श्रद्धालु घायल भी हो गए हैं। मृतकों में बिहार के अलग–अलग चार जिलों की महिलाएं और एक किशोर के अलावा मोहनपुर थाना क्षेत्र निवासी बस चालक शामिल है। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सबों को बेहतर इलाज के लिए देवघर एम्स रेफर कर दिया गया है। हादसे में घायल श्रद्धालुओं के अनुसार सभी श्रावणी मेले की तीसरी सोमवारी पर देवघर में बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण करने के बाद मंगलवार अहले सुबह यात्री बस से बासुकीनाथ जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में अनियंत्रित ट्रक और बस में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत-बचाव का काम शुरू किया। सदर एसडीओ रवि कुमार ने कहा, 'सुबह 4-5 बजे के बीच हमें सूचना मिली कि देवघर से बासुकीनाथ कांवरियों को ले जा रही 32 सीटर बस अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई, फिर असंतुलित होकर ईंटों से टकरा गई। हादसे में अब तक 6 कांवरियों की मौत हो चुकी है तो 30 से ज्यादा जख्मी हैं। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक और जख्मी कांवड़िये बिहार के बेतिया और गया निवासी बताए जा रहे हैं।

झारखंड के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में इन दिनों श्रावणी मेले की वजह से हर दिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत देश-विदेश से श्रद्धालु सावन में बाबा की पूजा के लिए आते हैं। देवघर आने वाले अधिकतर श्रद्धालु बासुकीनाथ भी जाते हैं। इस वजह से रास्ते पर काफी भीड़-भाड़ होती है।



### मृतकों की सूची

- दुर्गावती देवी, 45 वर्ष, मतराजी, लकरिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार।
- संता देवी, पटना, बिहार।
- सुमन कुमारी, गया, बिहार।
- जानकी देवी, बेतिया, बिहार।
- पीयूष कुमार, 15 वर्ष, नया गांवगंज, वैशाली, बिहार।
- सुभाष तूरी, (बस चालक) 30 वर्ष, चकरमा, मोहनपुर, देवघर।

### देवघर बस हादसे पर सीएम हेमंत ने जताया शोक



**रांची।** देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड में मंगलवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। यह हादसा जमुनिया चौक के पास उस समय हुआ जब कांवड़ियों से भरी बस गैस सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और एक्स पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, "आज सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में बस सवार श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दु:खद सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बाबा बैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।"

### मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख सहायता राशि देगी सरकार

**देवघर।** झारखंड सरकार ने देवघर जिले के मोहनपुर में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख और घायलों के लिए 20-20 हजार रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार दोपहर देवघर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। मंगलवार की सुबह कांवरियों से भरी बस और गैस सिलेंडर से लदे ट्रक के बीच हुई टक्कर में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 23 अन्य घायल हो गए।


● घायलों को भी मिलेगा 20-20 हजार रुपए

शेष पेज 11 पर

### देवघर सड़क हादसे पर पीएम ने जताया शोक



**नई दिल्ली/रांची।** पीएम मोदी ने देवघर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर दुख जताया है। मंगलवार को देवघर में कांवड़ियों को ले जा रही बस हादसे का शिकार हुई, जिसमें 5 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। पीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से यह जानकारी दी गई। पीएम ने देवघर की दुर्घटना पर कहा, "झारखंड के देवघर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है।

### श्रद्धालुओं का निधन अत्यंत दुखद : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "देवघर से बासुकीनाथ जा रही कांवरियों की बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।"

### मुख्य सचिव व अमेरिकी काउंसलेट की बैठक

## अमेरिका झारखंड में निवेश व सहयोग के लिए इच्छुक : कैली




● झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं : मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, ऊच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति इत्यादि क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गईं। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य की प्राकृतिक संसाधनों को विस्तार से बताया। साथ ही यहां की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाकर कैसे योजनाओं के माध्यम से वृहद आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, उस पर प्रकाश डाला। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण में आये बड़े बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे मुख्यमंत्री की पहल से मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण से लेकर श्रम का पलायन रोक कर झारखंड की आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदला जा रहा है। उन्होंने ऊच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा की।

शेष पेज 11 पर

### पलामू एसीबी टीम की बड़ी कार्रवाई

## रोजगार सेवक को 5000 घूस लेते किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लातेहार के मनिका प्रखंड के बरवैया पंचायत के रोजगार सेवक चंदन कुमार को 5000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक को मनिका स्थित डेरा से ही उसकी गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम अपने साथ पलामू ले गई। इसकी पुष्टि विभाग के वही एसीबी डीएसपी ने बताया कि सूअर शेड निर्माण पूरा हो गया था। पैसे निकासी के लिए रोजगार सेवक के द्वारा 5000 रुपए घूस मांगा गया था। लेकिन लाभुक घूस नहीं देना चाहता था।

शेष पेज 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### जामताड़ा में पुल धंसा

## 150 से भी अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा



नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा और देवघर जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाला दक्षिण बहाल पुल मंगलवार को पानी के तेज बहाव में ध्वस्त हो गया। पुल धंसने से जामताड़ा जिला मुख्यालय से 150 से भी अधिक गांवों का संपर्क भी पूरी तरह बंद हो गया है।

यह पुल 1980 में बोल्डर के सहारे बनाया गया था। इसे जामताड़ा की लाइफलाइन लाइन माना जाता है। इसके ध्वस्त हो जाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह पुल 18 जुलाई को भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था।

शेष पेज 11 पर

### इंडिया

## 2024 में आवारा कुत्तों के काटने के 37 लाख मामले चेतावनी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हजारीबाग में आवारा कुत्तों ने 20 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया और ऐसे मामले झारखंड से लेकर देश के कोने-कोने में हैं । मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहर हों या कोई छोटा कस्बा या गांव ही क्यों न हो आवारा कुत्तों के काटने के मामलों की बाढ़ सी आ गई है। सोशल मीडिया में एक वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक छोटा वेवश बच्चे को आवारा कुत्तों का झुंड तब तक काटता है जबतक एक महिला आकर उसे बचाती नहीं। आए दिन न्यूज चैनलों से लेकर सोशल मीडिया और हमारे व्हाट्सएप ग्रुप्स में ऐसे वीडियो आते हैं। जिनको देखकर गुस्सा भी आता है और मन में भय भी होता भी। कि इनका अगला शिकार कहीं हम ना हो जाए।सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा, बेहद चिंताजनक रिपोर्ट है कि शहरों में आवारा कुत्तों से परेशान लोग और बच्चे इसकी कीमत चुका रहे हैं। शहरों और बाहरी इलाकों में सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आई हैं, जिनसे रेबीज हो रहा है और अंततः छोटे शिशु और बुजुर्ग इस भयानक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इस मामले पर अब देशव्यापी चर्चा हो रही है। हालांकि कुत्ता प्रेमी इन्हें आवारा नहीं बल्कि बेसहारा कुत्ते कहते हैं।




22 जुलाई को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सवाल पूछा। जिसके जवाब में सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में कुत्तों के काटने के 37 लाख 17 हजार 336 मामले सामने आए हैं। और इस दौरान रैबीज से मरने वालों की संख्या 54 है। देश में 6 करोड़ से ज्यादा ऐसे कुत्ते हैं, जो सड़कों पर और सार्वजनिक स्थानों पर रहते हैं। समाज में लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं दूध पिलाते हैं, उनको कपड़े पहनाते हैं। और कुछ लोग इनसे नफरत करते हैं गोली तक मार देते थे । 2001 में देश में आवारा कुत्तों लिए पशु प्रजनन नियंत्रण कानून (एबीसी) बना और 2023 में इन्हें संशोधित किया गया ताकि आवारा कुत्तों की संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना और रेबीज़ जैसी बीमारियों की रोकथाम करना है। एबीसी में उन्हें पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद वहीं वापस छोड़ा जाता है।

नगर निगम या पंचायत को एबीसी प्रोग्राम चलाना अनिवार्य है। उन्हें डॉग शेल्टर, वेटरनरी सुविधा और ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध कराना होगा। डॉग फीडिंग के लिए विशेष जगह तय की जाए। कुत्तों को अनावश्यक रूप से परेशान या हटाया नहीं जा सकता। जो लोग कुत्तों को खाना खिलाते हैं उन्हें परेशान नहीं किया जा सकता, लेकिन फीडिंग पब्लिक हेल्थ या सेफ़्टी को खतरे में नहीं डालनी चाहिए। अगर कोई कुत्ता इंसानों को बार-बार काटता है, तो उसे पकड़कर शेल्टर में रखा जा सकता है, लेकिन उसे मारा नहीं जा सकता। बिल्ली या कुत्ता काट ले या खरौंच लग जाए तो सरकारी अस्पतालों में सूई अवश्य लें और घाव पर पट्टी बांधने के बजाय साबुन से बार-बार धोने की सलाह विशेषज्ञ देते हैं।

# एंबुलेंस कर्मचारियों की मांगों पर विचार करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



### बलात्कारी की मौत पर 3 लाख मुआवजा व कांवरियों की मौत पर एक लाख : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी हाल ही में रामगढ़ के एक आफताब अंसारी की मौत का हौआ खड़ा कर स्वास्थ्य मंत्री ने उसके परिजन को 3 लाख रुपए की मुआवजा राशि घोषित की। आज तो इस संबंध में सरकार की पोल खुल गई। स्वास्थ्य मंत्री जिसे मॉब लिंचिंग बता रहे थे उन्हीं के विभाग ने पोस्टमार्टम कर मौत को पानी में डूबने से बताया है। अब तो स्वास्थ्य मंत्री की डिग्री भी संदेह के घेरे में है। बावजूद इसके मंत्री ने वोटबैंक के लिए सब कुछ तख्त पर रखते हुए तीन लाख मुआवजा की घोषणा की ।दुर्भाग्य जनक स्थित यह है कि आज जब बाबा बैजनाथ की पूजा कर लौट रहे कावंरियों की दुर्घटना में मौत होने पर यह सरकार मात्र एक लाख रुपए मुआवजा की घोषणा करती है। स्पष्ट है कि राज्य सरकार की नजरों में एक कांवरिया का कितना महत्व है।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा।श्री मरांडी ने कहा कि समय पर वेतन का भुगतान न होने के कारण एंबुलेंस कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। हर जगह मरीज़ परेशान हैं, परंतु सरकार को कोई फ़र्क नहीं पड़ता, और स्वास्थ्य मंत्री तो पहले ही कह चुके हैं कि खाट पर मरीज़ों को अस्पताल ले जाना आम बात है। श्री मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे 'प्रगतिशील एवं अति संवेदनशील' व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री का पद प्राप्त होगा तो झारखंडवासी सुचारू स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद किससे करेंगे?कहा कि इससे पहले भी एम्बुलेंस चालकों ने हड़ताल की थी। तब सरकार व सरकार द्वारा "नव-नियुक्त" एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी ने कर्मचारियों की मांगें मानने का केवल दिखावा किया, अभी तक उस त्रिपक्षीय समझौते पर अमल नहीं हुआ है।

जिसमें एम्बुलेंस कर्मियों को श्रम विभाग द्वारा तय वेतनमान दिया जाए,सेवातर कर्मचारियों का सेवा काल 60 वर्ष किया जाए,कर्मचारियों की पूर्व में की गई वेतन कटौती का भुगतान हो,सेवा प्रदाता कंपनी या ठेकेदारों की जगह एनएचएम से भुगतान हो, उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से जानना चाहा कि आख़िर इन माँगों में ऐसा क्या है जिसे नहीं माना जाना चाहिए? कहा कि हर दिन स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही के किस्से सामने आते हैं, लेकिन राज्य में ख़राब पड़ी एम्बुलेंसेज़ की तरह शायद स्वास्थ्य विभाग को भी जंग लग गया है। अनर्गल बयानबाज़ी से ना तो व्यवस्था सुधरेगी, ना मरीज़ों का स्वास्थ्य, ये समझना स्वास्थ्य मंत्री जी के लिए इतना मुश्किल क्यों है?


## आंखों देखा प्रखंड दिवस

# कहीं पूरे दिन काम तो कहीं आधा बेला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रखंड दिवस का इंतजार ग्रामीण बड़ी बेसब्री से करते हैं क्योंकि इन्हें पता है कि प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को प्रखंड दिवस होता है और इस दिन प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं। इस दिन जो भी समस्या लेकर जाया जाए उसका त्वरित समाधान निकलता है और आगे की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलती है। यह दिवस गांव-गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण इसका लाभ लेने के लिए आते हैं। दो अंचलों में पाया गया कि कहीं पूरे दिन काम हो रहा है तो कहीं आधा बेला। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने हेहल अंचल और शहर अंचल में जाकर यह जानने का प्रयास किया कि यहां प्रखंड दिवस किस प्रकार से मनाया जा रहा है। आईए जानते हैं इन अंचलों में क्या है हाल।

हेहल अंचल में पाया गया कि पूरे दिन भर प्रखंड दिवस मनाया गया। अंचल अधिकारी घनश्याम कुमार के कार्यालय में कोई भी आसानी से प्रवेश कर सकते थे प्रवेश में किसी प्रकार का रोक-टोक नहीं था। अंचल अधिकारी दिन भर जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए पाए गए। शहर के अंचल में एक कागज पर लिखकर चिपकाया गया है कि प्रत्येक मंगलवार को अंचल अधिकारी 11:00 से 2:00 बजे तक ही मिल सकते हैं। दिवस पूरे दिन का होता है लेकिन मिलने का समय यहां मात्र 3 घंटे ही दिया जाता है। लोगों का कहना है कि इन तीन घंटों में समस्या का समाधान नहीं हो पाता कई लोगों ने तो यहां तक सवाल उठाया कि 11:00 बजे से है क्यों 10:00 से क्यों नहीं मिल सकते है अंचल अधिकारी।




### कुलाधिपति के 'एक व्यक्ति एक पद' सिद्धांत के लिए आभार : अभिषेक झा



**रांची।** राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति एक पद' सिद्धांत को सख्ती से लागू करने के लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त निर्देश का अबुआ अधिकार मंच ने स्वागत किया है। यह निर्देश विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक पदों के केंद्रीकरण, दायित्वों के दुरुपयोग तथा पदों के अवांछित एकीकरण की प्रवृत्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय माना जा रहा है। छात्र प्रतिनिधि अभिषेक झा ने कहा कि राज्यपाल सह कुलाधिपति ने 'एक व्यक्ति – एक पद' नीति के क्रियान्वयन का निर्देश उच्च शिक्षा में प्रशासनिक संतुलन, नैतिक जवाबदेही और अवसर की समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

### इनफोर्समेंट टीम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया



रांची। रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने वार्ड नंबर 12, स्थित कार्मेल स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल व असीसी स्कूल के मुख्य गेट एवं चारदीवारी पर दुकानों/ठेला इत्यादि के द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही साथ पुराने लोआडीह चौक से लेकर हाइटेंशन ग्राउंड अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार से अमेरिकी महावाणिज्य दूत ने की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता की महावाणिज्य दूत कैथी जाइल्स-डियाज़ ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान दोनों के मध्य विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने जाइल्स-डियाज को झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विशेषताओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह राज्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है तथा यहां प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड में अनेक विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल स्थित हैं, जो राज्य की आध्यात्मिक समृद्धि के प्रतीक हैं।

### दक्षिणी छोटानागपुर बस मालिक समन्वय समिति ने प्रमंडलीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर बस मालिक समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने समिति के संयोजक किशोर मंत्री के नेतृत्व में प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बड़ी बस को 10 मिनट और छोटी बस को 5 मिनट के अंतराल रखते हुए मंतव्य देने के पूर्व की भांति बस मालिक समन्वय समिति को सलाहकार बनने का अनुरोध किया गया। साथ ही दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार रांची के क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी बस को समय सारणी पर 10 मिनट एवं छोटी बस को 5 मिनट के अंतराल पर स्वीकृत किए जाने का भी अनुरोध किया गया।प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नवीन मार्ग का निर्धारण करने की जरूरत है क्योंकि पूर्व में वर्ष 2016 में मार्गों का निर्धारण हुआ था। इस बीच बहुत सारी सड़कों का निर्माण हो चुका है। नवीन मार्गों का निर्धारण हेतु प्राधिकार अपने स्तर से पहल करें। इसमें समन्वय समिति हर तरह का सहयोग करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सरकारी बस स्टैंड की स्थिति नरकीय हो गई है। स्टैंड का टोल टैक्स डीटीओ रांची के द्वारा प्राप्त किया जाता है। कृपया बस स्टैंड का रखरखाव को सुचारू ढंग से करने के लिए कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल में अरुण कुमार बुधिया, अशफाक आजम, संजय यादव, बसंत प्रसाद शामिल थे।

## स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू से निकल चुकी है भाजपा को बर्दाश्त नहीं हो रहा : डॉ इरफान

- बाबूलाल केवल आलोचना के विशेषज्ञ हैं, समाधान की न नीयत है न क्षमता : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बयानों पर कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि "झूठी बयानबाज़ी और खोखली राजनीति से झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था का मज़ाक न उड़ाएं।" डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पास ना कोई ठोस तथ्य है, ना समाधान की नीयत। डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर देखने की भी ज़हमत नहीं उठाई। उनके कार्यकाल में झारखंड के अस्पताल सिर्फ नाम के रह गए थे। आज जब सरकार दिन-रात मेहनत कर बदलाव ला रही है, तो इनको तकलीफ हो रही है। मेरे कार्यकाल में झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र ने जितनी ऊंचाई छुई है, उतनी पिछले 20 वर्षों में नहीं हुई। मंत्री ने साफ किया कि एम्बुलेंस कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एनएचएम और सेवा प्रदाता एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सरकार बातचीत के जरिए समाधान की दिशा में बढ़ रही है। त्रिपक्षीय समझौते का क्रियान्वयन प्राथमिकता में है। कर्मचारियों को समय पर वेतन और स्थायीत्व मिले, इसके लिए नीति बनाई जा रही है।भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी और ठेकेदार-मुक्त किया जाएगा। डॉ. अंसारी ने कहा कि उन्हें मंत्री पद का नहीं, जनता के जीवन की जिम्मेदारी का अहसास है। भाजपा के शासनकाल में जिस स्वास्थ्य व्यवस्था को गर्त में डाला गया, आज उसे आईसीयू से निकालकर रिकवरी रूम तक लाया गया है।

डॉ. अंसारी ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि "कोरोना काल में जब लाखों लोग ऑक्सीजन के बिना तड़प-तड़प कर मरे, तब केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही। तब न दवा थी, न इलाज था, न संवेदना थी — सिर्फ़ शवों की कतारें और गंगा में तैरती लाशें थीं। बाबूलाल जी तब मौन थे, क्योंकि सवाल उनकी पार्टी से था। आज जब झारखंड में सुधार हो रहा है, तो इनकी नींद खुली है।" मंत्री ने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अपने कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर रही है, जिसका परिणाम केवल कागज़ों पर नहीं बल्कि जमीन पर साफ दिख रहा है।

## राज्य समन्वय समिति बनी राजनीतिक उपहार योजना : प्रतुल शाह देव

- 2 वर्ष से कोई बैठक नहीं, लेकिन कई करोड़ खर्च हो गए
- जनता की गाढ़ी कमाई का हो रहा दुरुपयोग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर पड़ा हमला करते हुए झारखंड राज्य समन्वय समिति को पूरी तरह से औचित्यहीन और निष्क्रिय बताया है।प्रतुल शाहदेव ने जोर देते हुए कहा कि इस समिति का गठन विकास कार्यों में समन्वय के नाम पर किया गया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह महज सत्ताधारी दलों के नेताओं को राज्य मंत्री का दर्जा देकर उपकृत करने का एक राजनीतिक उपहार योजना बनकर रह गई है।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि 2022 के अंत में इस समिति का गठन बड़े उद्देश्य और दावों के साथ किया गया था। लेकिन आज ढाई वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद समिति की केवल एक औपचारिक बैठक – वह भी 10 जून, 2023 में आयोजित हुई है। वर्ष 2024 और अब 2025 में कोई भी बैठक नहीं हुई है। ऐसे में इस समिति के अस्तित्व का क्या औचित्य रह जाता है? प्रतुल ने कहा समिति की बैठक ना हो रही हो लेकिन समिति के नाम पर राजनीतिक रेवड़िया बांटना जारी है। 9 अक्टूबर,2024 को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी इस समन्वय समिति का सदस्य बना कर राज्य मंत्री का दर्जा दे दिया गया।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि जब बैठकें ही नहीं हो रही हैं, तो क्या राज्य सरकार यह बताएगी कि समिति के सदस्यों को राज्य मंत्री का दर्जा देने के नाम पर अब तक जनता के गाढ़ी कमाई के कई करोड़ रुपये फूकने का क्या औचित्य है? प्रतुल ने कहा इस समन्वय समिति में कुल 9 सदस्य हैं और अधिकांश को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है।प्रतुल ने कहा कि यह समिति जनता की भलाई के लिए ना बन कर सिर्फ राजनीतिक समझौतों की पूर्ति के लिए बनी है।प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अब इस समिति का एकमात्र उद्देश्य रह गया है – सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं को सरकारी वाहन, आवास, स्टाफ, और अन्य सरकारी सुविधाएं देना, जबकि झारखंड के आम लोग बिजली, पानी, सड़क, और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं।कांग्रेस के कई नेता इस समिति के सदस्य हैं। ऐसे तो कांग्रेस की इस सरकार में रत्ती भर पूछ नहीं रही है। लेकिन मलाईदार पदों को लेकर कांग्रेसी भी चुपचाप रबर स्टांप की भूमिका में है।

## राजनीतिक स्वार्थ के लिए हेमंत सरकार का राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार की प्राथमिकता शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की नहीं है, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार किया जा रहा है। यह लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की मूल भावना का अपमान है। श्री महतो ने आज पार्टी कार्यालय में आजसू छात्र संघ द्वारा आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने युवाओं और छात्रों को ठगा है। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरियां सिर्फ कागजों पर हैं। सरकार की प्राथमिकता शराब की दुकानों का समय तय करना है, न कि युवाओं का भविष्य।

### मोटो अनाज का बाजार का उपयुक्त समय मांग ज्यादा पूर्ति कम

# मोटे अनाज की पैदावार से पीछे हटते किसान



मनोज मिश्रा

- मड़ुआ की सबसे ज्यादा मांग

**रांची।** आजकल अनाज दो भागों में बट गया है, एक सामान्य अनाज जिसमें गेहूं चावल आते हैं दूसरे मोटे अनाज जिसमें ज्वार, बाजरा, मड़ुआ, मक्का जैसे अनाज आते हैं। हरित क्रांति आने से हमारी थाली में गेहूं और चावल घुसते चले गए और मोटा अनाज दूर होता चला गया और इतना दूर हो गया की पूरी दो पीढ़ी के बहुत से लोगों ने तो बहुत से मोटे अनाजों का नाम सुना भी नहीं होगा। हर क्षेत्र के अपने मोटे अनाज होते हैं कहीं ज्वार तो कहीं बाजार कहीं मड़ुआ तो कहीं मक्का लेकिन उगाए सभी जगह जाते हैं।

हमारे झारखंड में मोटे अनाज का उत्पादन सांस्कृतिक विरासत रहा है यहां के गांवो के हर खेत खलियान में कम बेसी मोटे अनाज की पैदावार की जाती है बेचने के लिए नहीं तो खाने के लिए ग्रामीण इसका उत्पादन करते हैं। लोगों को यह जानकारी नहीं है कि मोटे अनाज की कीमत आसमान छू रही है और उसके बने प्रोडक्ट बड़े-बड़े मॉल में यहां तक की ऑनलाइन बड़े बड़े प्लेटफार्म में ऊंची कीमत पर बेचे जाते हैं। मोटे अनाज की मांग इतनी ज्यादा है कि इसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं किसानों को मोटे अनाज का बाजार नहीं मिल रहा है जिस कारण से मोटे अनाज की खेती करने में किसानों की दिलचस्पी खत्म हो गई है। आईए जानते हैं किस तरह के हालात है और मोटे अनाज के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम किस प्रकार से उठाया जा सकता है जिससे ग्रामीण खेती को बल मिलेगा और आर्थिक कृषि व्यवस्था सुदृढ़ हो।

### मोटे अनाज का बाजार नहीं: दिलेश्वर साहू



पिठोरिया गांव निवासी दिलेश्वर साहू बताते हैं कि मोटे अनाज के उत्पादन में 4 से 5 महीने का समय लगता है और इसका बाजार भी उपलब्ध नहीं हो पाता है जिस कारण से किसानों ने मोटे अनाज के बदले नगदी फसल के रूप में सब्जी को चुना है।

### धान की तर्ज पर मोटे अनाज की खरीद करे सरकार: आदित्य मल्होत्रा



चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा है कि मोटे अनाज की उत्पादकता झारखंड के खेती अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित हो सकती है। इसकी मांग बाजार में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वहीं इसकी पूर्ति या उत्पादन में कमी पाई जा रही है। आज सभी लोग जागरुक हो गए हैं चाहे देश हो या विदेश सभी मोटे अनाज की जरूरत और स्वास्थ्य में इसके अच्छे प्रभाव को समझ रहे हैं। झारखंड सरकार को एक पहल करनी चाहिए जिस प्रकार से धान की खरीद की जाती है उसी प्रकार से मोटे अनाज की खरीद करें ताकि मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा मिले।

### मोटे अनाज के उत्पादन के लिए सरकार प्रयासरत : कृषि निदेशक



कृषि निदेशक भोर सिंह यादव बताते हैं कि मोटे अनाज की बाजार में मांग बढ़ी है लेकिन आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो पा रही है। विशेष कर मड़ुआ की मांग ज्यादा बढ़ी है जरूरत है कि मोटे अनाज उत्पादकों को बढ़ावा मिले और इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है।

### कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने की विभागीय समीक्षा बैठक, कहा

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

- युवाओं, छात्रों और झारखंडवासियों के हित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोरहाबादी स्थित कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय और ज़मीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी तेज़ की जाए। श्री लिंडा ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा, किसान, विद्यार्थी और वंचित समुदाय सरकार की प्राथमिकता में हैं, और उनके सशक्तिकरण हेतु कल्याण विभाग हरसंभव कदम उठाएगा।

**बैठक के प्रमुख निर्णय और चर्चा बिंदु इस प्रकार रहे:**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना : झारखंड के युवाओं को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने हेतु ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई।

**धार्मिक पर्यटन विकास :** सिरसी-ता-नाले राजकीय महोत्सव को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने हेतु विकास कार्यों पर निर्णय लिया गया।

**आदिवासी क्षेत्रों में अधोसंरचना :** कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग प्लांट, नर्सिंग होम एवं अस्पताल निर्माण जैसे परियोजनाओं की संभावनाओं पर विभागीय योजना पर विचार हुआ।

**ओबीसी छात्रवृत्ति :** केंद्र सरकार से ओबीसी छात्रों के लिए लंबित 275 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि को शीघ्र निर्गत कराने के लिए पहल की जाएगी।

**धूमकुड़िया भवन :** सांस्कृतिक धरोहर धूमकुड़िया भवन के निर्माण एवं संचालन के लिए आवश्यक धनराशि की माँग पर विस्तृत चर्चा की गई।

**तकनीकी प्रशिक्षण :** राज्य के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए आईटीआई प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया।

# सालों बाद चालू हुआ करोड़ों का बना वृद्धाश्रम बेहाल...




**काजल मेहता**

**रांची।** करोड़ों की लागत से मोरहाबादी के कुछ दूरी में स्थित चिरौंदी में एक वृद्धाश्रम का निर्माण किया गया था। वृद्धाश्रम का शिलान्यास वर्ष 2016 में जिला समाज कल्याण विभाग रांची ने किया था। उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार थी और रघुवर दास मुख्यमंत्री थे। वृद्धाश्रम के भवन का निर्माण कार्य काफी तेजी से हुआ। बेघर बुजुर्गों के लिए वर्ष 2018 तक आलीशान भवन करीब ढाई करोड की लागत से बन कर तैयार हो गया। लेकिन, इसके बनने के बाद कई सालों तक इसका फायदा बुजुर्गों को नहीं हुआ। बनने के बाद सालों तक लावारिस पड़े रहने के कारण यह जुवाड़ियों, नशेड़ियों और शराबियों का ठिकाना बन गया था। साल 2024 के जुलाई महीने में इसका फिर से एक करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार हुआ। जीर्णोद्धार के बाद भी कई महीनों तक भवन में वृद्धों की चहल पहल नहीं दिखी। साल 2025 के मार्च महीने के 23 तारीख को वृद्धाश्रम झारखंड स्वाभिमान संस्था के द्वारा इसकी बागडोर संभाली गई। तबसे लेकर अब तक वृद्धाश्रम में 6 वृद्धों को सहारा मिला।




**चिरौंदी वृद्धाश्रम में कुल 20 कमरे हैं। जिसमें 4 कमरे पेड हैं बाकी फ्री हैं। खाने पीने से लेकर सारी सुविधाएं**

### उठते सवाल

1. लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से बना भवन, कागज में कुछ हकीकत में कुछ और किसकी जिम्मेदारी?
2. भवन की स्थिति देखने बाद भी झारखंड स्वाभिमान संस्थान के सचिव भवन के बेहतर होने का दावा क्यों कर रहे?
3. भवन में वृद्ध रहते हैं बावजूद इसके वृद्धों के टहलने लायक गार्डन में जगह नहीं, चारों तरफ घास ही घास जिम्मेदारी किसकी?
4. संचालक संस्थान झारखंड स्वाभिमान के द्वारा जनकल्याण विभाग में शिकायत के बाद भी अब तक दीवार ओर सीपेज का कोई समाधान नहीं निकला




## भवन में सीपेज, बाउंड्री टूटने के कगार पर

राष्ट्रीय नवीन मेल निर्माण के बाद से लगातार इस भवन से संबंधित खबरें प्रकाशित कर रही है। उसी क्रम में मंगलवार को भी संवाददाता वृद्धाश्रम पहुंची जहां भवन में वृद्ध तो नजर आएं लेकिन भवन की स्थिति खराब थी। जहां कई सवाल खड़े होते है जहां पहली बार में भवन निर्माण के वक्त करीब ढाई करोड़ खर्च किया गया था जिसके बाद चोरों ने एक एक चीज वहां की चुरा ली थी सिर्फ दीवारें बची थी। इसी स्थिति का जीर्णोद्धार एक करोड़ की लागत से किया गया। लेकिन यहां एक करोड़ की लागत के बाद भी भवन में दरारें हैं। कमरों के अंदर दीवारों से पानी सीपेज होती है। बाहरी इलाके में बाउंड्री के अंदर बड़े बड़े घास है। जहां से बरसाती कीडे और सांप निकल निकल सकता हैं। वहीं, मुख्य द्वार के बाहर कीचड़ हैं जहां सिर्फ बड़े बड़े बैनर और बोर्ड लगाए गएं है। छत भी पूरी तरह से खोखली है। भवन के चारों तरफ लगे बाउंड्री का एक हिस्सा पूरी तरह से धंस चुका है। जिस से भवन का दीवार भी डैमेज हो चुका है। बाहर से देख कर कहना मुश्किल होगा की यह भवन सरकार के द्वारा बनाया गया वृद्धाश्रम है।

## शिकायत के बाद भी कुछ बदलाव नहीं

आश्रम में मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार बाउंड्री गिरने के बाद और सीपेज की परेशानियों की शिकायत की गई थी। जिसके बाद समाज कल्याण विभाग से 11 जुलाई को दो अधिकारी सुषमा और राहुल रंजन आए थे। जिसके बाद उनके तरफ से कोई अपडेट नहीं है।

## झारखंड स्वाभिमान संस्था को कोई खामी नजर नहीं आती

झारखंड स्वाभिमान संस्था के सेक्रेटरी अनिमेष अरुण से पूछे जाने पर उन्होंने कहा भवन काफी अच्छा है। कोई कमी नहीं है जबकि सामने से देखा कर उनका यह दावा पूरी तरह से फैल होता नजर आएगा। ना मुख्य द्वार पर कोई गार्ड तैनात ना ही कोई सुरक्षा है। बस सीसीटीवी कैमरे लगाए गएं है।

# जिला स्कूल के टूटे जर्जर जगहों की होगी मरम्मत

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के शहीद चौक के पास स्थित लगभग सबसे पुराना जिला स्कूल 186 साल पुराना है। लेकिन स्कूल के भीतर की स्थिति के चलते स्कूल चर्चे में है। राष्ट्रीय नवीन मेल के द्वारा 19 जुलाई को इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर डीईओ ने जिला स्कूल का निरीक्षण किया था। जिसमें स्कूल के सभी टूटी और जर्जर जगहों को चिन्हित किया है। जल्द ही स्कूल के सभी डैमेज जगहों की मरम्मत की जाएगी। स्कूल में कुछ कमरे भी जले हुए है जिसका मरम्मत कर उसे इस्तेमाल करने योग्य बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है की शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने नवीन मेल के साथ बात चीत में कहा था की अधिकारीयों को भेज कर जिला स्कूल का सर्वेक्षण किया जायेगा। उन्होंने कहा जिला स्कूल रांची और झारखंड की धरोहर है इसका जीर्णोद्धार किया जायेगा।




**बॉयस हॉस्टल की भी स्थिति खराब बॉक्स**

**उपायुक्त के निर्देश पर डीईओ ने निरीक्षण कर चिन्हित किया टूटे जगहों को**

वहीं जिला स्कूल के छात्रावास में कुआं टूटा हुआ है। साथ ही शौचालय की भी कुछ दीवारें टूटी है। इसके अलावा स्कूल के भीतर से हॉस्टल के रास्ते में कचरे का भरमार भी है। जिस वजह बच्चों के कमरे में मच्छर घुस जाते हैं।

## झाप्रसे के कई अधिकारियों की सेवा अन्य विभागों को सौंपी

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के कई अधिकारियों की सेवा मंगलवार को अन्य विभागों को सौंपी गई है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की है। झाप्रसे के 12 अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी गई है। अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापना के लिए कुल 14 झाप्रसे अधिकारियों की सेवा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को और जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर पदस्थापना के लिए 8 अधिकारियों की सेवा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग को दी गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी की सेवा परिवहन विभाग से लेकर कार्मिक विभाग को दिया गया है। वर्तमान में सभी जिला परिवहन पदाधिकारी पाकुड़, लातेहार, चतरा, जामताड़ा, चाईबासा, बोकारो, लोहरदगा एवं गुमला में कार्यरत हैं।

# आदिवासी महोत्सव 2025 की जन जागरुकता के लिए जागरुकता रथ रवाना

**राजीव लोचन बक्शी**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर आगामी 9, 10 एवं 11 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले "आदिवासी महोत्सव 2025" को लेकर तैयारियां अपने चरम पर है। इसी क्रम में महोत्सव से जुड़ी जानकारी, महत्व और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ इस आयोजन की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। राजीव लोचन बक्शी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में आदिवासी महोत्सव 2025 एक समावेशी और गौरवशाली आयोजन के रूप में उभरने जा रहा है। यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक पहचान, एक संघर्ष, एक गर्व का उत्सव है, जिसमें पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के साथ-साथ आधुनिकता का भी समावेश देखने को मिलेगा। आदिवासी महोत्सव 2025 के माध्यम से हम आदिवासी संस्कृति , अस्मिता, अधिकार और योगदान से रू ब रू हो सकेंगे ।इस महोत्सव के माध्यम से राज्य और देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में फैले आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, लोककला, भाषा, वेशभूषा, और खान-पान को प्रदर्शित कर एक सशक्त सांस्कृतिक संवाद स्थापित करेंगे ।

**जागरुकता रथ ,आदिवासी महोत्सव 2025 की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने का बनेगा माध्यम**

**आईपीआरडी के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना**



### जागरुकता रथ की विशेषताएं

1. राजधानी रांची के प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह रथ घूमेगा।
2. रथ पर पोस्टर, फ्लैक्स के माध्यम से आदिवासी कलाकृतियाँ, तथा सांस्कृतिक संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे,जिससे जनता को आदिवासी समुदाय की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचित होने का अवसर मिले।
3. रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को महोत्सव की तारीख, स्थान, विशेष आकर्षण, आमंत्रित कलाकार, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जानकारी दी जाएगी।
4. केवल रांची ही नहीं, राज्य के अन्य जिलों में भी यह जागरुकता रथ भ्रमण करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन से जुड़ सकें और इसकी गरिमा में वृद्धि हो।
5. इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक आनंद सहित विभाग के अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**एसीएस परीक्षा को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने तैयारियों को लेकर की बैठक**

# परीक्षा दो पालियों में निर्धारित है पदाधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र बल (एसीएस) परीक्षा, 2025 की परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 3 अगस्त 2025 को होने वाले यूपीएससी केंद्रीय सशस्त्र बल (एसीएस) परीक्षा, 2025 लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। परीक्षा 03 अगस्त 2025 को दो पाली में आयोजित है



प्रथम पाली में पेपर 1 के लिए 10 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक और द्वितीय पाली में पेपर -।। के लिए 2 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है।

**परीक्षा के लिए 7 उप केंद्र बनाए गए :** परीक्षा के लिए संत पॉल कॉलेज, चर्च रोड, बहुबजार, रांची, संत अलॉइस उच्च विद्यालय, डॉ. कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, रांची, संत जॉन उच्च विद्यालय, कर्बला टैंक रोड, रांची,उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, रांची, निर्मला कॉलेज, संत जेवियर स्कूल के नजदीक, डोरण्डा, रांची,संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची बनाया गया है।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उपविकास आयुक्त रभ कुमार भुवानिया, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक नगर, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची सहित संबंधित पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# कृष्ण बीतक कथा के तीसरे दिन उमड़े श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वामी सदानंद के सानिध्य में श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में आयोजित पांच दिनी श्री कृष्ण बीतक कथा के तीसरे दिन काफी संख्या में श्रोता जुटे। इसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा सुनी। इस अवसर पर कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा ने कहा कि स्वामी देवचन्द्र को भगवान श्री कृष्ण ने दर्शन देकर कहा था कि देवचन्द्र सब देवन के देव और संपूर्ण ईष्टों के ईष्ट हैं। स्वामी हरिदास ने देवचन्द्र के प्रति पूज्य भाव रखा, जो विश्व के धार्मिक इतिहास में एक अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनके महान उपदेशों एवं प्रवचनों से सोयी हुई आत्माएं जागृत हो जाती हैं और जन्म जन्मान्तर के कल्मश समाप्त हो जाते हैं। विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज ने श्रीकृष्ण के ब्रज दर्शन के दिव्य प्रसंग को अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। कथा में भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया गया।

## श्री श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 164 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। चारों युग प्रताप तुम्हारा है प्रसिद्ध जगत उजियारा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली धर्मपत्नी निकुंज नारनौली निखिल नारनौली ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। निखिल नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### रांची जिला में हर मंगलवार को जनता दरबार

# बेटे की मौत पर एक आश्रित को मुआवजा के तौर पर 4 लाख का चेक दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार मंगलवार को सभी प्रखंडो/ अंचलो में जनता दरबार का आयोजन किया रांची जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु हर मंगलवार को जिले के सभी अंचलों और प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री के कुशल मार्गदर्शन में यह पहल जनता और प्रशासन के बीच एक जीवंत और प्रभावी संवाद मंच के रूप में उभर रही है, जो आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत कर रही है। राँची जिले के विभिन्न अंचल कार्यालयों में आयोजित जनता दरबार में अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, म्यूटेशन, अतिक्रमण, और अन्य प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। अरगोड़ा क्षेत्र के कडरू में डूबने से हुई बेटे की मौत पर एक आश्रित को मुआवजा के तौर पर 4 लाख का चेक अंचल अधिकारी अरगोड़ा श्री सुमन कुमार द्वारा चेक दिया गया। जिस पर आश्रित द्वारा जिला प्रशासन का शुक्रिया किया गया। चान्हो अंचल के एक आवेदक द्वारा मौजा चटवल, अंचल चान्हो के खाता संख्या- 20, प्लॉट संख्या- 162 रकबा 20 डिसमिल भूमि से अपनी खरीद भूमि का रकबा 20 डिसमिल जमीन का विरोध किया था, ताकी खतियानी रैयत के वंश भूमि पर दावा कर विवाद उत्पन्न ना कर सके।

## हॉकी टीम चेन्नई के लिए रवाना



**रांची।** चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए हॉकी की टीम चेन्नई के लिए रवाना हुई। झारखंड टीम प्रतियोगिता के ए डिविजन में पूल सी में हॉकी पंजाब और हॉकी कर्नाटक के साथ है। झारखंड का पहला मैच 02 अगस्त को पंजाब और 03 अगस्त को कर्नाटक के साथ दूसरा मैच है। झारखंड टीम को हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त अधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं दी। लोगों ने कहा है कि खिलाडियों में दम है वह वहां बेतर करेगा और झारखंड का नाम रौशन करेगी।

## लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना वक्त की अहम जरूरत: मौलाना राशिद

**रांची।** लड़कियों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा लड़कियों को सशक्त बनाती है, उनके जीवन और समाज को बेहतर बनाती है और बेहतर भविष्य की गारंटी देती है। उपरोक्त बातें खालिद बिन वलीद हेल्थ एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के महासचिव हज़रत मौलाना राशिद सैफुल्लाह ने कहीं। वे झारखंड अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन और खालिद बिन वलीद हेल्थ एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित भव्य समारोह "एक्सलेंस अवार्ड 2025" में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रहे थे। मकतब खालिद बिन वलीद में संचालित मोमिना कोर्स पूरा करने वाली और 2025 में विभिन्न स्कूलों की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौलाना राशिद ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल एक मानवाधिकार है, बल्कि समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता भी है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने मोमिना कोर्स करने वाले सभी छात्रों को एक्सलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित करने के लिए झारखंड अल्पसंखेक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान, उपाध्यक्ष एमएस फरहान, सचिव मुहम्मद नसीम, उप सचिव मुहम्मद मुजम्मिल और उनकी टीम को धन्यवाद दिया।, मकतब के संरक्षक कारी खालिद सैफुल्लाह नोमानी का शुक्रिया। हमारी हिम्मत बढ़ाने वाले श्री इकराम-उल-हसन (दिवंगत मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र और वर्तमान मंत्री हफीज-उल-हसन के भाई), कारी खालिद सैफुल्लाह नोमानी, डीआईजी नौशाद आलम, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, मौलाना राशिद मजाहिरी, महताब आलम, डॉ जाहिद इकबाल कासमी, अनवर खान, पत्रकार आदिल रशीद आदि का शुक्रिया।

## पिठौरिया में व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस



**पिठौरिया।** पिठौरिया अंबेडकर चौक में मंगलवार को व्यापारिक संघ द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में एक मसाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव जमील अख्तर और पूर्व जिला परिषद सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने किया।इस विरोध प्रदर्शन में पिठौरिया चौक के सभी व्यापारी शामिल हुए। व्यापारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी होगी, जिससे उनके छोटे व्यापार प्रभावित होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को तत्काल स्थगित किया जाए और उनकी समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाए।व्यापारियों ने यह भी बताया कि वे जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से प्रशासन से मिलकर अपनी मांगें रखेंगे।इस मौके पर रंजीत कुमार साहू, रितेश कुमार दीपक, संजय मेडिकल, मो डब्लू, इकबाल अंसारी, वसीम खलीफा समेत अन्य स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति के आगमन को रांची में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

# यातायात व्यवस्था में हुआ बदलाव चुस्त रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं. अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू देवघर और धनबाद में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए झारखंड पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रांची, धनबाद और देवघर तीनों जिलों की पुलिस अलर्ट पर है। दूसरी तरफ रांची पुलिस ने भी राष्ट्रपति दौरे को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए हैं।

**31 जुलाई और एक अगस्त को रांची में इस प्रकार रहेगी यातायात व्यवस्था :** सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक पूरे शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों पर भी रोक रहेगी। शाम 4 से 7 बजे तक, कांके, रातु, काठीटांड, कटहल मोड़ जाने वाले वाहन मेन रोड,लालपुर रोड,कांटाटोली फ्लाई ओवर, बुटी मोड़ होते हुए रिंग रोड से अपने जगह तक जा सकेंगे। वहीं, कांके रोड, रातु रोड, कटहल मोड़,काठीटांड की ओर से आने वाले वाहन भी कांके रिंग रोड, बोडेया रोड, बुटी मोड़, कांटाटोली फ्लाई ओवर होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे। शाम चार बजे से रात सात बजे तक एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, बाईपास रोड किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, और राजभवन मोड़ तक की सड़कों का कम से कम उपयोग करें। अरगोड़ा चौक से हॉटलिप्स चौक तक ऑटो और टोटो प्रतिबंधित रहेंगे। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को भी थोड़े समय के लिए डायवर्ट या रोका जा सकता है। एक अगस्त को राजधानी में सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा। सुबह सात बजे से 11 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। कांके रोड, रातु रोड, कटहल मोड़,काठीटांड की ओर से आने वाले वाहन भी कांके रिंग रोड, बोडेया रोड, बुटी मोड़, कांटाटोली फ्लाई ओवर होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

## डीएसपीएमयू के जूलॉजी डिपार्टमेंट में मनाया गया 'विश्व बाघ दिवस'



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'विश्व बाघ दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. गणेश बास्के, सजलेंदु घोष, डॉ. खान, डॉ. नमिता लाल, डॉ. आभा दास, मारग्रेट कुजूर एवं अनीता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने बाघों के संरक्षण, उनकी घटती संख्या और पारिस्थितिकी तंत्र में उनके महत्व पर विचार साझा किए। वक्ताओं ने छात्रों से अपील की कि वे बाघों की रक्षा हेतु जागरूकता फैलाएं और प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखें।

## टोल टैक्स के मुद्दे पर एनएचएआई के क्षेत्रीय निदेशक से की वार्ता

**रांची।** गुमला राजमार्ग पर अंजन धाम और नगड़ी टोल प्लाजा पर चल रही टोल वसूली तथा रांची-टाटा रोड पर सड़क की दयनीय स्थिति के बावजूद जारी टोल संग्रह को लेकर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएआई के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कराई। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि निर्माणाधीन और अधूरी सड़कों पर टोल वसूली अनुचित है। इसकी तत्काल समीक्षा कर, वसूली पर रोक लगाया जाय। रांची-टाटा रोड की खराब हालत का उल्लेख करते हुए बताया गया कि इस मार्ग पर 1200 से अधिक गड्ढे हैं, जिससे यात्रियों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े वाहनों को लगातार जोखिम और अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि अधूरी या जीर्ण-शीर्ण सड़कों पर पूर्ण टोल वसूली नहीं की जा सकती और ऐसी स्थिति में टोल शुल्क में 80% तक की कटौती की जानी चाहिए।

यह भी अवगत कराया गया कि गुमला में अंजनधाम 15 किमी के अंदर रेडियस में है, ऐसे में टोल वसूलने की प्रक्रिया गलत है। इससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान वहन करना पड़ रहा है। एनएचएआई के क्षेत्रीय निदेशक मुकुंदा टी अत्तरदे ने मामले की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## 28 अगस्त तक चलेगा हेल्दी लीवर कैंपेन




**रांची।** हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी को खत्म करने के उद्देश्य से विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में मंगलवार किया गया। इस अवसर पर हेल्दी लीवर कार्यक्रम का भी शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि किसी भी बीमारी को लेकर वैश्विक आयोजन क्यों हो रहा है, इस बात को समझने की आवश्यकता है। हेपेटाइटिस बी और सी जानलेवा है और समय रहते इसका इलाज जरूरी है उन्होंने कहा कि शरीर में किसी भी तरह की परेशानी होने पर योग्य चिकित्सकों से ही सलाह लेनी चाहिए। आजकल इन्टरनेट की दुनिया में लोग बीमारी का इलाज गूगल में ढूढंने लगते हैं, यह आदत मरीज को परेशानी में डाल देता है।


## सीयूजे के प्रो समदर्शी बने बीआईएस के सोलर वॉटर हीटर मानक पुनर्मूल्यांकन पैनल के संयोजक




**रांची।** सीयूजे के प्रो संजय कुमार समदर्शी को भारतीय मानक ब्यूरो के सोलर वॉटर हीटर मानक पुनर्मूल्यांकन विशेषज्ञ पैनल का संयोजक बनाया गया है। इस 8 सदस्यीय पैनल का कार्य सोलर वॉटर हीटर के पहले से मौजूद मानकों में आज की परिस्थिति के अनुसार और कम ऊर्जा की खपत में ज्यादा कारगर रूप से काम करने के लिए यंत्र के मानकों में बदलाव करना है। सोलर थर्मल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बीआईएस मानकों में बदलाव के लिए प्रस्ताव रखा है, जिसका मूल्यांकन यह विशेषज्ञ पैनल करेगी। प्रो समदर्शी किसी भी केंद्रीय विवि से एक मात्र प्रोफेसर हैं, जिन्हें इस टास्क फोर्स का सदस्य बनाया गया है। आठ सदस्यीय पैनल में प्रो संजय समदर्शी (सीयूजे), (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय), मंजुनाथ उल्लूर (ईएमएमवीईई फोटोवोल्टाइक पावर लिमिटेड), जयदीप मालवीय (सोलर थर्मल फेडरेशन ऑफ इंडिया) के अलावा वी गार्ड, से एक प्रतिनिधि और रेकॉन सोलर से एक प्रतिनिधि शामिल हैं।

# गुरुकुल कुटाम में नव दिवसीय महायज्ञ का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मुरी।** गुरुकुल कुटाम में राधारमण महामहोत्सव के तहत 9 अगस्त से 17 अगस्त तक नौ दिवसीय महायज्ञ, श्रीकृष्ण लीला और विश्वविख्यात कथावाचक के सान्निध्य में आध्यात्मिक उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें भक्तगण एक अनुपम आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करेंगे।वहीं राधारमण महामहोत्सव, जो कुटाम में नव दिवसीय महायज्ञ, कृष्ण लीला, प्रवचनमाला तथा विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न होगा।इस महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा दास गदाधर दास प्रभु के नेतृत्व में तैयार की गई है, जिनका मार्गदर्शन इस आयोजन को दिव्यता और अनुशासन दोनों का अद्वितीय संगम प्रदान करता है महोत्सव का मुख्य आकर्षक नवदिवसीय महायज्ञ जिसमें महाराष्ट्र से पधारे विशिष्ट वैदिक विद्वान् यज्ञाचार्यों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार सम्पन्न किया जायेगा। महोत्सव के दौरान रसमयी श्रीकृष्ण लीला के साथ बाल-रूप में श्रीकृष्ण की लीलाओं का सजीव मंचन, जिसमें बालरूप, माखन चोरी, कालिया नाग दमन, गोवर्धन लीला जैसे प्रसंग प्रस्तुत किये जाएंगे। प्रवचन श्रंखला में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्तर के कथावाचक श्रीमान दास गदाधर दास प्रभु अपने हृदयस्पर्शी और तात्त्विक प्रवचनों द्वारा श्रोताओं को श्रीराधा-कृष्ण की भक्ति में डुबो देंगे साथ ही यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्तों के लिए वर्णाश्रम जीवन शैली को आत्मसात करने, परिवार व समाज को धर्ममय बनाने, तथा गुरुकुल परंपरा की पुनर्स्थापना का एक दिव्य प्रयास होगा।


# आपसी विचार-विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति मिले : मनोज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक व अध्यक्ष नराकास (उपक्रम) मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी सहित रांची शहर स्थित लगभग 27 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि नराकास की परिकल्पना एक ऐसे संयुक्त मंच के रूप में की गई है जहां आपसी विचार-विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके और इसकी प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पारस्परिक प्रयासों से दूर किया जा सके। इसी बुनियादी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीएमपीडीआई द्वारा नराकास की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इन सभी गतिविधियों में सदस्य कार्यालयों की सहभागिता रहती है जो निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नराकास की पिछली बैठक में मूल पत्राचार की प्रतिशतता कम से कम 85% और टिप्पणियों की प्रतिशतता 70% तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। अधिकांश कार्यालयों ने इस लक्ष्य को प्राप्त किया है, जो कार्यालय अभी इस लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं उम्मीद है कि नराकास की आगामी बैठक से पूर्व इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। इस बात का हमें खासा ध्यान रखना है कि धारा 3(3) के अंतर्गत शत-प्रतिशत कागजात द्विभाषी जारी होने चाहिए। इससे पूर्व बैठक के आरम्भ में नराकास की वार्षिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए एमएसटीसी लिमिटेड को प्रथम पुरस्कार, सीसीएल को द्वितीय पुरस्कार तथा हडको लिमिटेड को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मेकॉन लिमिटेड द्वारा आयोजित राजभाषा निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया।

## राशन वितरण प्रणाली में सुधार पर आयुक्त ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में प्रमंडलीए स्तरीय जिला आपूर्ति विभाग की बैठक की गई। जिला आपूर्ति विभाग की बैठक में, राशन वितरण प्रणाली की समीक्षा और सुधार पर चर्चा की गई। बैठक में पीडीएस दुकान का निरिक्षण, उचित मूल्य पर खाद्यान्न की उपलब्धता और विभागीय कार्यों की दक्षता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिया कि पीडीएस दुकानों के विरुद्ध शिकायतों पर सख्ती से कार्रवाई करें। हर माह गोदाम स्टॉक का भौतिक निरीक्षण करें। उप निदेशक खाद्य को निदेश दिया कि सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों का पीडीएस दुकान का निरीक्षण प्रतिवेदन आवश्यक देखे। बीएसओ का प्रभार राजपत्रित पदाधिकारी के पास होना चाहिए, ताकि राशन वितरण कार्यों में पारदर्शिता बरकरार रहें।

## न्यूज बॉक्स

### सिल्ली में हाथियों ने किया घर को ध्वस्त



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड में हाथी का बड़ा झुण्ड कुछ दिनों से लगातार आतंक मचा रहे हैं। मंगलवार को तुयकू गांव में हाथियों का झुण्ड आ धमका और जयदेव महतो का घर ध्वस्त कर दिया।घर में रखे अनाज खा गए। हाथियों की संख्या ज्यादा होने के कारण ग्रामीण हाथियों को भगाने में असमर्थ रहे। सूचना मिलते ही देवेन्द्र नाथ महतो ने विभाग को अवगत कर पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया।

### झामुमो नेता ने विभिन्न गांवों का दौरा कर हाथियों से हुए नुकसान का लिया जायजा



**चान्हो।** झामुमो संयोजक मकबूल अहमद आजाद ने चान्हो प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर हाथियों से हुए नुकसान का जायजा लिया। पतरातू पंचायत में हाथी से प्रभावित परिवारों से मिलकर उनके दुख दर्द को साझा किया। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार पीड़ितों को सूची तैयार करने की पहल की गई। सत्यापन हेतु पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी को नामित किया गया है। उन्होंने कस्तूरबा गांधी स्कूल का दौरा कर क्षतिपूर्ति का जायजा लिया गया। मौके पर झामुमो के इमरान अंसारी, पुनीत कुजूर, रमीज राजा, संध्या उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जमीन पर सड़क निर्माण के बावजूद मुआवजा का नहीं हुआ भुगतान: उप प्रमुख

**बेड़ो।** बेड़ो उप प्रमुख मुदस्सिर हक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बेडो.प्रखंड के कादोजोरा-घाघरा-पांडेयपारा एन एच 23 से लोहरदगा मुख्य पथ जमीन का मुआवजा को लेकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी से मिला । इस मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मेरे कार्यालय में पथ निर्माण द्वारा पूर्ण राशि नहीं देने के कारण समय पर भू दाताओं को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं जैसे ही राशि उपलब्ध होगी भू दाताओं को राशि भुगतान कर दिया जाएगा जिससे ग्रामीणों को समस्या हो रहा है अभी तक रोड पूर्ण नहीं हो सका है। मौके पर, विधायक प्रतिनिधि सिल्वेस्टर कछाप, विशेश्वर उरांव, रहीफुद्दीन मिरदाहा, महबूल ओहदार,असरफ खान, भिखु मुंडा, नीतू मुंडा इत्यादि उपस्थित रहे।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की पांचवीं पुण्य तिथि पर पौधे का वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान रंगमंच पर मंगलवार कोरातु अंचल अन्तर्गत बेड़ों संच एकल अभियान आचार्यों ने संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता के बड़े भाई मनीष गुप्ता का पांचवीं पुण्य तिथि मनाई। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के भरनो शाखा के शाखा प्रबंधक मनीष गुप्ता ने कोरोना काल में 29 जूलाई 2020 को निधन हो गया था। सभी उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जहां सभी आचार्यों ने एवं संच समिति सदस्यों ने दिवंगत मनीष गुप्ता के आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर उनकी पुण्य स्मृति में सभी आचार्यों के बीच आम का पौधा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल संच प्रमुख बोधन स्वांसी, समिति के सदस्य रंजीत खत्री, मुकेश कुमार राय, आचार्यों में मुन्नी उरांव, मिथिला देवी, ज्योति कुमारी, रीता देवी समेत सभी आचार्य मौजूद थे।

### सिल्ली धर्मशाला में सावन मेले का हुआ आयोजन, लोगों ने खरीदारी का लिया आनंद



**सिल्ली।** सिल्ली धर्मशाला परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सिल्ली शाखा के और से मंगलवार को एक दिवसीय सावन मेला का आयोजन किया गया ।मेले में मुख्य अतिथि सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे साथ ही रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी भी मौजूद रहीं। मेले परिसर में लगे स्टॉलो का अवलोकन किए।इसके पूर्व आयोजक समिति के अध्यक्ष मीना अग्रवाल व सचिव सरल अग्रवाल, समेत अन्य सदस्यो ने अतिथियों को फुल बुके एवं अंग वस्त्र ओढ़ा सम्मानित किया। इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सावन का महीने का धार्मिक एवं प्रकृति की नैसर्गिक सुन्दरता का खासा महत्व सर्वविदित है फलस्वरूप इस तरह के आयोजन से समाज में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द की भावना और अधिक प्रगाढ़ होती है।ग्रामीण इलाकों में इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य ही है कि लोगों के साथ मिलना जुलना, कुछ समय अपनों के लिए निकालना। आने वाले समय में इस मेले को बृहद रूप देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आयोजन के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की।

### भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में सेमिनार का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड स्थित सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। उदघाटन अध्यक्षा छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव डा० दीपाली पराशर एंव कॉलेज के प्राचार्य निहारिका श्रीवास्तव एवं स्पेनिन के डायरेक्टर डॉ. कुमार संजय के द्वारा ददीप प्रज्जवलित कर किया गया। पर्सनाल्टी डेपलपमेंट शेपिंग प्रोफेशनल आइडेंटिटी ऐंड प्रोमोटिंग इंपोलोईबिलिटी पर डॉ संजय ने विस्तार से बतलाया । उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व की और बेहतर बनाने तथा खुद को इस प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में स्थापित करने के गुण सिखाए। मौके पर व्याख्यता अंजेला गाड़ी, गोपाल तिर्की, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी,पूनम मिन्ज ,दीपा कॉडियार ,बिधिशा देवनाथ, स्मृति रॉय ,संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी, पंकज कुमार,तपन कुमार,भावना कोस्मा, इमरोज अंसारी, तुलसी दास सहित अन्य मौजूद थे।

### अभाविप ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

# अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता 77 वर्षों से राष्ट्र निमार्ण के कार्य में जुटा है : गोविन्द नायक

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़** । मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ इकाई द्वारा राधा गोविंद इंटर कॉलेज सभागार में अभाविप के 77 वें ध्येय यात्रा के उपलक्ष्य पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ गीता सिन्हा मानकी (पूर्व चिकित्सा अधिकारी) एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक एवं विशिष्ट अतिथि बैजनाथ साह (राधा गोविंद विश्वविद्यालय कुलाधिपति) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में 300 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गीता सिन्हा मानकी ने कहा कि आज के वर्तमान समय के युवाओं को किताबी शिक्षा के साथ-साथ स्किल बेस्ड एजुकेशन पर भी ध्यान देना चाहिए। युवा अपने स्किल के माध्यम से भी देश को अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं।अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक ने कहा कि भारत जब आजादी का 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा तो उसमें आज के वर्तमान समय के युवाओं की भूमिका सबसे अधिक होगी। वर्तमान समय के युवाओं को एआई और नए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर अपनी आधुनिक शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने माध्यम से राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में पिछले 77 वर्षों से जुटा हुआ है। सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण का संरक्षण करना अपना दायित्व होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बैजनाथ साह ने कहा की मैं सभी उपस्थित विद्यार्थियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें।जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार ने कहा आज हम उन 300 विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जिले , प्रखंड एवं विद्यालयए में वर्ष 2025 में इंटरमीडिए एवं दशमी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है और हमें गर्व है कि हम उनके साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। मैं सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## भूसा लदा ट्रक पलटा चालक पूरी तरह से सुरक्षित हताहत नहीं



**बरही।** रसोईया धमना मोड़ के समीप एक भूसी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक काफी तेज गति से बरही की ओर जा रहा था। इसी दौरान रसोईया धमना मोड़ के पास सड़क किनारे बने गड्ढे में ट्रक का एक पहिया फिसल गया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक को काफी क्षति पहुंची है। ट्रक में लदी भूसी सड़क पर पूरी तरह बिखर गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही बरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताई और शीघ्र मरम्मत की मांग की है। लोगों का कहना है कि गड्ढों और खराब सड़क के कारण इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिस पर प्रशासन को शीघ्र ध्यान देना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर में परियोजना पदाधिकारी का किया गया भव्य स्वागत



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट के वंदना सभा में मंगलवार को विद्यालय के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय का आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनका आत्मीय स्वागत किया। भा को संबोधित करते हुए ललन कुमार राय ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें, तो कोई भी बाधा उन्हें सफलता प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया।साथ ही विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालय समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते हैं और विद्यार्थियों को संस्कारवान नागरिक बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने परियोजना पदाधिकारी के आगमन को विद्यालय के लिए सौभाग्यपूर्ण बताया और उनके मार्गदर्शन को प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण, दीदियाँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### युवक ने भैरवी नदी में स्नान कर रही महिला श्रद्धालु को बहने से बचाया



**रामगढ़।** सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर प्रक्षेत्र के भैरवी नदी में नहा रही महिला श्रद्धालु अचानक नदी के बहाव में बहने लगी। इस दौरान स्थानीय युवक की मदद से महिला को नदी से सुरक्षित निकाल लिया गया । यह मामला मंगलवार की है । बताया गया की महिला श्रद्धालु परिजनों के साथ छिलका पुल के निकट स्नान करने के लिए नदी में उतरी । उसी क्रम में नदी के तेज बहाव में बहने लगी।स्थानीय युवक ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। इसके बाद दोनों को अन्य युवक ने गमछी के सहारे बाहर निकाला।

### डैम में डूबने से 57 वर्षीय वृद्ध की मौत



**बरही** । बीते दिन सोमवार को बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत के जरहिया गांव में डैम में डूबने से 57 वर्षीय वृद्ध रूपलाल यादव का निधन हो गया. उक्त जानकारी मृतक के पुत्र अजीत कुमार ने थाना और अंचल को दिए आवेदन में दिया है. आवेदन के अनुसार सोमवार की देर संध्या मृतक अपनी पत्नी व बहु संग खेत से काम करके वापस घर लौट रहे थे. इसी क्रम में वह नहाने के लिए डैम चले गए. काफी देर के बाद वह जब घर नही लौटे तो उनका पुत्र उन्हे खोजने निकला. खोज बीन के क्रम में पुत्र को अपने पिता की लूंगी और चप्पल दिखाई पड़ा. इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दिया. स्थानीय लोगों के साथ खोज बीन के दौरान पिता को डैम में डूबा हुआ पाया गया, जिसे तत्काल निकालकर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते हीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और मंगलवार की सुबह परिजनो को सौप दिया. मृतक के पुत्र ने किसी भी प्रकार के हत्या से इंकार करते हुए बरही थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी को आवेदन देते हुए विधिसम्मत कारवाई करने की मांग किया है.

### औचक वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चालकों को ट्रैफिक नियमों से कराया गया अवगत



**बरही ।** अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बाईपास के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहन की जांच की गई. इस दौरान वाहन के डिक्की इत्यादि स्थानों की जांच करते हुए नशीले या अवैध पदार्थ के साथ संदिग्धों की जांच की गई. साथ हीं वाहन चालकों के डीएल, आरसी, बीमा, पॉल्यूशन, हेलमेट आदि संबंधित कागजातों की जांच करते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन करते हुए वाहन चलाने के निर्देश दिए गए. चेकिंग अभियान पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बरही थाना के सशस्त्र बल की उपस्थिति में पुलिस चलाया. उन्होंने बताया कि जरिए अधिकारी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम चलाया गया है जो आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से वाहन के दस्तावेजों के साथ हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी.

### लबगा में 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**भुरकुंडा।** भारत सरकार के हस्तशिल्प सेवा केंद्र रांची की ओर से बासल थाना क्षेत्र के लबगा स्थित शोभा होटल में 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सोमवार को इसका उद्घाटन करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने प्रतिभागी शिल्पियों को संबोधित करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिल्प को ग्रामीण रोजगार का मजबूत आधार बताते हुए उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, हस्तशिल्प विकास संस्थान के सचिव नरेश ठाकुर, जेजेइसीटी के सचिव हरिभूषण कर्ण, झारक्राफ्ट के वरीय कलस्टर प्रबंधक राजीव साहू, पतरातू प्रखंड समन्वयक गंगा मुंडा आदि उपस्थित थे। यहां कार्यक्रम का अध्यखता हस्तशिल्प के सहायक निदेशक पुष्प राजन ने की। इसमें बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पियों को आधुनिक उद्यमिता के साथ जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है।

### संजय बने आजसू के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता

## संगठन का सिपाही हूं समर्पित होकर निभाउंगा जिम्मेवारी : संजय



**बरही** । आजसू पार्टी के युवा नेता संजय मेहता को पार्टी के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है. इस महत्पूर्ण जिम्मेवारी के लिए श्री मेहता ने आलाकमान के प्रति अपनी कृतज्ञता व पार्टी के लिए प्रतिबद्धता जताई है. उन्होंने कहा कि वह पार्टी के समर्पित सिपाही हैं पार्टी उन्हे जो भी जिमेवारी दी है या देगी उसे हर संभव समर्पित और निष्ठित होकर निभाएंगे. उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं अपितु झारखंड की अस्मिता, अधिकार और पहचान की आवाज है. जनमुद्दों की लड़ाई को और धार देने, युवाओं और छात्रों को जोड़ने तथा झारखंड के विकास व स्वाभिमान के आंदोलन आगे लाने के लिए पार्टी संकल्पित है. उन्होने कहा कि संवाद व संगठन की नीति पर चलकर प्रदेश प्रवक्ता के तौर पर आजसू पार्टी की नीति, विचार और कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगे. इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के नव मनोनित केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, महासचिव दीपक महतो आदि को भी बधाई दी. अपने नए जिम्मेवारी के लिए पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, प्रधान महासचिव रामचंद्र प्रसाद का अभार जताया.

### आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# मूलभूत समस्याओं को दुरुस्त करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

- **स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया**



**रामगढ़।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया साथ ही उनके लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मैदान परिसर में ट्रांसजेंडर शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए अल्पहार की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मद्यशालाओं एवं बधशालाओं को 14 अगस्त 2025 की रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया। स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा कि साफ-सफाई व उन पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बहन रीना ने बांधी राखी, एसडीओ ने कार्यक्रम की प्रशंसा की



**बरही** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय का रक्षाबंधन कार्यक्रम लगातार जारी है. इसी क्रम में पवित्र श्रावण माह के तीसरे सोमवारी के मौके पर बरही केंद्र की संचालिका रीना बहन ने अनुमंडलाधिकारी जोहन टुडू को दिव्य ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधने का काम किया. उन्होंने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के उद्देश्यों से एसडीओ को अवगत कराया. उन्होंने बताया कि अध्यात्म के प्रति जागरूकता लाना व सांप्रदायिक सौहार्द बनाते हुए लोगों में आपसी प्रेम बढ़ाना संस्था का मूल उद्देश्य है. एसडीओ ने संस्थान के उद्देश्यों की सराहना करते हुए रक्षा बंधन जैसे पवित्र कार्यक्रम चलाकर लोगों के बीच प्रेम और सहयोग बढ़ाने का काम किया है. इस कार्य के लिए उन्होंने अपनी ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया. अनुमंडल पदाधिकारी को रक्षाबंधन करने के बाद ब्रह्मकुमारी बहन ने बार एसोसिएशन के वकील सहित कई प्रबुद्धजनों को दिव्य रक्षा सूत्र बंधन बांधने का काम किया.

### करारे प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागी शामिल, विजेता हुए सम्मानित

**रामगढ़।** दि टेम्पल ऑफ वॉरियर्स में आयोजित कराटे कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कुल 110 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका संचालन शिहान शशि पांडेय की मेज़बानी में हुआ। जबकि बेल्ट परीक्षा का मूल्यांकन सेंसी मानस सिन्हा और नरेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान मानस सिन्हा ने कहा कि कराटे न केवल आत्मरक्षा की कला है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती का मार्ग भी है। जिस लगन और अनुशासन के साथ बच्चों ने आज प्रदर्शन किया, वह भविष्य के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। वहीं नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि बेल्ट केवल रंग नहीं होता, बल्कि यह आपकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रतीक होता है।

## भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी युवती के साथ हुई घटना में त्वरित न्याय की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा समिति द्वारा मंगलवार कोहोटल शिवम इन में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, प्रदेश नेत्री व अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक प्रिया करमाली और अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर करमाली ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी युवती के साथ हुई घटना में त्वरित न्याय हो। साथ ही समाजसेवी राजेश सिन्हा को अविलंब रिहा करने की मांग की गई । प्रेस वार्ता में भाजपाईयों ने कहा कि राजेश सिन्हा समाजसेवी हैं और आज तक उनके ऊपर कोई आपराधिक मामला नहीं है वे निर्दोष हैं। वहीं, वरिष्ठ नेता आनन्द बेदिया ने आदिवासी युवती को परेशान करने वाले को कड़ी सजा की मांग की। प्रेस वार्ता में भाजपाईयों ने राजेश सिन्हा को रिहा करने, मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने आरोपी के थाना से भागने और उसकी मौत की जांच प्रेस वार्ता में भाजपाईयों ने झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाया है और आरोप लगाया है कि राजनीतिक द्वेष के लिए कानून व्यवस्था का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री विजय जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक प्रिया करमाली, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनन्द बेदिया,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, भीमसेन चौहान, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर करमाली, रमेश करमाली गणेश प्रसाद स्वर्णकार, नरेश साव उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने गोरहर थाना क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बिजली विभाग ने विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। इसमें महेश साव बंडासिंगा निवासी पर दस हजार पाच सौ की क्षतिपूर्ति राशि, शिबू साव पिता बाजे साव बंडासिंगा चौक निवासी बीस हजार दो रुपए, सोना राम मांझी पिता शिकारी मांझी बड़की टांड़ निवासी पर आठ हजार सात सौ चालीस, कुंजलाल महतों पिता मथुरा महतों गोरहर निवासी पर दस हजार पांच सौ रुपए की क्षति पूर्ति राशि लगाई गई हैं।

### वाहन चेकिंग अभयान में पुलिस ने की डोडो जब्त

# 480 किलोग्राम डोडा जब्त किए जाने की एसपी ने दी जानकारी

### जब्त डोडा का बाजार मूल्य 20-25 लाख रूपए बताया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि उन्हें मंगलवार को गुप्त सूचना मिली थी की एक पिकअप में अवैध डोडा लोड कर परिवहन करते हुए तस्करी के लिए रामगढ़ होते हुए बोकारो की ओर ले जाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बोरोबिंग चेकनाका के पास वाहन चेकिंग आरंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में एक ब्लू रंग का पिकअप बोरोबिंग गांव की तरफ से आता दिखाई दिया। जिसे रूकने का ईशारा किया गया तो पिकअप के चालक वाहन को तेजी से लेकर भागने लगा। दोनों व्यक्तियों से बारी-बारी से नाम एवं पता पूछने पर अपना-अपना नाम क्रमशः 01 संदीप रजक, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-रुपण रजक, सा०-तिसरी, थाना-तिसरी, जिला-गिरिडीह जो अपने आप को चालक बताया तथा 02. संतोष राम, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता-स्व० चन्द्रदेव राम, सा० गांवा, थाना-गांवा, जिला-गिरिडीह जो अपने आप को उप चालक बताया। जिसके बाद दोनो चालक एवं उप चालक से पिकअप में लदे सामान के सम्बध में पूछताछ की गई तो दोनों व्यक्ति द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के निर्देश पर उपस्थित सशस्त्र बल के सहयोग से पिकअप रजि० नं0-जेएच0सीडब्लू-7235 की तलाशी लिए तो पकडे. गए पिकअप का डाला जो तिरपाल से ढंका हुआ था को हटाने पर प्लास्टिक के 18 बोरों में प्रतिबंधित डोडा पदार्थ पाया गया। जिसका कुल बजन प्लास्टिक बोरा सहित करीब 480.27 कि० ग्रा० पाया गया। इस संबंध में रजरप्पा थाना कांड संख्या-138/2025, दिनांक-28.07.2025, धारा-15(सी)/25 एनडीपीएस एक्ट अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, अभिषेक कुमार, पुअनि अशोक कुमार, आरक्षी / 602 देवनारायण रजक, आरक्षी/591 सुरेन्द्र साहु, आरक्षी / 334 फुल चंद महतो शामिल थे।

## तंबाकू को लेकर चला सघन निरीक्षण अभियान कई दुकानदारों पर लगा जुर्माना



**बरही।** तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता फैलाने और इसके नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में तंबाकू निषेध जन जागरूकता अभियान के तहत सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बरही बीडीओ जयपाल महतो ने किया। उनके साथ फूड सेफ्टी ऑफिसर प्रकाश चंद्र गुग्गी, तंबाकू निरोधी कार्य पदाधिकारी इफ्फत नाज और रेहान जामी, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार और सूरज कुमार मौजूद थे। निरीक्षण टीम ने बरही बाजार क्षेत्र सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर घूमकर दुकानों की जांच की और तंबाकू बिक्री से संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की। विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। टीम ने मौके पर ही दुकानदारों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि शैक्षणिक परिसरों के समीप किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि वे तंबाकू से दूर रहें और तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री के बारे में प्रशासन को सूचना दें। इस अवसर पर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में भी जानकारी दी गई।

# डीसी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना और कृषि यंत्र वितरण के कार्यों की हुई समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए लाभुकों के चयन हेतु जिलास्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषक, महिला एवं सहायता समूहों समेत अन्य द्वारा अनुदान पर ट्रैक्टर व पंप सेट प्राप्त करने हेतु दिए गए आवेदनों की समीक्षा की गई। भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो. दानिश मिराज ने बताया कि कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 50 आवेदनों को ट्रैक्टर, पंप सेट, सोलर पंप सेट, पावर टिलर समेत अन्य कृषि यंत्रों के लिए उपयुक्त पाया गया और उनके प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। शेष 9 आवेदनों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। उपायुक्त ने कहा कि चयनित लाभुकों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत समय पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा ताकि जिले के किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों का लाभ मिल सके। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, डीपीएम जेएसएलपीएस शांति मार्डी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक शीघ्र पहुंचाने हेतु कार्यवाही में तेजी लाई जाए। साथ ही उन्होंने विधायक अनुशंसा आवेदनों को प्राथमिकता देने की बात कहीं।

## शिक्षा योजनाओं की समीक्षा, पोषण और रसोईया कल्याण पर जोर



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले के 961 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का संचालन हो रहा है, जहां नामांकित छात्रों के विरुद्ध औसत आच्छादन की स्थिति 78% दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास के लिए खाद्यान्न उठाव हेतु R.O. निर्गत हो चुका है एवं विद्यालयों में खाद्यान्न उठाव की प्रक्रिया जारी है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कुल 2026 रसोईया-सह-सहायिका कार्यरत हैं। उपायुक्त ने सभी रसोईया-सह-सहायिकाओं के सरकारी योजनाओं से आच्छादन की स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना से 1984 रसोईया-सह-सहायिकाओं को जोड़ा गया है। कुल 2026 रसोईया-सह-सहायिकाओं में से 296 की आयु 50 वर्ष से अधिक है, जिनमें से 244 को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष पात्र रसोईया-सह-सहायिकाओं को भी शीघ्र योजनाओं से जोड़ा जाए।बैठक में उपायुक्त ने पीएम पोषण योजना अंतर्गत सभी विद्यालयों में थाली एवं गिलास की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यू डायस पोर्टल पर जिले के सरकारी एवं अर्धसरकारी विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की और विद्यालयवार बोर्ड परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पुस्तक वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति की नियमित निगरानी पर विशेष बल दिया।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पोषण उपलब्ध कराने हेतु समन्वित प्रयास करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सुन्दर मोहन, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

**सिमडेगा।** पूर्व मंत्री सह एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान मंगलवार को उपायुक्त कंचन सिंह से मुलाकात की इस दौरान पूर्व मंत्री ने क्षेत्र की जन समस्याओं की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया और उसके समाधान करने की बात कही,पूर्व मंत्री ने कृषि विभाग द्वारा बांटे जा रहे कृषि संयंत्र वास्तविक किसानों तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए।साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसानों आदिवासियों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सही रूप से धरातल में उतारने का आग्रह किया एवं क्षेत्र में नल जल योजना की स्थिति पूरी तरह जिले में फेल है ।इस पर ध्यान आकृष्ट कराया साथ ही केलाघाघ रोड में जल जमाव से राहगीरों को होने वाली परेशानी को जल्द दूर करने की बात कही।पूर्व मंत्री ने एनएसी में सीएनटी एक्ट का उल्लंघन होने पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उपायुक्त से कहा कि इस पर प्रशासन पड़ताल करें क्योंकि एनएसी के अनेक वार्डों में धड़ल्ले से सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर मकान एवं आबादी बढ़ रही है मौके पर दुर्गविजय सिंहदेव अनूप प्रसाद भी मौजूद थे।

## सिमडेगा में 108 एंबुलेंस चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** झारखंड राज्य एंबुलेंस कर्मचारी संघ के आह्वान पर सिमडेगा जिला में कार्यरत सभी 108 एंबुलेंस चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। मंगलवार को हड़ताल का दूसरा दिन था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।हड़ताल पर बैठे चालकों ने बताया कि उन्होंने राज्य सरकार को अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व में ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। उनकी मांगों में नियमितीकरण, वेतनमान में सुधार, ईपीएफ कटौती की पारदर्शिता, कार्यस्थल पर सुरक्षा, समय पर वेतन भुगतान सहित कई मुद्दे शामिल हैं। हड़ताल के कारण जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। सोमवार की रात एक मरीज को सांप ने काट लिया था। परिजनों ने तत्काल 108 नंबर पर एंबुलेंस सेवा के लिए फोन किया, लेकिन हड़ताल के कारण एंबुलेंस नहीं पहुंची और समय पर इलाज न मिलने से मरीज की मौत हो गई। यह घटना हड़ताल के दुष्परिणामों को लेकर प्रशासन और सरकार के लिए एक बड़ा सवाल बनकर खड़ी हो गई है। हड़ताल में शामिल प्रमुख चालकों में अमरजीत मिंज, परमानंद कुमार, जय बड़ाईक, तेज कुमार मिंज, दीपक गोप, राजेश कुमार महतो, विकास एक्का, प्रह्लाद बड़ाईक, अनुज साहू, सत्रूधन चौधरी, उज्ज्वल महातो, रमेश महतो, बिनोद कुमार, सुमराय केरकेट्टा, हेमंत कुमार यादव, मिक्की मिंज, सुमित महातो, लिबनुस डुंगडुंग, रोहित लुगुन, सुधीर यादव, विक्रम चौधरी, दिनेश बड़ाईक, प्रदीप लाल यादव, विजय गोप, बसंत तिर्की, शशि कुमार, सोनू समीर कीड़ो, उज्ज्वल कुल्लू, मिंटू लोहरा, सुधीर कुमार, प्रवीण उरांव, अमर सिंह मुंडा और सुबन खाखा शामिल हैं। चालकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक यह आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा। वहीं, जिले के आम लोगों और मरीजों के बीच डर का माहौल बना हुआ है क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा पूरी तरह ठप हो गया है।

## सड़क के अभाव में सांप काटे युवक की इलाज के दौरान मौत

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के तामड़ा पंचायत अंतर्गत केतार गांव में जहरीले सांप के डंस से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जेवियर केरकेट्टा के रूप में की गई है।परिजनों के अनुसार, बीती रात जेवियर अपने घर के में जमीन पर सोया हुआ था। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की जानकारी मिलते ही परिजन घबरा गए और तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया।लेकिन केतार गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण जेवियर को चार लोगों ने खाट पर कंधा देकर खेतों और पगडंडियों से होते हुए मुख्य सड़क तक पहुँचाया। वहां से वाहन के जरिए सदर अस्पताल, सिमडेगा लाया गया। हालांकि इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मृत्यु हो गई।अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सिमडेगा: बंगरू स्कूल को मिला पीएमश्री स्कूल का दर्जा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** केंद्र सरकार की ओर से सिमडेगा जिले को एक और शैक्षणिक सौगात मिली है। सदर प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय बंगरू को पीएमश्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज भारत मंडपम, नई दिल्ली से आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस विद्यालय का ऑनलाइन लोकार्पण किया।कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। समारोह के बाद बच्चों को पीएमश्री स्कूल से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि विद्यालय में अब स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग सामग्री, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।विद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि पीएमश्री स्कूल बनने से न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा तक पहुंच भी सुलभ होगी।

## महिला सहायक आरक्षी सरिता कुमारी को मिला 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी द्वारा मंगलवार को सिमडेगा जिले में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्तव्य परायणता एवं नैतिक सोच के साथ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की दिशा में उठाए गए सराहनीय कदम के तहत "पुलिसमैन ऑफ द वीक" पुरस्कार की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत हर सप्ताह जिले के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से पुलिसकर्मियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिमडेगा में कार्यरत महिला सहायक आरक्षी 87 सरिता कुमारी को पांचवें सप्ताह में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन, कर्तव्य के प्रति निष्ठा एवं सकारात्मक सोच के लिए "पुलिसमैन ऑफ द वीक" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि सरिता कुमारी द्वारा अपनी ड्यूटी को पूरे लगन, कुशलता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाया जा रहा है, जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके इस कार्य की सराहना करते हुए एसपी एम. अर्शी ने उन्हें सम्मानित किया। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी, ताकि पुलिसकर्मियों में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रेरणा बनी रहे।

## पुलिस लाइन ने नाइन बुलेट कबाली रांची को 3-0 से हराया

**सिमडेगा।** सिमडेगा में चल रहे 26वें वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन का मुकाबला पुलिस लाइन सिमडेगा और नाइन बुलेट कबाली रांची के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में पुलिस लाइन सिमडेगा ने 3-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदन सिंह युवा कांग्रेस और विशिष्ट अतिथि उनके सहयोगी रहे। जहां पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ खेल की शुरुआत हुई।अगला मुकाबला कल शाम 4 बजे ए.यू. फुटबॉल क्लब सिमडेगा बनाम यारों की यारी क्लब रांची के बीच खेला जाएगा।आयोजन समिति के संचालन में राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, उपाध्यक्ष अजित नवरंगी, रिंकू अग्रवाल, सहित कई अन्य लोग सक्रिय रहे।

## ठेठईटांगर में विधायक की अगुवाई में जनता दरबार आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ठेठईटांगर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड व अंचल प्रशासन के अधिकारी-कर्मी, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित बड़ी संख्या में आम जनता मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य से हुई, जिसके बाद विधायक का पुष्पमाला एवं बुके देकर स्वागत किया गया।जनता दरबार में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत व क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपे। विधायक ने प्रत्येक आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ा और कहा कि जिन समस्याओं का समाधान उनके स्तर से संभव है, उन्हें स्वयं देखेंगे तथा बाकी समस्याओं को संबंधित विभागों को अनुशंसा कर अग्रेषित किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी अधिकारी को आवेदन देने पर रिसिविंग अवश्य लें, क्योंकि वही उनके अधिकार का आधार है।मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, वन बीज, अबुआ आवास की चाभी, फूलो झानो डमी चेक, सर्वजन पेंशन योजना के प्रमाण पत्र समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।इस दौरान बीडीओ नूतन मिंज, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड प्रमुख बिपिन मिंज, विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, अशफाक आलम, जॉनसन डांग सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**ग्रामीण परेशान** गिर्दा चौक के चांदसाय से दो किलोमीटर लंबी सड़क चलने लायक नहीं

# लगातार बारिश में कीचड़ और गड्ढों से ग्रामीण बेहाल

- टेंपो और छोटे वाहन नहीं चल पा रहे, ग्रामीण सामान सिर पर ढोने को मजबूर
- स्कूल जाने में बच्चों को हो रही भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** प्रखंड अंतर्गत गिर्दा चौक से वनडीपा होते हुए चांदसाय तक लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। लगातार बारिश के चलते जगह-जगह मिट्टी का कटाव हुआ है और सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। वहीं, कीचड़ भर जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से होकर पंचायत कार्यालय,प्रखंड मुख्यालय, हुरदा पीएचसी व बानो सीएचसी तक पहुंचना एक दुर्लभ कार्य बन गया है। ग्रामीण देवलाल महतो ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़क इतनी खराब हो जाती है कि बुजुर्गों व बच्चों का चलना भी खतरे से खाली नहीं होता।बिरसी कंडुलना ने बताया कि सड़क की दुर्दशा के कारण टेंपो व छोटे वाहन चलना बंद हो गए हैं, जिसके चलते लोगों को सामान सिर पर ढोकर बाजार तक ले जाना पड़ता है। अमृत कंडुलना ने कहा कि बीमार पड़ने पर मरीजों को खाट पर लादकर गिर्दा चौक तक लाया जाता है, फिर वहां से वाहन से अस्पताल पहुंचाया जाता है।बसंती देवी ने बच्चों के स्कूल जाने में हो रही परेशानी का ज़िक्र करते हुए कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। कलेश्वर महतो ने दोहराया कि गिर्दा-वनडीपा-चांदसाय मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन आज तक सरकार या प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं आया।ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### जून महीने का मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की महिलाओं के खाते में भेजी गई राशि




**सिमडेगा।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सिमडेगा द्वारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत माह जून 2025 में जिले के कुल 90,233 लाभुकों को प्रति लाभुक 2,500 रुपये की दर से कुल 22,55,82,500 ( बाईस करोड़ पचपन लाख बिरासी हजार पांच सौ ) रुपये की राशि का भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली से सुनिश्चित किया गया है। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार का सराहनीय प्रयास है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नियुक्ति को लेकर हुई चयन समिति की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में लघु कालीन संविदा आधारित नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि विद्यालय में कुल 15 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके आलोक में 204 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त महोदया ने निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों की संपूर्ण सूची तैयार की जाए ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।बैठक में मेधा सूची तैयार करने के लिए अंक निर्धारण से संबंधित मानदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी कार्य पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से किए जाएं। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हो सके।उपायुक्त ने यह भी कहा कि आवेदनों की गहन समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से मेधा सूची तैयार की जाए और चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सुन्दर मोहन सामद, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिमडेगा : मिशन वात्सल्य योजना की प्रायोजन योजना की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित प्रायोजन योजना से आच्छादित बच्चों के पालन-पोषण अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पॉन्सरशिप के तहत मिलने वाले लाभ की समीक्षा की गई। बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 149 बच्चों को पहले से स्वीकृत है उन्हें योजना का लाभ दिया जा रहा है, वहीं 60 नए बच्चों को लाभ प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि रिपोर्ट में लाभ प्रदान करने की प्रारंभ तिथि का कॉलम भी शामिल किया जाए।बैठक में यह भी पाया गया कि एक बच्चा विद्यालय नहीं जा रहा है, जिसे प्रायोजन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए अभिभावकों से मिलकर प्रेरित किया जाए और की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। समीक्षा के क्रम में यह भी सामने आया कि 2023 में लाभुकों द्वारा किए गए कुछ आवेदन अब तक लंबित हैं। उपायुक्त ने लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई कर योग्य बच्चों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सिंगल पैरेंट बच्चों के मामलों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया।उपायुक्त ने जेजे एक्ट के प्रावधानों के तहत सभी पात्र बच्चों को योजना में शामिल करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाइक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिषेक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेपीएससी में सफल अंकिता को डीसी व एसपी ने दी बधाई



**सिमडेगा।** झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 में सफलता पाने वाली अंकिता मड़की को उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। अंकिता ने कड़ी मेहनत से 280वां रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। उनकी सफलता से सिमडेगा के युवाओं में प्रेरणा जगी है। अंकिता की उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र गर्वित है। उन्हें आगे भी सफलता की शुभकामनाएं दी गईं।

### सरोलदा बस्ती तक जर्जर सड़क और अस्थायी पुलिया से ग्रामीण परेशान



**सिमडेगा।** बानो प्रखंड अंतर्गत साहुबेड़ा नवाटोली मोड़ से सरोलदा गिरजाटोली बस्ती तक जाने वाली कच्ची सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। लगभग 1 किलोमीटर लंबी यह सड़क बारिश के बाद और अधिक खराब हो गई है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।डुमरिया पंचायत के मुखिया लुथर भुइंया ने बताया कि सरोलदा बस्ती में 16-17 घर हैं, जिनमें करीब 100 से अधिक की आबादी निवास करती है। बस्ती तक पहुंचने वाली सड़क पर मोरम पथ निर्माण की प्रक्रिया कभी शुरू की गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से योजना स्वीकृत नहीं हो सकी।बारिश के दिनों में सड़क इतनी कीचड़युक्त हो जाती है कि ग्रामीणों को पंचायत व प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में भारी कठिनाई होती है। सबसे बड़ी समस्या सड़क के बीच बने नाले को लेकर है, जहां ग्रामीणों ने अस्थायी रूप से बांस की पुलिया बनाकर आना-जाना चालू रखा है। लेकिन यह पुलिया वर्षा में किसी भी समय बह जाने का खतरा बनी रहती है।ग्रामीणों ने प्रशासन से पक्की सड़क और स्थायी पुलिया निर्माण की मांग की है, ताकि सरोलदा बस्ती के लोग भी सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

### अमृतकाल में आमजन की त्रासदी: न इलाज, न साधन, हाथी और सांप के बीच फंसे ग्रामीण

**बानो।** प्रखंड की आम जनता किस तरह अपना जीवन बचा रही है, यह सवाल आज खुद बानो के हालात चीख-चीख कर पूछ रहे हैं। एक ओर भारी बारिश से त्रस्त किसान, दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों की जिंदगी को संकटों के घेरे में डाल दिया है।यहां न समय पर इलाज उपलब्ध है, न पहुंचने का कोई सुरक्षित साधन। खासकर रात्रि के समय किसी आपात स्थिति में ग्रामीण घर से बाहर निकलने में डरते हैं।क्योंकि अंधेरी रातों में इंसान नहीं, हाथी निकलते हैं।ऐसा ही एक हृदयविदारक मामला रविवार रात्रि को सामने आया। बानो प्रखंड के सेरेंगछापर गांव की 42 वर्षीय सुशीला गुड़िया को रात लगभग 11 बजे सोते समय करैत सांप ने काट लिया। परिजनों ने तुरंत घरेलू उपचार शुरू किया, लेकिन जंगलों से घिरे रास्तों पर हाथियों की मौजूदगी के कारण कोई बाहर से सहयोग नहीं आ सका।हालत और भी गंभीर तब हो गई जब 108 एम्बुलेंस सेवा हड़ताल पर थी, जिसके चलते समय पर एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाई। परिजन रातभर इंतजार करते रहे और सुबह होने पर जैसे-तैसे पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लेकर पहुंचे, पर तब तक काफी देर हो चुकी थी।सुशीला गुड़िया ने इलाज से पहले ही दम तोड़ दिया। वह डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मां थीं।आज सवाल यह है कि जब "अमृतकाल" के स्वर्णिम युग की बात की जाती है, तो क्या ऐसे हालात में आम आदमी वास्तव में सुरक्षित है?

### 203 कोबरा वाहिनी का 17वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

# अतिथियों व वाहिनी के कमांडो को बेहतर प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सोमवार को रक्तदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ कोबरा 203 वाहिनी का चार दिवसीय 17वाँ स्थापना दिवस धूमधाम के साथ समापन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत 26 जुलाई को कमांडेंट पवन कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, अनुपमा सिंह आदि अधिकारियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर कमांडेंट ने देश की रक्षा में शहीद होने वाले पहले यूनिट के अमर शहीदों को पुष्पांजलि दी व क्वार्टर गार्ड पर सलामी लिया. वाहिनी के जांबाज सैनिकों को संबोधित किया और 203 वाहिनी के ऐतिहासिक गाथाओं से उपस्थित लोगों को रुबरु करवाया. उन्होंने बताया कि अब तक इस वाहिनी को 3 शौर्य चक्र, 28 पुलिस पदक (पीएमजी), 21 पराक्रम पदक एवं 375 डीजी कमेंडेशन डिस्क प्राप्त हो चुके हैं. चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन का समापन सांस्कृतिक संध्या व सामूहिक भोज से हुआ. इस दौरान वाहिनी के मोम्टेसरी स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों सहित वाहिनी के कमांडो ने अपने नृत्य व संगीत कला से लोगों का खूब मनोरंजन किया. इस दौरान अतिथियों व वाहिनी के कमांडो को बेहतर प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. तीसरे दिन वाहिनी परिसर में भव्य मेला के साथ फैंसी ड्रेस आदि जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए. चौथे और अंतिम दिन वाहिनी के अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाए गए. जिसमे जवानों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया. साथ हीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया. कमांडेंट श्री सिंह ने वाहिनी के जवानों को प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखने तथा नियमित पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया. इस चार दिवसीय कार्यक्रम में वाहिनी के सभी अधिकारी व कमांडो सपरिवार हर्षोल्लास भाग लिया. कार्यक्रम सफल बनाने में वाहिनी के कमांडो ने महत्ती भूमिका निभाई. कार्यक्रम की सफलता पर कमाडेंट श्री सिंह ने वाहिनी परिवार का आभार जताया.

## नगजुआ स्कूल भवन निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत, शिक्षा समिति ने उपायुक्त से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड अंतर्गत नरौली पंचायत के नगजुआ गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में निर्माणाधीन चार कमरे और दो शौचालय को लेकर अनियमितता की शिकायत सामने आई है। विद्यालय में एनआरपी योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता को लेकर शिक्षा समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिक्षा समिति के सदस्यों ने बताया कि संवेदक ने ठेका लेने के बाद कार्य पेटी में किसी अन्य को सौंप दिया है, जो कि अत्यंत घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण करा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की तो उन्होंने स्वयं को इससे असंबंधित बताते हुए पल्ला झाड़ लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि घटिया निर्माण के चलते यदि कल को कोई दुर्घटना घटती है, तो इसका सीधा असर नगजुआ समेत आस-पास के गांव के बच्चों पर पड़ेगा। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर लिखित शिकायत सौंपी। उपायुक्त ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का मामला गंभीर है जांच के बाद इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा से 40 मोटरसाइकिल बम सुल्तानगंज के लिए हुए रवाना



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मंगलवार दोपहर 1:00 बजे अजय मोदी के नेतृत्व में 40 मोटरसाइकिल का जात्था बोल बम हेतु सुल्तानगंज रवाना हुए । लोग दुर्गा मंडप बरकट्ठा के समीप सभी एकत्रित होकर बोल बम का जयकारा लगाया। सभी लोग गेरुआ वस्त्र धारण किए हुए अपने-अपने बाइक पर भोले शंकर का पताका लहराते हुए बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है का नारा लगाते हुए सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। वहीं अजय मोदी ने बताया कि हम सब बाबा धाम देवघर , बासुकीनाथ, त्रिकूट ,तपोवन, नौलखा मंदिर का दर्शन कर एक सप्ताह बाद वापस आएंगे। मौके पर बिनोद वर्णवाल रामचंद्र ठाकुर,दीपक ठाकुर, संदीप वकील, जागेश्वर रंजक,रोहन कुमार, सतीश मोदी,सुमन ठाकुर, मुकेश ठाकुर, संदीप मोदी, धानेश्वर राम, राजेश साव, गणेश नायक, लक्ष्मण तुरी, मनोज पासवान,निर्मल साव,संजय मोदी, विनय मोदी,मनीष मोदी,मोहन पंडित समेत दर्जनों कंवरिया उपस्थितथे।

### 25 पेटी नकली शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जमुआ (गिरिडीह)।** गिरिडीह के जमुआ थाना पुलिस को अहले खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने जमुआ थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि* पुलिस अधीक्षक महोदय गिरिडीह द्वारा दूरभाष पर सूचना मिली ,एक सिल्वर रंग की मारुति कार में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब को लोड कर डोमनपहाड़ी होते हुए जमुआ के तरफ ले जाया जा रहा है . उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जमुआ पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दास के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. तत्पश्चात गठित छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुआ के डोमनपहाड़ी चौक में वाहन चेकिंग के दौरान सिल्वर रंग का मारुति कार जांच के क्रम में पाया गया कि अवैध अंग्रेजी शराब लोड है. इस दौरान चालक सह गाड़ी मालिक गोपाल साहू को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के क्रम में चालक द्वारा उक्त अवैध नकली शराब को वासुदेव साव पिता खेलो साव ग्राम बेको सोनापहाड़ी थाना बगोदर जिला गिरिडीह एवं मनोज यादव के साथ मिलकर अवैध रूप से तस्करी करने एवं व्यापार करने की बात स्वीकार की गई है. इस संबंध में जमुआ थाना कांड संख्या 168 /25 उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है.

## विधायक सरयू राय ने 1.21 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास



जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को 1 करोड़ 21 लाख 57 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाली 13 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया। यह शिलान्यास निर्मलनगर 'ए', सोनारी में किया गया। जिन योजनाओं का आज शिलान्यास हुआ, उक्त योजनाएं नगर विकास विभाग की हैं। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जिन 13 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें कदमा गोपाल पथ डीवीसी बिजली सब स्टेशन के समीप सड़क एवं नाली का निर्माण होना है। इसकी लागत 1178056 रुपये है। इसी प्रकार कदमा उलियान टैंक रोड के बगल में गोकुल रेसिडेंसी के पास गली में पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन सहित नाली निर्माण का कार्य होना है जिसकी लागत 1410959 रुपये है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कदमा अम्बेडकर पार्क के पास हनुमान मंदिर से लेकर पार्वती पथ में अंजू दा के घर तक सडक एवं नाली निर्माण (लागत 2003378 रुपये), एवं राबर्ट (अशोक सिंह) के घर के पीछे से मेन नाली तक नाली निर्माण का कार्य (लागत 587924 रुपये), दोमुहानी टुसू मेला मैदान में आर0सी0सी0 छत के साथ स्टेज निर्माण का कार्य (लागत 2492800 रुपये), कदमा अनिलसूर पथ नालंदा पथ में नाली निर्माण का कार्य (लागत 566263 रुपये), सोनारी क्रिश्चन बस्ती में घर नं0-1464 से लेकर 1469 एवं 148ब तक पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन (लागत 588115 रुपये) और सोनारी बच्चा सिंह बस्ती मेरिन ड्राइव रोड से राजेन्द्र पाण्डेय के सामने से होते हुए टिंकू पासवान के घर तक पेवर्स ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य (लागत 561021 रुपये) होना है।

### उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार का किया आयोजन

# शिकायतों का हुआ निषादन तो कई को मिला कार्रवाई का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है।

## तालाब में तैरता मिला 10 साल के छात्र का शव

**धनबाद।** बाघमारा के ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत निचितपुर टाउनशिप स्थित हुजा तालाब में मंगलवार को दस साल के बच्चे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तैरता मिला. मृतक की पहचान समर अंसारी के रूप में हुई है. वह तेतुलमारी के एक निजी विद्यालय में कक्षा 4 का छात्र था. परिजनों के अनुसार, समर अंसारी सोमवार को स्कूल से लौटने के बाद खेलने के लिए निकला था लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा. परिजनों ने रात भर उसकी बेताबी से तलाश की. स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों की मदद से पूरे क्षेत्र में खोजबीन की गई. सोशल मीडिया पर भी उसकी गुमशुदगी की सूचना साझा की गई.

## सड़क निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले डॉ लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने केंद्रीय केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में मिलकर सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) के तहत बोकारो एवं रामगढ़ जिले की सड़क निर्माण की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने और पश्चिम बंगाल एवं झारखंड को जोड़ने हेतु अन्तर्राज्यीय सड़क निर्माण कराने को लेकर मुलाकात की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया है की सीआरआईएफ के तहत बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गझंडी मोड़ से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी 27 किलोमीटर पथ निर्माण, ललपनिया रजरप्पा मोड़ से रजरप्पा रोड तक 20 किलोमीटर पथ निर्माण एवं रामगढ़ जिले के फोरलेन रोड एनएच 33 पर सांडी मोड़ से बिजुलिया (ओल्ड एन एच 33)12.8 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति देने के लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रस्ताव भारत सरकार के परिवहन एवं उच्च पथ मंत्रालय को 27 दिसंबर 23 को समर्पित किया जा चुका है, मगर अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं हो पाई है। इस संदर्भ में शीघ्र समुचित कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के एनएच 18 पर अंतर्गत झालदा चौक से झारखंड के बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के एनएच 23 अंतर्गत बहादुरपुर चौक तक अन्तर्राज्यीय पथ भाया महतोमारा- बकद- सेवती घाटी- खैराचातर एवं कसमार सड़क के निर्माण की ओर कराया और उनसे कहा कि इससे दोनों राज्यों के लाखों लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने इस क्रम में केन्द्रीय मंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि मौजूदा समय में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झालदा बकद- सेवाती घाटी बंगाल सीमा तक पीएमजीएससी योजना अंतर्गत अवगत कराया।

## सिकल सेल एनीमिया की पहचान के लिए जांच शिविर का आयोजन



**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड में प्रोजेक्ट अदिति के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी की जांच, पहचान और नियंत्रण के उद्देश्य से टेस्टिंग कार्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परियोजना का संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत एवं सोसाइटी फॉर नेचर एजुकेशन एंड हेल्थ (स्नेह) के सहयोग से किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया की जांच का कार्य प्रारंभ किया गया। सलगा, कुठान, जोको एवं पेटो गांव में जांच शिविर आयोजित किया गया। इन क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इस बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि समुदाय में समय रहते पहचान और बचाव संभव हो सके। जांच शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक, पैथोलॉजिस्ट, हजारीबाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। मौके पर सीसीएल प्रतिनिधि प्रियांशु एवं सोसाइटी फॉर नेचर एजुकेशन एंड हेल्थ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रेमिका की हत्या के आरोप में युवक को गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गांडे।** गिरफ्तार युवक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी 22 वर्षीय बिनुलाल मरांडी के खिलाफ गांडेय थाना में 42/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी युवक लगातार फरार चल रहा था। बता दें कि देवघर जिला अंतर्गत देवीपुर थाना क्षेत्र के टुम्बो गांव निवासी मुन्नुलाल सोरेन की 20 वर्षीय पुत्री सरिता सोरेन का शव 17 अप्रैल 2024 को गांडेय थाना क्षेत्र के फुलजोरी हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया था। दोनों कुछ दिनों से बरियारपुर में ही रह रहे थे।घटना के एक दिन पुर्व दोनों युवती के घर टुम्बो गये थे। वहां से वापस बरियारपुर के लिए लौट गये पर दुसरे दिन सुबह को फुलजोरी हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक पर युवती का शव मिला था । बता दें कि बिनूलाल मरांडी मृतिका से प्रेम करता था ।


झारखण्ड सरकार

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**

जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला

**"गुमला जिला के सभी सूचीबद्ध दुधारु पशु विक्रेताओं के लिए आम सूचना"**

निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड राँची के निदेश के आलोक में कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राँची के अधीन गव्य विकास निदेशालय द्वारा गुमला जिले के लिए औपबंधिक रुप से सूचीबद्ध सभी दुधारु आपूर्तिकर्त्ता/पशु विक्रेता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में चयनित लाभुकों के बीच दुधारु गाय/भैंस वितरण किया जाना है के आलोक में दिनांक 31.07.2025 से जिला स्तर पर जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला के परिसर में दुधारु पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया हैं।

अतः विभाग द्वारा गुमला जिले के निबंधित सभी सूचीबद्ध दुधारु पशु विक्रेता/ आपूर्तिकर्ता से अनुरोध है कि विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप आयोजित दुधारु पशु मेला में अधिक से अधिक संख्या में राज्य के बाहर से स्वस्थ एवं निरोग (अच्छी गुणवत्ता) की दुधारु पशु उपरोक्त वर्णित स्थल पर लाकर बिक्री करना सुनिशिचित करें।

दुधारु पशु रखने के लिए अस्थायी शेड निर्माण, संक्रमण रोग रेडवार/थैलेरिया/खुरपा/चपका आदि का टीकाकरण/खून–पेशाब आदि का जांच, जहाँ से दुधारु पशु लाई जाती है वहां के पशु चिकित्सक का फिटनेस टीकाकरण प्रमाण पत्र एवं वाहन प्रमाणक आदि पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित पशु आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जाएगा।

दुधारु पशुमेला में लाए गए दुधारु पशुओं का संगरोध अवधि में रखने के उपरान्त पशु चिकित्सक द्वारा निर्गत स्वास्थ प्रमाण पत्र के बाद ही दुधारु पशु का क्रय किया जाएगा।

PR 358475 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला


### बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को दें गति : डॉ ताराचंद

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला के विकास कार्यों को गति देने हेतु सभी विभागों को आपस में बेहतर समन्वय रखे जाने का निर्देश दिया। बैठक में भंडरा व सेन्हा में आंगनवाड़ी केंद्र हेतु भूमि चिन्हितिकरण, नगर परिषद क्षेत्र में शवदाहगृह में विद्युत कनेक्शन, नगर परिषद में आवास बोर्ड हेतु भूमि चिन्हितिकरण, बस स्टैंड के लिए भूमि चिन्हितिकरण, राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड से जोड़े जाने, कला केंद्र भवन के लिए भूमि चिन्हितिकरण, गव्य विकास कार्यालय लोहरदगा के जर्जर भवन की मरम्मति, स्प्रिंग शेड के स्पॉट चिन्हित करने, वन पट्टा के लिए प्रस्ताव संबंधित चर्चा की गई और निर्देश दिए गए। प्रखंड क्षेत्रों में जलजमाव व कीचड़मय पथों में स्टोन-डस्ट और बालू भराव का निर्देश दिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

### जन वितरण प्रणाली के विक्रेता बदहाल विक्रेताओं में नाराजगी

# झारखंड के अधिकांश जिलों में 18 माह से लंबित हैं मानदेय व कमीशन

**नवीन मेल संवादाता**

- **विक्रेताओं ने विधायक अमित कुमार यादव को मामले से संबंधित ज्ञापन सौंपा**



**बरकट्ठा।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाखों जरूरतमंदों को राशन पहुंचाने वाले जनवितरण प्रणाली (PDS) के विक्रेता खुद बदहाल हालात से गुजर रहे हैं। लंबे समय से मानदेय और कमीशन नहीं मिलने से नाराज विक्रेताओं ने सोमवार को स्थानीय विधायक को ज्ञापन सौंपा। विक्रेताओं ने बताया कि जनवरी 2023 से अगस्त 2025 तक कई जिलों में केवल दो माह का ही भुगतान हुआ है। वहीं, कोरोना काल के दौरान कहीं तीन, तो कहीं सात माह का कमीशन अब तक नहीं मिला है। सितंबर 2023 और दिसंबर 2024 के बीच के पारिश्रमिक की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। झारखंड राज्य खाद्य योजना के तहत वितरित चावल, दाल और नमक का भुगतान भी अधिकांश जिलों में 18 माह से लंबित है। विक्रेताओं का कहना है कि सरकार लगातार काम तो ले रही है लेकिन समय पर भुगतान नहीं कर रही। ई-केवाईसी अपडेट कराने का दबाव भी बनाया जा रहा है। कई बार सर्वर और नेटवर्क की समस्या के बावजूद उन्हें लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी जाती है। कुछ जिलों में विक्रेताओं को आयुष्मान कार्ड और किसानों का डाटा तैयार करने जैसे अतिरिक्त काम भी सौंपे गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य भर में करीब 25 हजार विक्रेता वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन आज हालात यह हैं कि वे अपने बच्चों की फीस भी नहीं भर पा रहे। इलाज के पैसे नहीं हैं और परिवार की जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। विक्रेताओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए। विधायक ने ज्ञापन लेकर भरोसा दिलाया कि वह इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएंगे और खाद्य आपूर्ति मंत्री के समक्ष विक्रेताओं की समस्या को मजबूती से रखेंगे। इस मौके पर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के नंदलाल तिवारी, जागेश्वर यादव, राहुल गुप्ता, रिंकू मोदी समेत कई विक्रेता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।

लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001

ई–मेल : eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–RCD/RANCHI(GRAMIN)-03/2025-26(2nd Call), Dt. 29.07.2025**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 12.08.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.08.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– (i) मुख्य अभियंता (ग्रा०) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि०मी० 21.00 से 30.19 तक में विशेष मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 4 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि०मी० 11.00 से 20.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 5 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि०मी० 0.00 से 10.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 6 | चंदनडीह–सोनाहातु में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 11 | रामपुर–हलमाद पथ के कि०मी० 1लें में 2 अदद Cross Drain निर्माण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 16 | टाटीसिलवे स्थित निरीक्षण भवन में फनीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 17 | जोन्हा स्थित निरीक्षण भवन में फनीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 18 | सिल्ली स्थित निरीक्षण भवन में फनीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 19 | राँची–मुरी पथ के कि०मी० 20.00 से 60.00 में पड़ने वाले पुल–पुलियों के पारापेट मरम्मति, रंग–रोगन एवं कि०मी० 30.00 से 60.00 में सड़क सुरक्षात्मक कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |

नोट :– 1. निविदा की शेष शर्ते http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि को 3:00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण) कार्यालय परिसर के अंदर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा ग्रुप बनाकर वार्तालाप करने, शोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर निविदा को रद्द किया जा सकता है। 4- PR 357043 Road (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR 358521 (Road) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरुरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। **- स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# स्वच्छता के मापदंड और हम

झारखंड की राजधानी रांची स्वच्छता की सूची में शामिल नहीं हो पा रही है ऐसे में उन शहरों के तौर तरीकों को जानना चाहिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इस बार कई बरसों से स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल रहने वाले शहरों के लिए सुपर स्वच्छता लीग की शुरुआत की, ताकि जो शहर हर बार टॉप कर रहे हैं, वे आदतन बदल चुके हैं और इनका मुकाबला स्वच्छ सर्वेक्षण में दूसरे शहरों से होगा, तो और सुधार होगा। लेकिन सुपर स्वच्छता लीग में भी इंदौर ने ही टॉप किया। इंदौर की यह उपलब्धि महज प्रशासनिक प्रयास नहीं है, बल्कि वहां के प्रत्येक नागरिक की भी सामूहिक जिम्मेदारी की दौड़ है। दरअसल, मालवा के इस शहर की फितरत ही ऐसी है कि जो ठाना उसे पाना। इंदौर ने तीन-आर पर काम किया। रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल, लेकिन अब एक और आर यानी रिप्रोड्यूस पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इंदौर में कचरे से नई उपयोगी चीजें बनेंगी। जैविक कचरे से खाद, प्लास्टिक और अन्य अनुपयोगी वस्तुओं को रिसाइकल कर नए उत्पाद बन रहे हैं। इंदौर में कचरा अब कचरा नहीं, कमाई का जरिया भी बन गया है। इंदौर ने अभी से आगे भी अपनी बादशाहत बरकरार रखने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नगर निगम ने जीरो लैंड फ्री सिटी की ओर भी कदम बढ़ा दिए हैं। इसके जरिए न केवल प्रोसेसिंग के बाद बचने वाले करीब पांच प्रतिशत अनुपयोगी सूखे कचरे को जमीन के नीचे दबाकर एक लेयर तैयार की जाएगी, इससे जमीन में लैंड फिलिंग का काम होगा। नगर निगम की कोशिश वेस्ट मैटेरियल से बिजली बनाने की भी है। अभी इंदौर में ट्रीटेड सीवर वाटर के जरिए भवन निर्माण के क्षेत्र में इसका उपयोग कर अच्छी शुरुआत की गई है, जिसके बेहतर नतीजों के साथ कमाई भी हो रही है। इस तरह इंदौर में घरों के बाथरूम और किचन के खराब पानी का सदुपयोग भी बड़ा कामयाब रहा। इंदौर का स्वच्छता में परचम फहराने के पीछे आज की मेहनत तो है, पर असल शुरुआत 1913 में होलकर राज्य में तभी हो गई थी, जब शहर में गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगने लगा था। 1970-80 के दशक में जब इंदौर नया आकार ले रहा था और कॉलोनियों की शुरुआत हुई, तब भी सफाई को खूब तवज्जो दी गई। बेशक इंदौर की कॉलोनियों का चकाचक होना 2014 के बाद सफाई को लेकर शुरू हुए राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बन गया है, जब पहली बार देश में इसको लेकर स्वच्छ शहर अवॉर्ड की शुरुआत हुई। भारत में पहली बार घर-घर डस्टबिनों में कचरा संग्रह कराने की मुहिम इंदौर से ही शुरू हुई, जो मील का पत्थर भी साबित हुई। बाद में गीले-सूखे कचरे संग्रह की शुरुआत हुई। गीले कचरे के शोधन के लिए आसपास संयंत्र लगाए गए। दिल्ली समेत दूसरे कई महानगरों सरीखे इंदौर में भी देवगुराड़िया गांव के पास कचरे के ढेर मुंह चिढ़ाते थे। वहां पंद्रह लाख टन कचरे को खत्म करने की शुरुआती पहल से सभी का ध्यान इंदौर की ओर गया और पहली बार 2017 में इंदौर ने देश के स्वच्छ शहर का खिताब न केवल अपने नाम किया, बल्कि आज तक बरकरार भी रखा। इंदौर नगर निगम का वार्षिक बजट आठ हजार करोड़ रुपयों से ज्यादा है। इसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा स्वच्छता के लिए बताए जा रहे हैं। इसी में वेतन एवं अन्य विविध व्यय भी शामिल हैं। यहां के लोगों से उपयोगकर्ता यानी यूजर चार्ज शुल्क भी बहुत मामूली वसूला जाता है। झुग्गी-झोपड़ियों से 60 रुपए, मध्यम वर्ग से 90 रुपए और संपन्नों से 150 रुपए हर घर का मासिक शुल्क लिया जाता है। निश्चित रूप से यह न केवल जनभागीदारी है, बल्कि इससे जिम्मेदारी भी बनती है।

*इंदौर की यह उपलब्धि महज प्रशासनिक प्रयास नहीं है, बल्कि वहां के प्रत्येक नागरिक की भी सामूहिक जिम्मेदारी की दौड़ है।*

## बच्चों की प्रतियोगिताएं

# मार्कशीट-कैसी हो, अंक कैसे दें और जूरी का वक्तव्य कैसा होना चाहिए

शिक्षण संस्थानों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में मार्कशीट की आवश्यकता होती है। मार्कशीट बनाना अपने आप में एक बड़ा कला-कौशल है, जिस पर अधिकांश संस्थान ध्यान नहीं देते। एक ही प्रकार का फॉर्मेट हर प्रतियोगिता पर लागू कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, हर मार्कशीट पर निम्नलिखित कॉलम देखने को मिलते हैं —

उच्चारण और स्वर उतार-चढ़ाव, अभिव्यक्ति और शारीरिक भाषा, भाषा और विषयवस्तु, प्रस्तुति का स्तर समग्र प्रदर्शन, प्रत्येक के लिए 10-10 अंक निर्धारित किए जाते हैं।

देखने में तो यह बिल्कुल ठीक लगता है, है ना?

**समस्या क्या है?**

समस्या यह है कि हर प्रतियोगिता में आप एक ही मूल्यांकन पद्धति नहीं रख सकते।

टी-20 वाले नियम आप टेस्ट मैच में लागू नहीं कर सकते। हर प्रतियोगिता के लिए कॉलम अलग होने चाहिए, और कॉलम की संख्या भी अलग होनी चाहिए। इसे इस उदाहरण से समझते हैं-भाषण प्रतियोगिता में वक्ता को मात्र 3 मिनट मिलते हैं।

इस दौरान जूरी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिभागियों की पूरी बात सुने, उन्हें देखे और परखे। इसके लिए हर वक्ता के बाद उन्हें अतिरिक्त समय मिलना चाहिए, जो उन्हें मिल नहीं पाता। पाँच कॉलम में 10-10 अंक देना कोई आसान काम नहीं। जब तक जूरी पहले वक्ता को अंक देने का काम पूरा करती है, तब तक दूसरा वक्ता अपना आधा वक्तव्य पूरा कर चुका होता है। इस तरह अधिकतर प्रतिभागियों को न्यायपूर्ण अंक नहीं मिल पाते।

होना क्या चाहिए?

जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम। अगर प्रतियोगिता का समय 3 मिनट है, तो केवल दो कॉलम होने चाहिए-तथ्य और प्रस्तुति। दो कॉलम में अंक देने से मूल्यांकन सरल हो जाएगा और प्रतिभागियों का आकलन भी स्पष्ट रूप से हो सकेगा। बच्चे मंच पर खड़े होकर बोल रहे हैं-यही अपने आप में काबिल-ए-तारीफ है। उन्हें किसी सिविल सेवा साक्षात्कार के मापदंड पर परखना न तो व्यावहारिक है, न ही ज़रूरी।

**सलाह**

प्रतियोगिता की प्रकृति और समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कॉलम निर्धारित किए जाने चाहिए।

समय जितना कम हो, कॉलम भी उतने ही कम होने चाहिए।

यदि प्रतियोगिता 3 मिनट से कम की है, तो एक कॉलम रखें; 3 से 5 मिनट की हो, तो दो कॉलम; और यदि प्रतियोगिता 6 से 10 मिनट की है, तो 3 से 5 कॉलम होने चाहिए।



प्रतियोगिता की अवधि जितनी अधिक हो, कॉलमों की संख्या भी उसी अनुसार बढ़ाई जा सकती है।

आज की बात



**कुमार संजय**

**दूसरा ज़रूरी पहलू है — अंक देने का पैमाना**

कई बार देखा गया है कि जूरी बार-बार काटकर नंबर चढ़ाते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन जाती है।

10 अंकों में मूल्यांकन का एक **सरल उपाय :**

यदि प्रतियोगिता 3 मिनट की है, तो मूल्यांकन इस प्रकार किया जा सकता है :

यदि प्रतिभागी ने 2 से 3 मिनट के भीतर अपनी बात पूरी की है, तो 5 अंक उसका हक है। उसे 5 अंक अवश्य मिलने चाहिए।

यदि उसका प्रदर्शन औसत से बेहतर रहा है, तो 6 या 7 अंक दिए जा सकते हैं।

यदि उसने श्रोताओं को प्रभावित किया और मंच पर आत्मविश्वास के साथ बोला, तो 8 या 9 अंक देना उपयुक्त होगा।

और यदि वह हर दृष्टिकोण से श्रेष्ठ रहा — यानी बाकी सभी से बेहतर प्रदर्शन किया — तो उसे पूरे 10 अंक मिलने चाहिए। कई जूरी मेंबर बहुत कंजूसी से अंक देते हैं, जो उचित नहीं है।

**अब आते हैं जूरी के वक्तव्य पर**

जूरी का संबोधन किसी भी प्रतियोगिता का एक अहम हिस्सा होता है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि जूरी सदस्य बच्चों के प्रदर्शन पर बोलने के बजाय अपना पांडित्य दिखाने लगते हैं।

### मूल बातें

- जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम।
- बच्चों को मंच पर बोलते देखना ही बड़ी बात है — सूक्ष्म जांच की ज़रूरत नहीं।
- अंक देने का पैमाना स्पष्ट और व्यावहारिक होना चाहिए — 5 औसत के लिए, 10 श्रेष्ठतम के लिए।
- बच्चों को सलाह नहीं, सार्वजनिक सराहना और प्रोत्साहन अधिक प्रेरित करता है।
- तारीफ से बड़ा मोटिवेशन कोई नहीं होता — उसे खुलकर दीजिए।
- मंच का उपयोग ज्ञान दिखाने के लिए नहीं, उत्साह बढ़ाने के लिए कीजिए।

वे मंच को उपदेश का माध्यम बना देते हैं और यह भूल जाते हैं कि सामने बैठे बच्चे 1 - 2 घंटे से बैठे हैं, थके हुए हैं और अब केवल परिणाम जानना चाहते हैं।

ऐसे में लंबे प्रवचन उनके लिए बोझिल हो जाते हैं।

याद रखें, यह मंच पांडित्य दिखाने का नहीं, बल्कि बच्चों को प्रोत्साहित करने का है।

आपको प्रतिभागियों की तारीफ़ कर, उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए।

उन शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करें, जो छात्रों को मार्गदर्शन देते हैं और उन्हें मंच पर खड़े होने का आत्मबल प्रदान करते हैं।

अंत में, सलाह के तौर पर दो संक्षिप्त वाक्य जोड़ें और मंच से सम्मानपूर्वक विदा लें।

आप सराहे जाएंगे, याद रखे जाएंगे।

हर प्रतियोगी की मेहनत की कद्र कीजिए — वह दिन उसका है, आपका नहीं।

अगली बार जब आप जूरी बनें, तो इस कलात्मक जिम्मेदारी को भावनात्मक समझदारी के साथ निभाइए। आप सिर्फ अंक नहीं दे रहे — आप आत्मविश्वास गढ़ रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# हवाई यात्रा में सब कुछ ठीक नहीं

हवाई उड़ान को लेकर तमाम ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं कि जिससे आम लोगों के मन में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पनपा है। यह स्वाभाविक है क्योंकि हवाई यात्रा के साथ तमाम तरह के जोखिम जुड़े हैं। गत बारह जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयावह विमान हादसे के बाद, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र गहन जांच के घेरे में है। यद्यपि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई तरह की व्याख्याएं और निष्कर्ष सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आम धारणा यही है कि भारत की हवाई यात्रा व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में हुए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में कई एयरलाइनें यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर ज़्यादा धन खर्च कर रही हैं। निस्संदेह यह गलत प्राथमिकताओं का एक ज्वलंत प्रसंग है, जो यही दर्शाता है कि हवाई यातायात व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की सख्त जरूरत है। यह भी कि यात्रियों की सुरक्षा और कुशल हवाई संचालन में किसी चूक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से अपनाई जानी चाहिए। निस्संदेह इस बाबत सख्त कार्रवाई कुशल व सुरक्षित हवाई यातायात का मार्ग सुनिश्चित करेगी। विडंबना यह है कि विगत के हवाई हादसों से कोई गंभीर सबक नहीं सीखे गए। 'सब चलता है' की नीतियां ही क्रियान्वित होती रही हैं। एक के बाद एक हादसों के लिए जांच आयोग तो कई बैठे, लेकिन सुधार के प्रयास तार्किक परिणति तक नहीं पहुंचे। हमारी राजनीतिक अक्षमताएं और निगरानी करने वाले संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप से अनुभवहीन लोगों को बैठाना भी हवाई परिचालन में अव्यवस्था का सबब बना। जिसके चलते हमारी हवाई व्यवस्था असुरक्षा के भय से मुक्त न हो पा रही है। साथ ही हमारी हवाई सेवाएं वैश्विक मानकों की कसौटी पर खरी न उतर पायीं। जिसका खमियाजा देश के हवाई यात्री भी भुगत रहे हैं। निस्संदेह विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बने भारत में नागरिक सेवाओं में यह गुणवत्तापूर्ण झलक नजर आनी चाहिए। यह गुणवत्ता विदेशी निवेशकों के लिए भी जरूरी है लेकिन फिलहाल हमारा नागरिक सेवाओं के प्रति अपेक्षित भरोसा नहीं बन पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सहभागिता मंच, लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सर्वे में शामिल 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार उन्होंने कठिन उड़ान का अनुभव किया था, जिसमें टेकऑफ़, लैंडिंग या उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियां शामिल थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**राकेश दुबे**

# बचपन से आत्मनिर्भरता तक : बच्चों के संपूर्ण विकास की एक योजना

जब एक बच्चा इस संसार में आता है, वह केवल एक शरीर नहीं होता, बल्कि वह एक पूर्ण जीवन परियोजना होता है। उसके भविष्य की नींव, उसके विचार, मूल्य और आत्मनिर्भरता का निर्माण उसी क्षण से आरंभ हो जाता है जब वह पहला श्वास लेता है। यदि हम उसके जीवन के विभिन्न चरणों को पहचानें और समय पर उचित शिक्षा, मूल्य और कौशल दें, तो वह न केवल एक सफल नागरिक बनता है, बल्कि समाज और देश का गौरव भी बन सकता है। आज की शिक्षा और पालन-पोषण की सबसे बड़ी भूल यह है कि हम बच्चों को समय पर वह नहीं दे पाते जो उन्हें जीवन की दौड़ के लिए तैयार करता है। जीवन के पाँच महत्वपूर्ण चरणों को यदि हम सुनियोजित तरीके से अपनाएं, तो बच्चा अद्भुत ऊँचाइयों को छू सकता है।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**

**पहला चरण (0 से 7 वर्ष): शारीरिक विकास की नींव**

इस चरण में Gross Motor Skills (जैसे दौड़ना, कूदना) और Fine Motor Skills (जैसे लिखना, काटना, बटन लगाना) का विकास अत्यंत आवश्यक होता है। यह वह उम्र है जहाँ बच्चा अपने शरीर को समझता है और नियंत्रित करना सीखता है। यदि इस समय उसे सही वातावरण, खेल, गतिविधियां और आहार मिले तो उसका मस्तिष्क तेज़ी से विकसित होता है।

**दूसरा चरण (7 से 13 वर्ष) : तार्किक सोच और नैतिकता की शिक्षा**

इस समय बच्चे का मस्तिष्क तर्क, विश्लेषण और ज्ञान ग्रहण करने के लिए तैयार होता है। यही समय है जब उसे नैतिक शिक्षा, सही-गलत की समझ, ज्ञान-विज्ञान, और सामाजिक व्यवहार की जानकारी दी जानी चाहिए। इस उम्र में दिया गया संस्कार जीवन भर साथ चलता है।

**तीसरा चरण (14 से 21 वर्ष): आत्मनिर्भरता और लक्ष्य निर्धारण**

युवावस्था की शुरुआत के साथ बच्चा अपनी पहचान ढूंढने लगता है। यह समय है उसे अपने विषय का चयन, स्वावलंबन, और जीवन के लक्ष्य तय करने की स्वतंत्रता देने का। अगर इस समय सही मार्गदर्शन मिले तो वह एक आत्मनिर्भर और दृढ़ निश्चयी युवा बन सकता है।

**चौथा चरण (22 से 30 वर्ष) : प्रयास, परिश्रम और सफलता की दिशा**

यह वह समय होता है जब बच्चा अपने चुने हुए लक्ष्य की दिशा में लगातार प्रयास करता है। कभी असफल होता है, कभी सीखता है और अंततः जीवन में वह मुकाम हासिल करता है जो उसे संतोष और स्थायित्व देता है। यही वह समय होता है जब वह एक सफल इंसान बनकर अपने लिए पर्याप्त जीवन यापन के साधन अर्जित करता है।

**पांचवां चरण (30 वर्ष से जीवन पर्यंत) : समाज और देश की सेवा**

जब बच्चा अब एक व्यक्ति बन चुका होता है, तब उसका कर्तव्य होता है कि वह समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करे। वह अपने अनुभव, ज्ञान और संसाधनों का उपयोग दूसरों को ऊपर उठाने के लिए करे। यही एक सच्चे नागरिक की पहचान है।


आज के दौर में हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यदि किसी बच्चे को सही समय पर ज्ञान, संस्कार, और समझ दी जाए तो वह अपने जीवन में असंभव को संभव बना सकता है। दुनिया में ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहाँ युवाओं ने कम उम्र में ही बिलेनियर और यंग एंटरप्रेन्योर बनकर मिसाल कायम की है। लेकिन इसके लिए सबसे ज़रूरी है - पालक और शिक्षक की जागरूकता।

हर बच्चे का निर्णय तभी लें जब आप उसके लिए समर्पित, जिम्मेदार और अपनी खुशी का त्याग करने को तैयार हों। क्योंकि एक बच्चा सिर्फ एक इंसान नहीं, एक संभावनाओं की दुनिया होता है।


यदि हम बच्चों के जीवन के प्रत्येक चरण में सही शिक्षा, मूल्य और कौशल का सिंचन करें, तो वे न केवल खुद के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रकाश स्तंभ बन सकते हैं। सही मार्गदर्शन और समय पर निर्णय ही बच्चों को संभव से भी आगे ले जाता है। यदि माता-पिता जीवन के पहले दो चरणों - (0 से 7 वर्ष) और (7 से 13 वर्ष) तक अपने बच्चे को पूरा समय, स्नेह, ध्यान और दिशा दें, तो समझ लीजिए कि उन्होंने बच्चे को जीवन की सबसे मजबूत नींव दे दी। यह वही समय है जब बच्चे का मन-मस्तिष्क एक कोरे कागज़ की तरह होता है - जो आप लिखेंगे, वही जीवनभर पढ़ा जाएगा। जो बीज आप बोएंगे, वही पेड़ बनेगा। यदि इन 10–12 वर्षों में माता या पिता में से कोई एक भी निरंतर भाव से बच्चे के साथ जुड़ा रहे, तो उस बच्चे को आगे चलकर जीवन में किसी भी दिशा भटकने, टूटने या असफल होने का डर नहीं होता। लेकिन यदि इस समय ध्यान नहीं दिया गया, तो जैसे किसी बग़ीचे में खरपतवार (weeds) उग आती है - वैसे ही बच्चे के मन में अवांछित सोच, आदतें और व्यवहार पनपने लगते हैं। फिर जीवनभर माता-पिता को उसी "बग़ीचे" की सफाई में लगे रहना पड़ता है - डाँटना, समझाना, रोकना, टोकना - जो कभी समय पर प्यार और समझ से दिया जा सकता था, अब वह संघर्ष और पछतावे में बदल जाता है।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बड़े अनौखे से लगे, किन्तु न समझे हाय!
'त्रिजटा' थी तो क्या हुआ, सीता बोलीं 'माय'।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# डिजिटल क्रांति बनाम पारंपरिक शिक्षा

विश्व आज तकनीकी युग की तीव्रतम रफ्तार पर दौड़ रहा है। हर देश शिक्षा को डिजिटल करने की होड़ में शामिल हो चुका है। हाल ही में स्वीडन सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक साहसी और विचारोत्तेजक निर्णय लिया है। उन्होंने डिजिटल माध्यमों की अति-निर्भरता को त्याग कर कक्षा में पाठ्यपुस्तक, पेन-पेपर और पारंपरिक शिक्षण प्रणाली की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर पुनर्विचार का आग्रह करता है, बल्कि वैश्विक संदर्भ में भारत जैसे देश को भी यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम अंधाधुंध डिजिटल दौड़ में अपनी मौलिकता, परंपरा और गुणवत्ता को कहीं खो तो नहीं रहे? स्वीडन सरकार ने यह स्वीकार किया है कि अत्यधिक डिजिटल संसाधनों के उपयोग ने छात्रों की संज्ञानात्मक क्षमता, पाठ समझने की शक्ति और भावनात्मक जुड़ाव को क्षीण किया है। इसीलिए उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शिक्षा में किताबों, हाथ से लेखन और शिक्षक-छात्र संवाद को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों का प्रयोग सीमित और आवश्यकता आधारित होना चाहिए, न कि पूर्णतया शिक्षण का माध्यम बन जाना चाहिए। यह निर्णय शिक्षा में "संवेदना की पुनर्स्थापना" की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। भारत ने भी पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल शिक्षा को तेजी से अपनाया है। स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स, एनआईओएस, डिजिटल बोर्ड, पीएम ई-विद्या, दीक्षा पोर्टल, और एनईपी-2020 के तहत आईसीटी का समावेश इन सब ने शिक्षा में आधुनिकता की एक नई तस्वीर प्रस्तुत की है। कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन शिक्षा जीवनरेखा बनी, लेकिन इसके प्रभाव और दुष्परिणाम दोनों ही देखने को मिले। आज स्थिति यह है कि छोटे बच्चों की लिखने-पढ़ने की मूल क्षमता कमजोर हो रही है कक्षा में आत्मीय संवाद की जगह रिकॉर्डिंग और स्क्रीन शेयरिंग ने ले ली है। विद्यार्थियों का ध्यान संक्षिप्त और सतही ज्ञान की ओर जा रहा है। आलोचनात्मक सोच, मनन, और सृजनात्मकता का ह्रास हो रहा है। भारत की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में 'गुरु-शिष्य परंपरा','श्रवण-मनन-निदिध्यानजैसी अवधारणाएं थीं, जो केवल ज्ञान हस्तांतरण तक सीमित नहीं थीं, बल्कि जीवन निर्माण का हिस्सा था। ऋषि-मुनियों की कक्षाएं जंगलों में वृक्षों की छांव में होती थीं, वहां कोई डिजिटल तकनीक नहीं थी, लेकिन वहाँ से चार्वाक से लेकर चाणक्य तक, आर्यभट्ट से लेकर पतंजलि तक, कौटिल्य से लेकर कालिदास तक, ऐसे विद्वान उत्पन्न हुए जिनका ज्ञान आज भी वैश्विक संदर्भों में प्रासंगिक है। शब्दों का उच्चारण, लिखित अभ्यास, ध्यान, चिंतन, तर्कशक्ति—इन सबका अभ्यास भारतीय शिक्षा का मूल था। मस्तिष्क में सवाल यह उठता है कि क्या केवल डिजिटल क्लासरूम से शिक्षा का भविष्य उज्ज्वल होगा? निश्चित ही तकनीक एक सशक्त सहायक हो सकती है, लेकिन मुख्य आधार नहीं। यदि कक्षा में शिक्षक केवल मोबाइल या लैपटॉप पर स्लाइड दिखाकर व्याख्यान कर रहा है और छात्र केवल स्क्रीन देख रहा है, तो वह संवाद, जो एक शिक्षक और छात्र के बीच आत्मा से आत्मा का सेतु बनाता है, समाप्त हो जाएगा और यह देखा भी जा रहा है। छात्र अपने शिक्षकों का आदर करना भूल गए हैं। अगर पारंपरिक व्यवस्था को संजोया जाए तो हाथ से लिखना मस्तिष्क की सक्रियता को बढ़ाता है। शब्दों का उच्चारण, अभ्यास और संवाद से स्मृति पक्की होती है। आँखों का एक सीधा संवाद, शिक्षक की भाव-भंगिमा, उदाहरणों की जीवंतता ये सभी डिजिटल माध्यम में लुप्त हो जाते हैं।

एनईपी-2020 डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देती है, लेकिन साथ ही "लोकलाइज्ड पेडागॉजी", "फाउंडेशनल लर्निंग", "मल्टीमोडल लर्निंग" की बात भी करती है। यदि हम इस नीति को सही ढंग से व्याख्यायित करें, तो यह तकनीक और पारंपरिक मूल्यों के संतुलन की वकालत करती है, न कि केवल तकनीक आधारित शिक्षा की। तो फिर सवाल यह उठता है कि आखिर हम क्या करें! मेरा सुझाव है कि डिजिटल और पारंपरिक शिक्षा के बीच संतुलन साधें। स्मार्ट बोर्ड के साथ ब्लैकबोर्ड का भी प्रयोग करें। ई-कंटेंट के साथ पुस्तकों का पुनरागमन भी सुनिश्चित करें। प्रोजेक्ट के साथ हैंडराइटिंग अभ्यास को भी अनिवार्य करें। प्राथमिक शिक्षा में डिजिटल को सीमित करें। छोटे बच्चों को टैब, मोबाइल और आधुनिक गैजेट से दूर रखें। कहानियों, चित्रों, कलात्मक तरीकों, नाटकों, शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाना प्रभावी रहेगा। शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग का सीमित उपयोग करना चाहिए। शिक्षक अपनी अनुभूति से पढ़ाएं, न कि यूट्यूब या प्रेजेंटेशन से। 'प्रश्नोत्तर संवाद' को पुनर्जीवित करें। विद्यार्थियों में श्रवण शक्ति, लेखन शक्ति, संवाद शक्ति को विकसित करने को लेकर विचार करें। वाद-विवाद, निबंध, पत्र लेखन की नियमित प्रतियोगिता कराएं। हस्तलिखित नोट्स की अनिवार्यता सुनिश्चित करें। इस ओर अगर हम देखें तो स्वीडन सरकार का निर्णय आज पूरे विश्व के लिए एक आईना है। यह सिर्फ किताबों की वापसी नहीं है, यह मानवता की वापसी है, शिक्षा में संवेदना की वापसी है। भारत को भी यह समझने की आवश्यकता है कि तकनीक सुविधा है, समाधान नहीं। शिक्षा केवल सूचना नहीं है। यह संस्कार है, संवाद है, सृजन है। सहिष्णुता है। यदि हमें भारत को ज्ञान की वैश्विक राजधानी बनाना है, तो हमें अपने ऋषि-परंपरा के मूल्यों के साथ समकालीन तकनीक का संतुलन साधना होगा। डिजिटल पथ पर चलें, परंतु हाथों में कलम और हृदय में गुरु की बातों की गूंज बनी रहे। यह सुनिश्चित करना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 3 लाख 83 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने की अमरनाथ यात्रा

- सेना द्वारा 8,000 से अधिक विशेष कमांडो तैनात
- यात्रा दो मार्गों से: पहलगाम (46 किमी) और बालटाल (14 किमी)
- पहलगाम मार्ग से यात्रा में लगते हैं चार दिन
- बालटाल मार्ग पर दर्शन कर उसी दिन लौट सकते हैं



### यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू

पवित्र गुफा मंदिर की ओर छड़ी मुबारक की अंतिम यात्रा 4 अगस्त को शुरू होगी। 'छड़ी मुबारक' को पारंपरिक रूप से श्रीनगर शहर के बुद्धशाह चौक क्षेत्र में दशनामी अखाड़ा भवन में अमरेश्वर मंदिर के अंदर रखा जाता है। छड़ी मुबारक की यात्रा ही अमरनाथ यात्रा के स्थलों का निर्धारण करती है। यह 4 अगस्त को श्रीनगर के अमरेश्वर मंदिर से अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगी और 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुँचेगी, जो यात्रा का आधिकारिक समापन होगा। अपने मुख्य स्थान से पवित्र गुफा मंदिर तक की यात्रा के दौरान, छड़ी मुबारक के अपने अंतिम गंतव्य, पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने से पहले, रास्ते में पंपोर, बिजबेहरा, मट्टन और पहलगाम में पारंपरिक पूजा आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए व्यापक बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है, क्योंकि यह यात्रा 22 अप्रैल के कायराना पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने बैसरन मैदान में 26 निहत्थे लोगों की हत्या कर दी थी।

**एजेंसी। श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा में अब तक 3.83 लाख से अधिक तीर्थयात्री शामिल हो चुके हैं। इस वार्षिक तीर्थयात्रा के समापन में अब 12 दिन शेष रह गए हैं। इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा में अत्यधिक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुचारू वातावरण में हो रही है। श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 1,490 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से दो सुरक्षा काफिलों में कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इनमें से, 327 तीर्थयात्रियों को लेकर 16 वाहनों का पहला काफिला सुबह 3.25 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 1,163 यात्रियों को लेकर 45 वाहनों का दूसरा काफिला सुबह 3.57 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। इस दिन, 'नाग पंचमी' के अवसर पर, श्रीनगर के अमरेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पवित्र छड़ी (छड़ी मुबारक) का 'छड़ी पूजन' मनाया जा रहा है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा संख्या बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियाँ तैनात की गई हैं। सेना ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 8,000 से ज्यादा विशेष कमांडो तैनात किए हैं। यह यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी। यात्री कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक या तो पारंपरिक पहलगाम मार्ग से या छोटे बालटाल मार्ग से पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं, और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में बोले राजनाथ सिंह

# जल्द ही पीओके के लोग भारतीय शासन व्यवस्था के हिस्सा होंगे

- **विपक्ष ने पीओके पर क जे की बात उठाई :** रक्षा मंत्री ने सवाल खड़े किए
- **राजनाथ सिंह ने विपक्ष की मंशा पर जताया संदेह :** मन की बात या दिखावा?
- **भाजपा का पुराना स्टैंड :** पीओके का भारत में विलय निश्चित
- **पूर्व सरकारें आतंकी हमलों पर पाकिस्तान से डरती थीं :** परमाणु भय का हवाला
- **आज भारत आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई कर रहा है :** राजनाथ सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे विपक्ष के कुछ मित्र यह भी कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके पर कब्जा कर लेना चाहिए था। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसे लेकर उन्हें हैरानी होती है कि विपक्ष के सदस्य अपने मन की बात कह रहे हैं या सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, "जब मैं विपक्ष के अपने साथियों से यह बातें सुनता हूं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग मन से यह बातें कर रहे हैं या फिर सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। जो भी हो, हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और खुद मेरा भी यह स्टैंड रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब पीओके के लोगों को भारतीय शासन व्यवस्था का अंग बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब विपक्ष के हमारे मित्र देश की शासन व्यवस्था चला रहे थे, तो उन्होंने और उनके पॉलिटिकल सीनियर्स ने भारत में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उन्हें डर था कि पाकिस्तान एक परमाणु हथियार वाला देश है। उन्होंने कहा, ''आज जब हम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, तो मुझे इस अंधेरे और पावर हाउस वाली बाप-बेटे की कहानी याद आ रही है। आज जब वे देश के अलग-अलग हिस्से में जाते हैं, तो उन्हें भारत की जनता का, भारतीय जनता पार्टी के इस विजन के प्रति अटूट विश्वास दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर विपक्ष क्या चाहता है, यह अभी भी समझ के बाहर है। जब आप सत्ता में थे तो आपकी नीति पैरालिसिस ने देश को नुकसान पहुंचाया और आज जब आप विपक्ष में हैं तो आपकी पॉलिसी बैंकरप्सी देश के लिए और लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। जब हम आतंकवाद के खतरे से मुक्त होंगे, तभी हम पूरी दुनिया में सही मायनों में शांति और प्रगति के साथ-साथ समृद्धि के लक्ष्य की तरफ बढ़ सकेंगे। यह सब तो पाकिस्तान की आम जनता भी चाहती है, मगर वहां के हुक्मरानों ने पाकिस्तान को तबाही के रास्ते पर डाला हुआ है। कोई भी इंसान अपनी जड़ों को उजाड़ना नहीं चाहता, लेकिन चूँकि उनके पास कोई स्पष्ट दिशा नहीं है, कोई रोडमैप नहीं है, इसलिए पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन चुका है।

### पीओके को लेकर विपक्ष पर तीखा राजनीतिक व्यंग्य

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की कहानी ऐसी ही है. वह हमेशा किसी न किसी बाहरी शक्ति के दबाव



में आता रहता है। आज पाकिस्तान की पीठ पर एक नहीं, अनेक बेताल बैठे हुए हैं, जो उसे प्रगति की राह पर जाने ही नहीं दे रहे। भारत चाहता है कि आतंकवाद पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से खत्म हो, क्योंकि यह पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा, 'आज विपक्ष के हमारे साथियों का पीओके प्रेम देखकर मुझे एक गजल भी याद आ रही है, जिसका एक शब्द बदलकर मैं सुना रहा हूं। पीओके लुटने का सबब, पूछो न सबके सामने, नाम आएगा तुम्हारा, ये कहानी फिर सही। रक्षा मंत्री ने कहा कि देर से ही सही, अगर विपक्ष के हमारे साथियों को सद्बुद्धि आई है, तो मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि यदि देश की जनता का आशीर्वाद रहा और ईश्वर की इच्छा रही, तो वह दिन दूर नहीं जब पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों की भी घर वापसी होगी। मुझे विपक्ष के अपने साथियों की इस मांग पर इसलिए आश्चर्य हो रहा है क्योंकि विपक्ष में जो लोग आज बैठे हैं, जब उनकी सरकार थी, तो इन्होंने जो काम किया, वह आज की मांग के ठीक विपरीत है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का रहने वाला हूं, बनारस का रहने वाला हूं, और हमारी तरफ एक कहावत है कि 'बाप मरा अंधियारे मा, बेटवा क नाम पावर हाउस। यानी बाप जीवन भर अंधेरे में रहा और बेटे ने अपना नाम पावर हाउस रख लिया है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों सरकार ने बीच में रोका? गृह मंत्री ने सदन को बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे की वजह बताई। लोकसभा को बताया कि आतंकवादियों को जवाब देने के लिए भारत पड़ोसी देश में 100 किलोमीटर अंदर गया। वहां जाकर 9 अड्डों और 100 से अधिक आतंकियों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। गृह मंत्री ने 'संघर्ष विराम' पर उठते सवालों का भी जवाब दिया। विपक्ष ने सवाल उठाया कि हम अच्छी स्थिति में थे, तो फिर युद्ध क्यों नहीं किया? अमित शाह ने जवाब दिया, "युद्ध के कई परिणाम होते हैं। युद्ध सोच समझकर करना पड़ता है। गृह मंत्री ने कांग्रेस को 1948 के युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस समय लड़ाई निर्णायक पड़ाव पर थी, लेकिन जवाहर लाल नेहरू ने एकतरफा युद्धविराम किया। इसी युद्धविराम के कारण पीओके अस्तित्व में है। इसके जिम्मेदार जवाहर लाल नेहरू हैं। अमित शाह ने सिंधु जल संधि के फैसले की याद दिलाई, जिसमें 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दिया गया था। उन्होंने 1965 में जीते हाजी पीर को वापस लौटाने और 1971 की जीत के बाद शिमला समझौते में पीओके को नहीं मांगने पर कांग्रेस को घेरा। गृह मंत्री ने "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। इन हमलों में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया, सिर्फ आतंकवादी इस हमले में मारे गए। बहावलपुर में मरकज शुभानअल्लाह, मुरीदके में मरकज तैयबा, सियालकोट में मेहमूना जोया कैंप और सरजल कैंप, मुजफ्फराबाद में सवाईनाला और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर और अब्बास कैंप के साथ बरनाला कैंप भीमबर को भारतीय सेना ने टारगेट किया। अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने खुद गलतियां कीं। भारत ने आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे अपने ऊपर हमला माना। आतंकवादियों के जनाजे को पाकिस्तान की सेना ने कंधा दिया, लेकिन वे भूल गए थे कि यह सब पूरी दुनिया देखेगी।



### सीजफायर पर अखिलेश का सवाल सरकार दबाव में क्यों?

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा की। साथ ही, अखिलेश यादव ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा और 'संघर्ष विराम' जैसे विषयों पर सवाल खड़े किए। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अखिलेश यादव ने भारतीय सेना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि सेना ने अपना ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया। सपा प्रमुख ने लोकसभा में कहा, "दुनिया की साहसी फौजों की गिनती में हमारी सेना सबसे आगे दिखाई देगी। हमें सेना के पराक्रम, वीरता और अदम्य शौर्य पर गर्व है।




### क्रिकेट नहीं पाक चाहिए, गोली और गेंद साथ नहीं चल सकते: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम समझौते के लिए कौन ज़िम्मेदार था और किन परिस्थितियों में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध क्यों जारी हैं। उन्होंने कहा कि गोली और गेंद एक साथ नहीं चल सकते।" एएनआई से बात करते हुए, तिवारी ने कहा कि मैं किसी का नाम नहीं लूँगा, लेकिन एक बात स्पष्ट रूप से कहूँगा कि ऑपरेशन सिंदूर या संसद में किसी भी अन्य मुद्दे को लेकर कांग्रेस में कोई विरोधाभास नहीं है। हमारी बात स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि संघर्ष विराम के लिए कौन ज़िम्मेदार था। उन्हें ट्रंप द्वारा 28 बार किए गए दावों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। पहलगाम में हुई 26 मौतों के लिए कौन ज़िम्मेदार है? उन्होंने सरकार द्वारा स्थिति से निपटने पर सवाल उठाते हुए कहा कि किन परिस्थितियों में हम पीछे हटे?

# एसआईआर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, 12-13 को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 12 और 13 अगस्त को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के भारत निर्वाचन आयोग के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की इस आशंका पर कि 1 अगस्त को मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद कुछ लोगों के नाम सूची से छूट गए हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम एक न्यायिक प्राधिकारी के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर लोगों को बाहर रखा गया है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सामूहिक बहिष्कार के बजाय सामूहिक समावेश होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से आधार और मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज़ स्वीकार करना जारी रखने को भी कहा। दोनों दस्तावेज़ों की वास्तविकता की धारणा पर ज़ोर देते हुए, शीर्ष अदालत ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है, जबकि विपक्ष का दावा है कि इस प्रक्रिया से करोड़ों पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सांसदों ने संसद भवन परिसर में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन का विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।



### किस मजबूरी में पाकिस्तान-आतंकवाद के आगे झुकी कांग्रेस?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी और सीमा पार आतंकवाद को रोकने के उसके प्रयासों पर निशाना साधते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर बार-बार आत्मसमर्पण करने और आतंकवाद विरोधी प्रयासों पर समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का हवाला दिया और पूछा कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस क्यों नहीं लिया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने इतिहास में कई आत्मसमर्पण और 'बवंडर' देखे हैं। 1971 के युद्ध में 93 हज़ार पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने के लिए कहा गया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने पीओके वापस नहीं लिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# असम के लिए कलंक, किसी भी समय छोड़ सकते हैं देश, सीएम

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए जोरहाट के सांसद गौरव गोगोई के भाषण को लेकर उन पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान की ओर से काम कर रहे हैं और राज्य के लिए अपमानजनक हैं। सरमा ने कांग्रेस नेता गोगोई के पाकिस्तान से कथित संबंधों के दावे को भी दोहराया और कहा कि गोगोई अपनी पत्नी के विदेशी नागरिकता के साथ किसी भी समय भारत छोड़ सकते हैं। गोगोई का नाम लिए बिना, सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, "कल संसद में जोरहाट से हमारे सांसद द्वारा दिए गए भाषण से यह संदेह से परे साबित हो गया कि वह पाकिस्तान की ओर से काम करते हैं। उनकी गुप्त यात्रा और पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के साथ घनिष्ठ संबंध बहुत कुछ कहते हैं।" गोगोई को असम के लिए कलंक और राज्य के गौरव के साथ विश्वासघात बताते हुए, सरमा ने कहा, "उनकी पत्नी और दोनों बच्चों के पास विदेशी नागरिकता होने के कारण, वह कभी भी भारत छोड़ सकते हैं। वह असम के लिए कलंक हैं और एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में हमारे गौरव के साथ विश्वासघात हैं। कल लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार इस दावे को लेकर केंद्र पर निशाना साधा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त करने में मध्यस्थता की थी। लोकसभा में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत का सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस में भाग लेते हुए।

# उप्र में 105 प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उप्र सरकार के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें कम नामांकन वाले 105 प्राथमिक स्कूलों को बंद करने व 3 किलोमीटर के दायरे में नजदीकी स्कूलों में विलय करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय अप्रयुक्त स्कूलों को समेकित करने की नीति के तहत लिया गया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय सिंह ने उप्र सरकार के इस कदम को मनमाना, असंवैधानिक व बच्चों को मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 के खिलाफ बताया है। उनकी याचिका में 16 जून के सरकारी आदेश व 24 जून को जारी की गई परिणामी सूची को चुनौती दी गई है, जिसमें पेयरिंग स्कूलों की पहचान की गई है।याचिका के अनुसार, कार्यरत पड़ोस के स्कूलों को बिना किसी वैधानिक आधार के बंद कर दिया गया है और उनका विलय कर दिया गया है, जिससे बच्चों, विशेष रूप से हाशिए की पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को संविधान के अनुच्छेद 21ए (6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) का उल्लंघन करते हुए अनुचित दूरी तय करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। याचिका में तर्क दिया गया है कि उप्र आरटीई नियमावली के नियम 4(1)(ए) के साथ आरटीई अधिनियम की धारा 6 के अनुसार, कम से कम 300 की आबादी वाली बस्तियों के एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध होना आवश्यक है। नियम 4(2) के तहत अपवाद केवल तभी विचलन की अनुमति देते हैं, जब परिवहन या आवासीय सुविधाओं जैसे प्रतिपूरक उपाय प्रदान किए जाते हैं, जो याचिका में कहा गया है कि उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।संजय सिंह के अनुसार, इस नीति में विधायी मंजूरी का अभाव है तथा इसमें आरटीई अधिनियम की धारा 21 के तहत स्कूल प्रबंधन समितियों के साथ अनिवार्य परामर्श की भी अनदेखी की गई है।याचिका में दावा किया गया है कि यह निर्णय शैक्षणिक वर्ष के मध्य में बिना किसी सार्वजनिक सूचना, हितधारकों की राय या एकसमान मानदंड के लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कक्षाओं में भीड़भाड़, बुनियादी ढांचे में कमी और पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने की समस्या उत्पन्न हो गई।याचिका में आगे कहा गया है कि विकलांग बच्चे, लड़कियां, और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चे असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। सिंह ने तर्क दिया है कि कई परिवारों ने सुरक्षा चिंताओं और रसद संबंधी कठिनाइयों के कारण अपने बच्चों को वापस बुला लिया है, विशेषकर जहां स्कूल अब राजमार्गों, नदियों या जंगलों के पार स्थित हैं। सांसद संजय सिंह का कहना है कि 16 जून का आदेश कई संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने के अलावा, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीआरसी) के तहत भारत के दायित्वों के भी विपरीत है।

**राज्यसभा हंगामा** | ऑपरेशन सिंदूर बहस में सरकार-विपक्ष के बीच तीखी तकरार

# राज्यसभा में खड़गे पर 'मानसिक संतुलन खोने' का आरोप

- **नड्डा ने खड़गे पर भावनाओं में बह जाने का आरोप लगाया**

**एजेंसी। पटना**

मंगलवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। संसद के उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष बहस के दौरान बोलते हुए, नड्डा ने 83 वर्षीय खड़गे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विवादास्पद शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि वह (राज्यसभा नेता मल्लिकार्जुन खड़गे) बहुत वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की। मैं उनका दर्द समझ सकता हूँ। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहाँ हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। लेकिन आपको अपनी पार्टी से इतना प्यार है कि आप अपना मानसिक संतुलन खोकर इतनी पीड़ा में हैं, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें। हालांकि, विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से माफी मांगी और अपनी टिप्पणी वापस ले ली। नड्डा के बयान के बाद खड़गे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूँ। नड्डा जी उनमें से एक हैं। राजनाथ जी और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वह आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला। इसके बाद नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस ले लिए। अगर आपको ठेस पहुँची हो तो मैं क्षमा चाहता हूँ। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बहक गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश और इस सदन के साथ, मैं (पहलगाम में) हुए बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को लगातार दिए जा रहे समर्थन की निंदा करता हूं।



### खड़गे ने पहलगाम हमले पर केंद्र से जवाब मांगा

खड़गे ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान ऊपरी सदन में बोलते हुए पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में केंद्र से सवाल किया। खड़गे ने सबसे पहले कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं उनके परिवारों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं कहना चाहूंगा - मेहंदी वाले हाथों ने पति की लाश उठाई है, बेबस रोते बच्चों ने पापा की जान गंवाई है, अश्रु भरे लाचार खादी बेबस नारी को देखा है, पहलगाम घाटी में हमने अपनों को मरते देखा है।




# 'हमारे पास एक आखिरी मौका',

## पांचवें टेस्ट से पहले गौतम गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश

**लंदन।** एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज का चौथा टेस्ट बेहद रोमांचक रहा, जो आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 31 जुलाई से दोनों देश पांचवां टेस्ट खेलेंगे, जिससे पहले भारतीय टीम ने मंगलवार को लंदन स्थित 'भारतीय उच्चायोग' का दौरा किया। इस दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिसमें आत्मचिंतन, गर्व और संकल्प की भावना देखने को मिली। सभी ने यूके दौरे पर मिले अटूट समर्थन के लिए आभार जताया। हेड कोच गौतम गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व और सीरीज की इंटेंसिटी पर प्रकाश डाला। गंभीर ने कहा, "इंग्लैंड का दौरा हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमने हर बार ब्रिटेन दौरे पर मिले समर्थन की सराहना की है।" इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में 2-1 से लीड बना ली, जिसके बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा।

गौतम गंभीर ने कहा, "पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए बेहद रोमांचक रहे। मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है। दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया।" भारत के पास अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म करने का मौका है। आखिरी टेस्ट को लेकर गंभीर ने एकजुट प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा, "हमारे पास एक हफ्ता और है। एक आखिरी कोशिश करनी है। यह अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका है। जय हिंद।"

# तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है : गौतम गंभीर

**एजेंसी। लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज काफी रोमांचक हो चली है। इस सीरीज के 4 मुकाबले खत्म होने के बाद इंग्लैंड की टीम 2-1 से आगे है। वहीं इस सीरीज के आखिरी मैच में टीम इंडिया सीरीज बचाने के लिए इंग्लैंड का सामना करेगी। हालांकि इस मैच से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर मंगलवार को ओवल के चीफ क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस में उलझ गए। खबरों के अनुसार गंभीर को ग्राउंड स्टाफ पर उंगली उठाते हुए यह कहते हुए सुना गया, 'आप हमें यह नहीं बताएंगे कि हमें क्या करने की जरूरत है।'




### सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि गंभीर क्यूरेटर के साथ बहस कर रहे हैं। भारत के बैटिंग कोच सितांशु कोटक को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने स्थिति को शांत किया। फोर्टिस ने गंभीर से कहा, 'मुझे इसकी रिपोर्ट करनी होगी।' इस पर भारतीय हेड कोच ने तीखे स्वर में जवाब दिया, 'आप जाकर जो चाहें रिपोर्ट कर सकते हैं।' कोटक ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और क्यूरेटर को एक अलग कोने में ले जाकर कहा, 'हम कुछ भी नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।'




### हमें मत बताइए क्या करना है: गंभीर

वीडियो में देखने पर पता चल रहा है कि गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच रयान टेन डोशेट जैसे अन्य भारतीय सहयोगी स्टाफ भी इस बहस को ध्यान से सुनते हुए दिखाई दिए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि दोनों के बीच बहस क्यों हुई, लेकिन गंभीर और फोर्टिस अभ्यास के लिए पिचों की स्थिति को लेकर बहस करते दिखाई दिए। हालांकि, गंभीर ने फिर से फोर्टिस से कहा कि उन्हें यह नहीं बताना चाहिए

### क्यूरेटर ने मीडिया से क्या कहा?

इसके बाद फोर्टिस और गंभीर अपने-अपने रास्ते चले गए और भारतीय कोच नेट सत्र की देखरेख के लिए वापस लौट आए। बाद में मैदान से अपने कमरे की ओर जाते हुए फोर्टिस ने बाद में मीडिया से कहा- यह एक बड़ा मैच है और वह (गंभीर) थोड़ा चिड़चिड़े हैं। इस बीच मैनचेस्टर टेस्ट में अर्धशतक और शून्य बनाने वाले साई सुदर्शन अभ्यास के लिए मैदान पर सबसे पहले पहुंचे, जहां बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी कड़ी मेहनत करते हुए दिखाई दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी मोर्केल की निगरानी में गेंदबाजी करते नजर आए।

## सौरव गांगुली ने पंत की सराहना की

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में शानदार और साहसिक प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की प्रशंसा की। हालांकि, 27 वर्षीय पंत के पैर में फ्रैक्चर के कारण वह निर्णायक अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पंत इस दौरे पर भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में दो शतक और लॉर्ड्स टेस्ट में हाथ में चोट लगने के बावजूद 74 रनों की साहसिक पारी शामिल है। उनकी फॉर्म और दृढ़ता भारत के अभियान की एक अहम विशेषता बन गई, क्योंकि उन्होंने पांच मैचों की सीरीज बराबर करने के लिए संघर्ष किया, जिसमें वर्तमान में इंग्लैंड 2-1 से आगे है।

# वानखेड़े स्टेडियम से 6.52 लाख की आईपीएल जर्सी चोरी, एफआईआर दर्ज




### जुए की लत में की चोरी

यह घटना मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम स्थित BCCI ऑफिस में हुई। पुलिस के अनुसार, फारूक असलम खान नाम के सुरक्षा गार्ड ने IPL 2025 की 261 जर्सी चुराईं। प्रत्येक जर्सी की कीमत लगभग 2,500 रुपये थी, इस तरह कुल 6.52 लाख रुपये की जर्सी चोरी हुई। पुलिस ने बताया कि खान को ऑनलाइन जुए की लत थी। इस लत को पूरा करने के लिए उसने जर्सी चुराईं और उन्हें हरियाणा के एक ऑनलाइन जर्सी डीलर को बेच दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये जर्सी खिलाड़ियों के लिए थीं या आम लोगों के लिए।

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस ने वानखेड़े स्टेडियम में स्थित बीसीसीआई के आधिकारिक मर्चेंडाइज स्टोर से 6.52 लाख रुपए की 261 आईपीएल जर्सी चोरी करने के आरोप में सुरक्षा प्रबंधक फारुख असलम खान (46) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 306 के तहत की गई है। पुलिस के अनुसार, बीसीसीआई कर्मचारी हेमंग भारत कुमार अमीन (44) ने शिकायत दर्ज कराई। अमीन ने आरोप लगाया कि फारुख ने स्टोर में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी आईपीएल टीमों की आधिकारिक जर्सी चुराईं। चोरी की गई 261 जर्सी की कुल कीमत 6,52,500 रुपये बताई गई है। मरीन ड्राइव पुलिस ने अमीन की शिकायत के आधार पर तुरंत जांच शुरू की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की मदद से घटना की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। साथ ही, चोरी का माल बरामद करने के लिए भी प्रयास जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि फारुख पर चोरी का आरोप गंभीर है और जांच में सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। इस घटना के बाद वानखेड़े स्टेडियम जैसे प्रतिष्ठित स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बीसीसीआई का मर्चेंडाइज स्टोर दूसरी मंजिल पर स्थित है और यह प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

## आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग
# एक पायदान नीचे फिसलीं मंधाना

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम करने के बावजूद, भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर आ गईं। वहीं, इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट एक बार फिर टॉप पायदान अपने नाम कर चुकी हैं। नैट साइवर-ब्रंट ने सीरीज के अंतिम मैच में 105 गेंदों पर 98 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिससे उन्हें जबरदस्त फायदा हुआ। साइवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में 53.33 की औसत के साथ 160 रन बनाए। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं, जबकि स्मृति मंधाना तीन मैचों में 38.33 की औसत के साथ 115 रन बना सकीं।,हालांकि, रैंकिंग अपडेट होने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को फायदा मिला, जो मध्यक्रम में अपने संयमित योगदान की बदौलत 10 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें पायदान पर पहुंच गईं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स भी दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन ने वनडे गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर दूसरे पायदान पर बनी हुई हैं।



# भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने उज्जैन में श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन किए

**उज्जैन।** इंडियन क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन किए और भस्म आरती में भी शामिल हुए। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसके सबसे निचले हिस्से में महाकालेश्वर, बीच में ओंकारेश्वर और सबसे ऊपर नागचंद्रेश्वर के लिंग स्थापित हैं। तीर्थयात्री और दर्शनार्थी केवल नाग पंचमी के पर्व पर ही नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर सकते हैं। हजारों भक्त भस्म आरती और जलाभिषेक के लिए इकट्ठा होते हैं, जहां घंटियों की आवाज के साथ भक्तिपूर्ण मंत्र गूंजते हैं। श्रावण (सावन) सभी महीनों में सबसे शुभ माना जाता है। तमिल धर्मग्रंथों में इसे अवानी कहा जाता है और यह सौर वर्ष का पांचवां महीना है। इस दौरान प्रत्येक दिन भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ होता है और भक्त आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए शिव मंदिरों में पूजा और वैदिक अनुष्ठान करते हैं। यादव ने 2010 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। 141 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, उन्होंने 31.62 की औसत से 288 विकेट लिए हैं, जिसमें 88 रन देकर 6 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए चन्द्रेश बजाज

- रियल एस्टेट क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा रमादा होटल के सफल संचालन के लिए मिला सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शाकंबरी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची के निदेशक पवन बजाज के पुत्र चन्द्रेश बजाज को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा वर्तमान सांसद नारायण राणे तथा बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिहार और झारखंड में शाकंबरी ग्रुप द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र में किए गए विश्वसनीय और उल्लेखनीय कार्य तथा उत्कृष्ट शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराने वाली रमादा होटल की रांची शाखा के सफल संचालन के लिए दिया गया।

गौरतलब है कि रमादा की विश्वभर में 9000 से अधिक शाखाएं हैं, परंतु रांची स्थित रमादा होटल, जिसे पवन बजाज ने स्थापित किया है, झारखंड का पहला पूर्णतः शाकाहारी रमादा होटल है, जो अपनी गुणवत्ता, स्वाद और सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। विदित हो कि शाकंबरी ग्रुप के संस्थापक पवन बजाज को वर्ष 1996 में इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती की स्मृति में, उनके कार्यक्षेत्र में दिए गए महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया था। इस प्रकार यह उपलब्धियां न केवल रांची और झारखंड बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए गर्व का विषय हैं।

## चीन को पछाड़ भारत बना अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट का हिस्सा 2024 की दूसरी तिमाही के 61 प्रतिशत से घटकर 2025 की दूसरी तिमाही में 25 प्रतिशत रह गया है और इस गिरावट का अधिकांश हिस्सा भारत ने हासिल किया। रिसर्च फर्म कैनालिस के अनुसार, "मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन की कुल मात्रा में सालाना आधार पर 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह अब अमेरिका में आयातित स्मार्टफोन का 44 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि 2024 की दूसरी तिमाही में यह केवल 13 प्रतिशत था।" कैनालिस के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, "भारत 2025 की दूसरी तिमाही में पहली बार अमेरिका में बिकने वाले स्मार्टफोन का लीडिंग मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है, जिसकी मुख्य वजह अमेरिका और चीन के बीच अनिश्चित व्यापार परिदृश्य के बीच एप्पल का तेजी से भारत में सप्लाई चेन शिफ्ट है।"

## 32,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड बिक्री के लिए 1 अगस्त को होंगे उपलब्ध

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 1 अगस्त को मुंबई में आयोजित की जाने वाली नीलामी के माध्यम से दो लॉट में 32,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड बेचे जाएंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पहले लॉट में 16,000 करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि के लिए '6.68 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2040' शामिल है, जबकि दूसरे लॉट में 16,000 करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि के लिए '6.90 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2065' शामिल है। दोनों लॉट मल्टीपल प्राइस मेथड का इस्तेमाल कर मूल्य-आधारित नीलामी के माध्यम से बेचे जाएंगे। बयान के अनुसार, भारत सरकार के पास बताई गई प्रत्येक प्रतिभूति के लिए 2,000 करोड़ रुपए तक का एडिशनल सब्सक्रिप्शन रखने का विकल्प होगा।

# भारत में काम करने वाली ईएंडपी कंपनियों ने वर्ष 2015 से 172 हाइड्रोकार्बन क्षेत्र खोजे : हरदीप पुरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को संसद को बताया कि भारत में तेल और गैस की खोज में नए सिरे से उछाल आ रहा है, जिसके तहत 2022 में लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर के पूर्व 'नो-गो' अपतटीय क्षेत्रों को खोला गया।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "इस कदम से विशेष रूप से अंडमान-निकोबार (एएन) अपतटीय बेसिन जैसे गहरे पानी और सीमांत क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अन्वेषण क्षेत्र खुल गए हैं। साथ ही, अपतटीय अन्वेषण गतिविधि में तेजी आई है।"

उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से भारत में कार्यरत अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) कंपनियों ने 172 हाइड्रोकार्बन क्षेत्र खोजे हैं, जिनमें 62 अपतटीय क्षेत्रों में हैं।

उन्होंने बंगाल-अराकान तलछट प्रणाली के अंतर्गत अंडमान और निकोबार अपतटीय बेसिन के भूवैज्ञानिक महत्व को बताया, जो इस बेसिन के जंक्शन पर स्थित है।

उन्होंने कहा कि भारतीय और बर्मी प्लेटों की सीमा पर स्थित टेक्टोनिक सेटिंग ने कई स्ट्रेटीग्राफिक ट्रैप्स (भूगर्भीय संरचना जो तेल या गैस को रोकती है, जिससे यह एक जलाशय में जमा हो जाता है) का निर्माण किया है, जो हाइड्रोकार्बन संचय के लिए अनुकूल हैं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि ओएनजीसी ने 20 ब्लॉक में हाइड्रोकार्बन खोजें की हैं, जिनमें अनुमानित 75 मिलियन मीट्रिक टन तेल समतुल्य (एमएमटीओई) भंडार है। ऑयल इंडिया लिमिटेड ने पिछले चार वर्षों में सात तेल और गैस स्त्रोतों की खोज की है, जिनमें अनुमानित 9.8 मिलियन बैरल तेल और 2,706.3 मिलियन मानक घन मीटर गैस भंडार है।

हाइड्रोकार्बन रिसोर्स असेस्मेंट स्टडी (एचआरएएस) 2017 का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की हाइड्रोकार्बन क्षमता 371 एमएमटीओई आंकी गई थी। उन्होंने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अपतटीय क्षेत्र सहित भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र के लगभग 80,000 लाइन किलोमीटर को कवर करने वाला एक 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय सर्वेक्षण 2024 में पूरा हो गया है।

## ब्लैक मनी : सरकार ने 10 वर्षों में 35,104 करोड़ रुपए की कर मांग और जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने 1 जुलाई, 2015 से 31 मार्च, 2025 के दौरान काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत किए गए आकलन के परिणामस्वरूप 21,719 करोड़ रुपए की कर मांग उठाई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए जुर्माने के कारण 13,385 करोड़ रुपए की मांग 31 मार्च, 2025 तक की गई है। उन्होंने कहा, "1 जून 2015 से 31 मार्च 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कर, जुर्माना और ब्याज की मांग के विरुद्ध 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। हालांकि, क्योंकि संग्रह विशिष्ट देशों या विदेशी होल्डिंग्स के प्रकारों से संबंधित नहीं हैं, इसलिए स्विस जमा या विदेशी खातों से संबंधित वसूली के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।" इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 31 मार्च, 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं। इस प्रकार की जांच क्षेत्राधिकार प्राधिकारियों द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है। राज्य मंत्री के अनुसार, अघोषित विदेशी आय या संपत्ति के मामलों में उत्पन्न कर की मांग कई क्षेत्राधिकारों से संबंधित हो सकती है और ऐसी मांग का देश-वार विभाजन केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

# कुंदा में विशेष राजस्व शिविर आयोजित भूमि मामलों का हुआ समाधान



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** उपायुक्त के निदेशानुसार भुर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह के नेतृत्व में अंचल कार्यालय में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जमीन संबंधी कई कार्यों का समाधान किया गया, जिससे लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद मिली। शिविर में जमीन का म्यूटेशन, जमीन के कागजात की जांच, और अन्य जमीन संबंधी कार्यों का समाधान किया गया। अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद करना है। शिविर के आयोजन से लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े। शिविर में ही उनके कार्यों का समाधान किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली है। अंचलाधिकारी ने बताया कि इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए सुविधा मिल सके।

# डिजिटल अरेस्ट कर 3.9 लाख की ठगी, साइबर अपराधी गिरफ्तार

- फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल करके धमकाया

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के टोरी रेलवे स्टेशन के रेलवे कर्मचारी से डिजिटल अरेस्ट कर 3.9 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी सुरेंद्र खोजा राजस्थान के निंबी जोधा, कुचामन का रहने वाला है। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से साइबर ठगी में उपयोग किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित रेलवे कर्मी रविशंकर केसरी को एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट करके 3,90,000 रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले में साइबर थाना कांड संख्या 01/25 दर्ज किया गया था। पुलिस ने टेक्निकल सेल और साइबर पदाधिकारी की मदद से साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। डीएसपी ने आगे बताया कि साइबर अपराधी सुरेंद्र खोजा ने एक लाख रुपए अपने अकाउंट 1102110120073619 में जमा कराए थे। शेष तीन अन्य अकाउंट में दो लाख 90 हजार रुपए ट्रांसफर कराया था। उन्होंने आगे बताया कि 12 दिसंबर 2024 को अज्ञात नंबर से टेलीकॉम विभाग के पदाधिकारी बनकर पीड़ित से संपर्क किया गया। उसे बताया गया कि दिल्ली में उसके नाम से अवैध सिम लिया गया है और अपराध किया जा रहा है. फिर उसे दिल्ली पुलिस से जोड़ा गया और बताया गया कि उस पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी केस चल रहा है। इसके बाद फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल करके धमकाया गया। 10 मिनट के भीतर पूरे परिवार को जेल भेज देने की बात कह कर डिजिटल अरेस्ट किया गया। इस छापेमारी अभियान में साइबर थाना के एसआई पिंटू कुमार, एएसआई जितेंद्र कुमार और आरक्षी वीरेंद्र पासवान शामिल थे।




# न्यूज बॉक्स

## आरक्षी अधीक्षक की उपस्थिति में कई मामलों का हुआ निष्पादन

**मयूरहंड (चतरा)।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। आरक्षी अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल एवं अंचल प्रधान सहायक जय प्रकाश शर्मा ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की। आरक्षी अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाये तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। इस दौरान दस जमीन विवाद मामले एवं पांच पारिवारिक मामलों का निपटारा दोनों पक्षों के आपसी सहमति से किया गया। मामलों के निपटारे के बाद दोनों पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आये दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर डीएसपी अमृता लकड़ा, अनिल कुमार सिंह, सुधीर यादव, रामभरोस यादव के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बोदा में बीएफसी क्लब ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**चंदवा।** बीएफसी क्लब बोदा के तत्वावधान मंगलवार को बोदा पंचायत भवन मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, बोदा पंसस शुशीला टोपनो, झामुमो नेता सुरेश उरांव, समाजसेवी महबूब अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके पूर्व आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उदघाटन मैच रानी खटंगा रांची व स्मॉल ब्लास्टर चंदवा के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनो टीमें बराबरी पर रही जिसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में एक गोल से चंदवा की टीम विजयी रही। वहीं टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व होता है। खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए। फुटबॉल का खेल युवाओं में संघर्ष एवं नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ाता है। खेल में टीम वर्क का बड़ा महत्व होता है। खेल में हार जीत लगी रहती है। खेल में हारने वाली टीम और जितने वाली टीम दोनों को सीख लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी सौरभ श्रीवास्तव कर रहे थे। इधर आयोजक समिति के बबलू राही, समीर अंसारी व शाहिद अंसारी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार 31 जुलाई को खेला जायेगा। फाइनल के पश्चात दोपहर तीन बजे से नागपुरी प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। जिसमें नागपुरी गायक बशीर अंसारी, सरस्वती बुनकर, विमला देवी, पूजा मुंडा व धनेश लोहरा को आमंत्रित किया गया है। मौके पर सुदामा प्रसाद, हिमांशु सिंह, शेराज अंसारी, सज्जाद अंसारी, सोनु अंसारी समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राजस्व शिविर में दर्जनों आवेदन, चार का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में मंगलवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने किया। जिसमें राजस्व से संबंधित दर्जनों आवेदन लोगों द्वारा जमा किए गए। शिविर में भूमि सुधार, रसीद निर्गत एवं एलपीसीए को लेकर आवेदन जमा किए गए। इन सभी में एलपीसी का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, कर्मचारी पप्पू कुमार यादव एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## जर्जर पुल-पुलिया मरम्मती को लेकर मुखिया पति ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ पंचायत में जर्जर हो चुके आधा दर्जन पुल-पुलिया मरम्मती को उपयुक्त को ज्ञापन सोपा है। जिसमें बताया गया है कि खलारी गांव को जोड़ने वाली रास्ते में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसे मरमती करने की जरूरत है। वही रोहमर गांव के समीप पुलिया जो गिद्धौर व पत्थलगड़ा को जोड़ता है। वह काफी जर्जर हो चुकी है। जिसकी मरमती की मांग की गई है। साथ ही साथ पत्र में लिखा गया है कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधि के साथ विधायक व सांसद को भी मौखिक रूप से बताया गया है। परंतु कोई इस विषय पर ध्यान नहीं दिये। आवेदन में ग्रामीण दीपक टूटू, अनीता नाग, जॉन मुंडा, शीला देवी, प्रेमी सोरेन, जयप्रकाश दांगी समेत दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर है।

## लावालौंग-पांकी मुख्य सड़क कीचड़ में तब्दील, पैदल चलना हुआ दुर्भर

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से पांकी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बेहद जर्जर स्थिति में है। सड़क पर कीचड़ का आलम ऐसा है कि न तो ठिक से वाहन चल पा रहे हैं और न ही आमजन के पैदल चलने जैसी रह गई है। स्थानीय लोग इस सड़क की तुलना धान रोपनी वाले खेत से कर रहे हैं। रिमी मुखिया सुगी देवी, उनके प्रतिनिधि जगदीश यादव और विकास कुमार ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मती में वन विभाग की ओर से अड़चन डाली जा रही है, जिसके कारण वर्षों से यह मार्ग उपेक्षित पड़ा है। सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क से रोजाना स्कूल के बच्चे, मरीज और व्यापारी आवागमन करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में लोगों को कीचड़ भरे रास्ते में फिसलकर गिरने की नौबत आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही वे इस सड़क पर धान की रोपाई कर देंगे।

# दो अगस्त 2025 को स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 02 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल, लातेहार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलतापूर्वक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार को उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, समन्वय एवं आयोजन की जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के विकासोन्मुख कार्यों की उपलब्धियों को दशार्ने एवं आकांक्षी कार्यक्रम के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का अवसर है। आकांक्षा हाट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी, वहीं संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों, आमंत्रण, मंच संचालन, माइक व्यवस्था, स्टॉल आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयावधि में कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रहे विभागों, कर्मियों को सम्मानित करना एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करना है।

# माओवादी मनोहर गंझू के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बालूमाथ (लातेहार)।** 10 लाख का इनामी भाकपा माओवादी जोनल कमांडर मनोहर गंझू पिता विलास्पति गंझू ग्राम टेमराबर बसिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार स्थित घर पर बालूमाथ थाना पुलिस ने विधिवत न्यायालय का इस्तहार चस्पा किया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि मनोहर गंझू बालूमाथ थाना के कांड संख्या 108/ 24 का अभियुक्त है, अगर अभियुक्त न्यायालय द्वारा दिए गए समय पर सरेंडर नहीं करता है तो घर की कुर्की जब्ती कर ली जाएगी। उपरोक्त कांड पर भाकपा माओवादी जोनल कमांडर पर गोली मारकर हत्या का आरोपी है। इस इश्तहार चस्पा अभियान में पुअनी विकास कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक चलाया जाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे निर्देश दिया गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी लाभुकों को शत प्रतिशत घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने हेतु सभी मुखिया जेएसपीएलएस के कोऑर्डिनेटर एवं अन्य लोगों से जागरूक करने को कहा गया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी को आइमेकिटन एवं एल्वेन्डाजोल की गोली खिलानी है। इस दवा को गंभीर बीमार एवं गर्वती महिलाओं को छोड़कर खिलाने की बात कहीं गई। साथ मे बीएलटीएफ की बैठक की गई। मौके पर बाल विकास के सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से वीरेंद्र भगत, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज कुमार पांडेय, बलराम कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार पांडेय, नितेश कुमार सहित प्रखंड कर्मी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अधिवक्ताओं के हितों के लिए करूंगा काम : शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-27 के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों को मंगलवार को पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बता दें कि पिछले 26 जुलाई को अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-27 लिए चुनाव किया गया था। जिला अधिवक्त संघ के 12 पदो के लिए चुनाव हुआ था। जिसमे अध्यक्ष पर लाल अरविंद नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष पर बासुदेव कुमार पांडेय, सचिव पद पर संजय कुमार, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पर मिथलेश कुमार, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) पद पर नरोत्तम कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार पांडेय, सहायक कोषाघ्यक्ष पद पर स्वप्निल कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य के पांच पद पर वृंद बिहारी प्रसाद यादव, निरंजन प्रकाश मल्लान, अरविंद कुमार गुप्ता, राजेश यादव तथा रमण कुमार महतो चुने गए थे। मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन में चुनाव अधिकारी गणेश प्रसाद, अनिल ठाकुर व संतोष रंजन कुमार ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने शपथ लेने के बाद कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए वे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी होने के पर हमेशा उनके साथ खड़ा रहने रहेंगे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था कराना एवं शौचालय आदि बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# एनएच 22 के बने गड्ढे की खबर पर जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लिया संज्ञान

- सोशल मीडिया पर क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने सड़क में बने गड्ढे की खबर को किया था शेयर
- एनएच डिविजन के सहायक अभियंता को फोन कर सड़क मरम्मती का दिया निर्देश




नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथझ्रचंदवा एनएच 22 मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे को भरने के लिए एनएच डिविजन के सहायक अभियंता प्रताप को दिशा निर्देश दिया गया है बता दें कि बालूमाथ मुख्य मार्ग सहित मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिससे आम जन बहुत ही प्रभावित हैं। इन गड्ढे में बरसात का पानी भर जाने के बाद दिखाई नहीं पड़ती थी जिससे चालक गिरकर चोटिल हो जाया करते हैं। जिस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक अखबार में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। जिसे बालूमाथ के जागरूक नागरिकों ने अखबार की कटिंग को सोशल मीडिया में शेयर किया था। जिस पर जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को त्वरित मरम्मत करने का निर्देश दिया। जिसे विभाग ने अभिलंब सड़क की मरमती के लिए आश्वासन भी दिया है। साथ ही जिप उपाध्यक्ष महोदया ने यह भी बतलाया कि यह सड़क निर्माण बीते वर्ष में कराई गई थी. ऐसी स्थिति में विभाग को चौकस रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह सड़क अभी भी मेंटेनेंस में है। साथ ही जीप उपाध्यक्ष ने सोशल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्म पर लोगों के द्वारा इस तरह के मामलों को उठाए जाने की सराहना की है।

# पेज एक के शेष

## दुनिया के किसी भी...

पीएम मोदी ने कहा कि 9 तारीख की रात को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मुझसे बात करने का प्रयास किया। वह घंटे भर कोशिश कर रहे थे, लेकिन मेरी सेना के साथ बैठक चल रही थी, तो मैं फोन उठा नहीं पाया, लेकिन बाद में मैंने कॉल बैक किया। फिर अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझे बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। इस पर मैंने कहा, अगर पाकिस्तान का ये इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम बड़ा हमला कर जवाब देंगे। आगे मैंने कहा था, 'हम गोली का जवाब गोले से देंगे'।

इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 29 बार कहा कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री सदन में यह बोल दें कि वे असत्य बोल रहे हैं। इंदिरा गांधी की 50 प्रतिशत हिम्मत भी हो, तो वे यह कह देंगे। अगर सचमुच में दम है तो पीएम को यहां कह देना चाहिए कि डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहा है।

## सरकार ने महज...

उत्तर प्रदेश और कश्मीर में भी हमने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। हम नियमित रूप से लोगों से मिलते हैं, और जब आप किसी से हाथ मिलाते हैं, तो समझ आ जाता है कि वह टाइगर है। टाइगर को आजादी देनी पड़ती है। सेना को पूरी आजादी देनी होती है और इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है।"

राहुल गांधी ने सैम मानेकशॉ का जिक्र करते हुए कहा, "1971 में मानेकशॉ ने इंदिरा गांधी से ऑपरेशन के लिए छह महीने का समय मांगा था, क्योंकि वह गर्मियों में ऑपरेशन करना चाहते थे। इंदिरा गांधी ने उन्हें पूरी छूट और समय दी। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अमेरिका की परवाह किए बिना मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई, जिसके परिणामस्वरूप एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। इसके बाद एक नया देश बना।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा, "सरकार ने पाकिस्तान को सुबह 1:35 बजे सूचित किया कि हमने उनके आतंकी ठिकानों पर हमला किया है और दावा किया कि यह कदम तनाव बढ़ाने वाला नहीं था, लेकिन आपने 30 मिनट में ही पाकिस्तान के सामने सरेंडर कर दिया, जिससे यह संदेश गया कि सरकार में युद्ध लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं है। सरकार ने हमारे पायलटों की स्वतंत्रता को बंधन में जकड़ दिया, जिससे उनकी क्षमता पर अंकुश लगा।

## धर्म को आधार...

बड़ी ही कुशलता के साथ, पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बिना नुकसान पहुँचाए, उनके द्वारा संरक्षित आतंकवादी ठिकानों को अत्यंत ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया गया। दोनों देशों के मध्य व्यापक सैन्य टकराव को जन्म दिए बिना, सामान्य नागरिकों के जीवन की रक्षा करते हुए ही इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न किया, जिससे हमारी सेना का मान विश्व भर में अत्यधिक बढ़ गया। थल सेना, वायु सेना और नौसेना के सम्मिलित प्रयासों ने हमें राहत का एक सुखद अवसर प्रदान किया। साथ ही हमारी बहादुर, निर्भीक, दृढ़संकल्पित एवं महान चाणक्य से प्राप्त कूटनीतियों के सशक्त प्रवाहक, सेना पर गर्व करने का सुनहरा अवसर प्राप्त कर संपूर्ण राष्ट्र भी गौरवान्वित हुआ। इस कार्रवाई में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित मानदंडों का भी सजगतापूर्वक ध्यान रखा गया जिसके लिए विश्व के कई देशों ने हमारी सरकार तथा सैन्य बलों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। किसी भी नियम या समझौते का उल्लंघन किए बिना इतनी बड़ी कार्यवाही को अंजाम देना सरल कार्य नहीं था। ऐसी क्षमता भारतीय सेना की नीतियों और उनकी सैन्य शक्तियों में ही है। हम भारतवासियों को गर्व के ऐसे पल प्रदान करने के लिए सेना के बड़े अफसरों से लेकर अपनी जान जोखिम में डालकर साहस के साथ फ्रंट पर जाने वाले प्रत्येक सैनिक को हम शत-शत नमन करते हैं।चूंकि आतंकियों ने हमारे देश की स्त्रियों की भावनाओं पर ही कुठाराघात किया अतः आपरेशन सिन्दूर की कमान महिला अफसर के हाथों में ही थमा दी गई, इस प्रक्रिया से यह "आपरेशन सिन्दूर" हमारी भावनाओं को और भी अधिक गहराई तक छू गया। साथ ही साथ हमारे राष्ट्र की सैन्य शक्ति में महिलाओं के भी महत्त्वपूर्ण योगदान और उनके उच्च स्थान को प्रमाणित किया। जिसका सुखद परिणाम हम सभी के समक्ष दृष्टिगोचर है। अतः हम कह सकते हैं कि आपरेशन सिन्दूर सिद्धांतों पर आधारित एक सैन्य प्रक्रिया थी जिसने विश्व को यह संदेश दिया कि हमारी भावनाओं को आहत करने वाले किसी भी प्रकार के अनुचित आचरण को अब हम सहिष्णुता की डगर पर और अधिक चलते हुए बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। हमारे राष्ट्र और यहाँ के नागरिकों को हताहत करने वाले कभी भी क्षमा अथवा दया के योग्य नहीं समझे जाएँगे अलबत्ता उनके विरुद्ध जवाबी कार्यवाही अवश्य की जाएगी।इतना ही नहीं इन सभी कार्रवाई के परिणामस्वरूप, हमारे पड़ोसी देश के, आतंकवाद का समर्थन नहीं करने के समस्त दावे शनैः शनैः मिथ्या ही साबित होते गए। उसकी बदनीयती समूचे विश्व के समक्ष उजागर हो गई। इससे शायद भविष्य में ऐसे घृणित एवं उपेक्षित कार्य करने से पहले वह विचार अवश्य करे और सँभल जाए।

## मृतकों के परिजनों...

यह हादसा उस समय हुआ जब बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण के बाद सभी कांवरिए बासुकीनाथ की ओर जा रहे थे। घटना के फौरन बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाए।

गंभीर रूप से घायल सात श्रद्धालुओं को एम्स देवघर में भर्ती कराया गया है, जहां उनके इलाज की विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने देवघर सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया और इलाज की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सभी घायलों का इलाज, दवा और जांच पूरी तरह मुफ्त कराई जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि इलाज के बाद सभी घायलों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बाबा धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है और ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन सरकार पूरी गंभीरता से हालात का सामना कर रही है।

## अमेरिका झारखंड में...

अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज ने चर्चा के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू करने पर बल दिया।

खनन उपकरण कारखाना स्थापना में ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं : खान सचिव राहुल कुमार सिन्हा ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल को बताया कि खनन के क्षेत्र में कोयला समेत विभिन्न खनिजों के खनन, खनन उपकरण कारखाना स्थापना में ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं लिथियम, ग्रेफाइट और टेटानियम के प्रसंस्करण में भी आपसी सहयोग से आगे बढ़ा जा सकता है। टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि झारखंड पूरे भारत में सर्वाधिक 33 प्रतिशत वन क्षेत्र वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में आपसी सहयोग की बड़ी संभावना है। इसके अतिरिक्त झारखंड के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की प्रचुर संभावना है। राज्य में लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं, यह क्षेत्र भी सहयोग और निवेश के लिए आकर्षक क्षेत्र है।

अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के साथ बैठक के दौरान मुख्य सचिव के अतिरिक्त टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी, खान सचिव राहुल कुमार सिन्हा और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की सहयोगी संगीता डे चंदा उपस्थित थे।

## रोजगार सेवक को...

उन्होंने इसकी सूचना एसीबी टीम को दी। एसीबी के टीम ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की। एसीबी टीम की कार्रवाई के बाद प्रखंड व जिले के कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

## 150 से भी...

इसके बाद से उस पर सिर्फ दोपहिया वाहनों को चलने की अनुमति थी, लेकिन मंगलवार को यह पूरी तरह धंस गया। इसके बाद हर तरह के वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। यह इलाका राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का है। लोगों ने पुल ध्वस्त होने की सूचना उन्हें भी दी है। अब 100 से अधिक गांवों को जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए 15 से 20 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। पहले यह दूरी केवल आधा किलोमीटर थी। इसका सीधा असर छात्रों, मजदूरों और मरीजों पर पड़ा है। कई छात्र स्कूल और कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। मजदूरी करने वाले लोग भी शहर नहीं पहुंच पा रहे हैं।कई गांवों के लोग इसी पुल से होकर जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचते थे। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी हो रही है। यह पुल जामताड़ा और देवघर को जोड़ता था। रोजाना हजारों की संख्या में वाहन इस पर चलते थे। अब यातायात पूरी तरह बाधित है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को क्षतिग्रस्त पुल के पास जाने से रोका जा रहा है, क्योंकि नदी में बहाव तेज है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। एसडीएम अनंत कुमार ने बताया कि बैरिकेडिंग के निर्देश दिए गए हैं। वैकल्पिक रूट ठीक करने और नए पुल के निर्माण को लेकर विभाग से पत्राचार हो रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने और नया पुल बनाने की मांग की है।

# वजन घटाने वाली दवाओं की मांग हद से ज्यादा होती जा रही है

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** यूरोप व अमेरिकी फार्मासिस्टों ने चेतावनी दी है कि वज़न घटाने वाली दवाओं की मांग इतनी बढ़ती जा रही है कि जल्द ही माँग आपूर्ति से ज्यादा हो सकती है। नेशनल फार्मेसी एसोसिएशन (एनपीए) ने कहा कि आपूर्ति की समस्याएँ लोगों को जोखिम के बावजूद, अनियमित ऑनलाइन स्त्रोतों से खरीद को प्रोत्साहित कर सकती हैं।ब्रिटेन में वेगोवी व मौंजारो जैसी दवाओं का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा हो गई है, और ज्यादातर मरीज़ इन्हें निजी तौर पर खरीदने के लिए पैसे दे रहे हैं। अप्रैल के दौरान, ब्रिटेन में मौंजारो व वेगोवी के 16 लाख पैकेट खरीदे गए, माना जा रहा है कि यह संख्या इनका इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या से काफ़ी हद तक संबंधित है।एनपीए ने कहा, "वजन घटाने वाली दवाओं की बढ़ती माँग के जोखिम चिकित्सकीय रूप से उपलब्ध होने की सीमा से कहीं ज़्यादा हैं।" इसमें आगे कहा गया है कि इन दवाओं को उन लोगों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए जिन्हें सबसे ज़्यादा ज़रूरत है क्योंकि वे बहुत ज़्यादा वज़न वाले हैं, बजाय इसके कि इन्हें "चिंतित स्वस्थ" लोगों को दिया जाए। नए सर्वेक्षण में पाया गया है कि बीते एक साल में 21% ब्रिटिश नागरिकों ने इन दवाओं को हासिल करने की कोशिश की है, यह आंकड़ा 18 से 34 वर्ष के लोगों में बढ़कर 35% हो जाता है।इसी सर्वेक्षण में पाया गया कि अगर एनएचएस पर ये दवाएं मुफ़्त में उपलब्ध होतीं, तो सभी आयु वर्ग के 41% लोग इनका इस्तेमाल करते। 25-34 आयु वर्ग के लोगों में यह आंकड़ा बढ़कर 64% हो गया।सावंता ने 20-23 जून के बीच एनपीए के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के 2,002 वयस्कों के प्रतिनिधि नमूने का ऑनलाइन साक्षात्कार लिया, जो 6,000 स्वतंत्र फ़ार्मेसियों का प्रतिनिधित्व करता है। एनपीए के अध्यक्ष ओलिवियर पिकार्ड ने कहा, "वजन घटाने वाले टीके इस सदी के सबसे बड़े दवा आविष्कारों में से एक हैं, लेकिन वजन घटाने के इलाज की बढ़ती माँग इस बात को सुनिश्चित करने की ज़रूरत पर ज़ोर देती है कि यह उन लोगों के लिए उपयुक्त हो जो इसे चाहते हैं।" "इस सर्वेक्षण से यह स्पष्ट है कि वज़न घटाने वाली दवाओं से ज्यादा लोग वजन घटाने वाले टीके लगवाने में रुचि रखते हैं।"एनपीए ने कहा कि ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में, जिसमें मौंजारो की उच्च खुराक भी शामिल है, दवाओं की कमी के कारण इन दवाओं की आपूर्ति प्रभावित हुई है। आपूर्ति कुछ दवा दुकानों तक ही सीमित कर दी गई है, जिससे कुछ नए मरीज़ इन दवाओं का सेवन नहीं कर पा रहे हैं।

ब्रिटेन की दवा नियामक संस्था, मेडिसिन्स एंड हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी ने मरीजों को चेतावनी दी है कि वे ये दवाएँ केवल डॉक्टर के पर्चे से ही लें, ब्यूटी पार्लर या वेबसाइटों से नहीं।स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में ज़्यादा लोग "क्रांतिकारी" वजन घटाने वाले टीके लगवा पाएँगे। उन्होंने आगे कहा, "वजन घटाने वाली दवाएँ हमारी 10-वर्षीय स्वास्थ्य योजना के तहत मोटापे की समस्या से निपटने में एक शक्तिशाली उपकरण हैं।" "यह सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि जरूरत पड़ने पर ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को इन क्रांतिकारी दवाओं तक पहुँच मिले, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि वे ऐसा सुरक्षित व नियंत्रित तरीके से कर सकें। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों को सबसे पहले इलाज मिले।" पिकार्ड ने कहा कि फ़ार्मेसियां पहले से ही वजन घटाने वाली लगभग 85% दवाएं उपलब्ध कराती हैं और उन्हें इस पहुँच के विस्तार में बारीकी से शामिल होने की ज़रूरत है।उन्होंने कहा, "सरकार को फार्मासिस्टों की विशाल अप्रयुक्त विशेषज्ञता व कौशल का उपयोग एनएचएस के वजन घटाने वाली दवा कार्यक्रम को लाखों सबसे ज्यादा जरूरतमंद मरीजों तक तेज़ी से पहुँचाने में मदद करने के लिए करना चाहिए।"

## मैनहट्टन: गगनचुंबी इमारत में ताबड़तोड़ फायरिंग, हमलावर समेत पांच की मौत

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** मैनहट्टन में स्थित एक गगनचुंबी इमारत में गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें हमलावर समेत पांच की मौत हो गई। सोमवार शाम एक बंदूकधारी ने 36 वर्षीय पुलिस अधिकारी और तीन अन्य लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य शख्स इस घटना में घायल हो गया। बंदूकधारी ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस और कानून प्रवर्तन सूत्रों ने 'द पोस्ट' को बताया कि 27 वर्षीय हमलावर की पहचान शेन तमुरा के रूप में की है। यह शख्स 44 मंजिला इमारत में घुस गया, जहां ब्लैकस्टोन और नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) मुख्यालय है। इस शख्स ने शाम साढ़े छह बजे राइफल से गोलीबारी शुरू कर दी। एनवाईपीडी कमिश्नर जेसिका टिश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शेन तमुरा ने लॉबी में कदम रखते ही लोगों पर हमला शुरू कर दिया। सबसे पहले उसने अधिकारी दिदारुल इस्लाम को गोली मारी। हमलावर की 'मेंटल हेल्थ हिस्ट्री' रही है। सूत्रों के अनुसार दिदारुल इस्लाम को पीठ में गोली लगी और अस्पताल में उनकी मौत हो गई। चार नागरिकों को भी गोली मारी गई, जिनमें से तीन की मौत हो गई।

## दक्षिण कोरिया : पत्नी से जुड़े मामले की पूछताछ में नहीं पेश हुए पूर्व राष्ट्रपति योल

**सोल (आईएएनएस)।** गिरफ्तार दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल मंगलवार को विशेष जांच दल के सामने पेश नहीं हुए। यह पेशी उनकी पत्नी किम क्योन ही से जुड़े विभिन्न आरोपों के जांच के सिलसिले में होनी थी। पूर्व राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी पर चुनावी नामांकनों में हस्तक्षेप करने के आरोप हैं। इस मामले में उन्हें विशेष वकील मिन जुंग-की के ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे। यून की ओर से उनकी गैर-हाजिरी को लेकर अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति इससे पहले मार्शल लॉ डिक्री की जांच कर रही एक अन्य विशेष जांच टीम की पूछताछ से भी कन्नी काट चुके हैं।



## कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में विमान दुर्घटना, एक भारतीय की मौत

**कनाडा (आईएएनएस)।** टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में एक वाणिज्यिक सर्वेक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 26 जुलाई की शाम को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड स्थित डियर लेक हवाई अड्डे के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को बताया कि इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक गौतम संतोष की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। 'एक्स' पर लिखे पत्र में, महावाणिज्य दूतावास ने लिखा, "हम इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। वाणिज्य दूतावास कनाडा में शोक संतप्त परिवार और स्थानीय अधिकारियों के साथ सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर संपर्क में है।"



## भारतीय प्रतिनिधिमंडल व सीरियाई विदेश मंत्री की मुलाकात



**दमिश्क (आईएएनएस)।** सीरिया की यात्रा पर गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दमिश्क में सीरिया के विदेश और प्रवासी मामलों के मंत्री असआद हसन अल-शाइबानी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा, "विदेश और प्रवासी मामलों के मंत्री असआद हसन अल-शाइबानी ने भारतीय विदेश मंत्रालय के पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका विभाग के निदेशक सुरेश कुमार के नेतृत्व में आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का दमिश्क में स्वागत किया।" बयान में कहा गया कि बैठक में दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े मुद्दों और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई, जिससे दोनों देशों की जनता को लाभ मिल सके। भारत ने लंबे समय से सीरियाई शासन से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे हैं।

# पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी ढेर किए गए : शाह

नई दिल्ली (आईएएनएस)

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले तीन आतंकवादी 'ऑपरेशन महादेव' के तहत मारे जा चुके हैं। उन्होंने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह जानकारी दी। शाह ने कहा, ''मैं सदन के माध्यम से, कल हुए 'ऑपरेशन महादेव' की जानकारी पूरे देश को देना चाहता हूं। कल 'ऑपरेशन महादेव' में सुलेमान, अफगान और जिब्रान नाम के तीन आतंकवादी... सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए।'' उन्होंने बताया, ''सुलेमान, लश्कर-ए-तैयबा का ए श्रेणी का कमांडर था। पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में वह लिप्त था, इसके बहुत सारे सबूत हमारी एजेंसियों के पास हैं। अफगान और जिब्रान भी ए श्रेणी के आतंकवादी थे।'' गृह मंत्री ने कहा, ''जिन्होंने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा था, उनमें ये तीनों आतंकवादी शामिल थे और कल तीनों ही मारे गए। मैं सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सभी जवानों को सदन और पूरे देश की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं।'' गृह मंत्री के अनुसार, बीते 22 अप्रैल को दिन में एक बजे पहलगाम की बैसरन घाटी में हमला हुआ था और वह शाम 5.30 बजे श्रीनगर पहुंच गए थे तथा 23 अप्रैल को एक सुरक्षा बैठक की गई और इसकी पुख्ता व्यवस्था की गई कि नृशंस हत्या करने वाले हत्यारे देश छोड़कर भागने न पाएं।

उन्होंने बताया कि पूरी छानबीन के बाद यह पुष्टि की गई कि इन तीनों आतंकवादियों ने ही 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 निर्दोष लोगों की जान ली थी। गृह मंत्री ने कहा, ''आज मैं सदन को यह बताते हुए बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों के आकाओं को जमीन में मिलाने का काम किया था और सेना एवं सीआरपीएफ ने उन आतंकवादियों को भी समाप्त कर दिया।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मुझे अपेक्षा थी कि जब ये (विपक्ष) पहलगाम हमले के आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सुनेंगे तो खुश होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि ये (विपक्ष) इससे खुश नहीं हैं। यह किस तरह की राजनीति है?''

### पीएम ने लोस में दिए शाह के 'उल्लेखनीय' भाषण की सराहना की



पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर पर गृह मंत्री के लोस में भाषण की मंगलवार को सराहना की और कहा कि उनका संबोधन देश को सुरक्षित रखने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर केंद्रित है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, "लोकसभा में दिए गए इस उल्लेखनीय भाषण में गृह मंत्री अमित शाह जी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसने कायर आतंकवादियों का सफाया करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका संबोधन हमारे देश को सुरक्षित रखने की दिशा में हमारी सरकार के प्रयासों पर भी केंद्रित है। शाह ने संसद के निचले सदन में कहा कि पहलगाम नरसंहार को अंजाम देने वाले तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के पास सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।

### पहलगाम में मारे गए लोगों के परिवार के प्रति हमारी जवाबदेही, उन्हें भी सच जानने का हक : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के नामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए 26 लोगों में 25 भारतीय थे। यह सरकार की ओर से सुरक्षा खामी थी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलगाम हमले को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ, उससे हर एक भारतीय के दिलों को चोट पहुंची है। मैं सदन में बताना चाहती हूं कि यहां मौजूद हर किसी के पास सुरक्षा है। हम जहां भी जाते हैं, हमारे साथ सुरक्षाकर्मी जाते हैं, लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवार उजड़ गए। उनके परिवार के सदस्यों को मारा गया, जिनमें 25 भारतीय भी थे। कांग्रेस सांसद ने सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा, "पहलगाम की बैसरन घाटी में जितने भी लोग मारे गए, उनके लिए वहां कोई सुरक्षा नहीं थी। आप कितने भी ऑपरेशन कर लें, इस सच से नहीं छिप सकते कि उन 25 भारतीयों को आपने कोई सुरक्षा नहीं दी।" सदन में प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकी हमले में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के नामों को गिनाया और कहा, "मैं 25 भारतीयों के नाम इस सदन में पढ़ना चाहती हूं, ताकि यहां बैठे हर सदस्य को यह अहसास हो कि वह भी हमारे तरह इंसान थे। वह किसी राजनीतिक बिसात के मोहरे नहीं थे। वह भी इस देश के बेटे थे और इस देश के शहीद हैं।

# 'कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को समन नहीं किया जाना चाहिए'

- 'यदि कोई वकील "अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है," तो उसे तलब किया जा सकता है'
- 'यदि समन जारी करने की आवश्यकता है, तो केवल ईडी निदेशक की पूर्व स्वीकृति के बाद ही जारी किया जाएगा'

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति केवल वकील के तौर पर काम कर रहा है, तो उसे मुवक्किल को कानूनी सलाह देने के लिए जांच एजेंसियों(ईडी,सीबीआई आदि) द्वारा समन नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन यदि कोई वकील "अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है," तो उसे तलब किया जा सकता है। इस पीठ ने यह टिप्पणी जांच एजेंसियों(ईडी) द्वारा जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकीलों को तलब किए जाने से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की।पीठ ने कहा, हमने शुरू में ही कहा था कि यदि कोई (वकील) अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे तलब किया जा सकता है... लेकिन केवल कानूनी सलाह देने के लिए नहीं। पीठ ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) व सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसे बार निकायों की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह व वकील विपिन नायर ने किया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि यदि वकीलों को केवल सलाह देने के लिए नियमित रूप से तलब किया जाने लगा, तो कोई भी संवेदनशील आपराधिक मामलों में सलाह देने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस पर नियंत्रण के लिए उसी तरह की सावधानियां अपनाई जानी चाहिए जैसी कि सीबीआई अपनाती है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि किसी वकील को तलब करने के लिए पहले जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक की अनुमति ली जाए और फिर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद ही समन जारी हो। पीठ ने संकेत दिया कि न्यायिक निगरानी जांच के अतिक्रमण पर एक महत्वपूर्ण जांच के रूप में काम कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता इस मूल आधार से सहमत थे कि वकीलों को केवल कानूनी सलाह देने पर नहीं बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक वकील और मुवक्किल के बीच संवाद के विशेषाधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए। यह पेशा स्वयं संविधान व कानून के तहत संरक्षित है। लेकिन उन्होंने ऐसे उपाय लागू करने के प्रति आगाह किया जिनसे असमानता पैदा हो सकती है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि सिर्फ वकीलों को मजिस्ट्रेट की अनुमति से तलब करने की व्यवस्था करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन हो सकता है। पीठ ने निर्देश दिया कि एससीबीए व एससीएओआरए की ओर से पेश लिखित सुझाव तीन दिन के भीतर सॉलिसिटर जनरल व अटॉर्नी जनरल को भेजे जाएं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की गई है, जब केंद्र अपना पक्ष रखेगा।मालूम हो कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार व प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है।

## पाकिस्तानी गोलीबारी में अनाथ हुए 22 बच्चे, राहुल गांधी ले रहे गोद




-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उन 22 बच्चों को गोद लेने जा रहे हैं ,जिनके माता-पिता पाक गोलीबारी में मारे गये।इस बारे में जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा का कहना है कि राहुल गांधी पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्चा उठाएंगे जिन्होंने अपने दोनों माता-पिता पाक गोलीबारी में गंवा दिए थे। तारिक के मुताबिक पहली किस्त जारी भी कर दी गई है, जब तक बच्चे ग्रेजुएट नहीं हो जाएंगे, मदद जारी रहेगी। मालूम हो कि राहुल गांधी ने इस साल मई में पुंछ का दौरा किया था, तब उन्होंने अपने स्थानीय नेताओं से अपील की थी कि वे प्रभावित बच्चों की एक सूची तैयार करें, उसके बाद ही सरकारी रिकॉर्ड खंगाले गए और फिर सर्वे कर एक सूची बनी। राहुल गांधी जब पुंछ गए थे, उन्होंने क्राइस्ट पब्लिक स्कूल का भी दौरा किया था, वहां पर 12 साल के ट्विन उर्बा फातिमा व जैन अल की मौत हो गई थी, पाक गोलीबारी में ही दोनों ने जान गंवाई थी। वहां पहुंच राहुल गांधी ने बच्चों से कहा था कि आप अपने दोस्तों को बहुत याद कर रहे होंगे, इस बात का मुझे दुख है। आपको थोड़ा डर भी लग रहा होगा, इस स्थिति से निपटने का आपका एक ही तरीका होना चाहिए- और ज्यादा पढ़ाई करें।

# बॉक्स ऑफिस पर 'महावतार नरसिम्हा' की बंपर कमाई हुई

## वीकेंड में 400% का जबरदस्त उछाल!

कहानी फिल्म जगत की



होम्बले फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और क्लीम प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित एनिमेटेड फीचर फिल्म महावतार नरसिम्हा, हिंदी में शानदार शुरुआत के साथ बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों को नई दिशा दे रही है। निर्माताओं के अनुसार, अपने शुरुआती सप्ताहांत में, फिल्म ने शुक्रवार को अपनी शुरुआत से लेकर रविवार को अपने पहले सप्ताहांत के अंत तक, कमाई में 400% की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की।

**महावतार नरसिम्हा ने हिंदी दर्शकों को प्रभावित किया :** फिल्म ने शुक्रवार को ₹1.35 करोड़ की कमाई की, जिसके बाद शनिवार को 150% की वृद्धि के साथ ₹3.25 करोड़ और फिर रविवार को 110% की वृद्धि के साथ ₹6.50 करोड़ से ₹7.00 करोड़ के बीच कमाई की। निर्माताओं के अनुसार, हिंदी में महावतार नरसिम्हा की तीन दिनों की कुल कमाई अब ₹11.35 करोड़ हो गई है।

**महावतार नरसिम्हा ने लोगों का टेस्ट बदला :** महावतार नरसिम्हा ने शुक्रवार को 1.35 करोड़ रुपये के साथ भले ही मामूली शुरुआत की हो, लेकिन सप्ताहांत में इसने उल्लेखनीय गति पकड़ी। शनिवार को 4.6 करोड़ रुपये की ज़बरदस्त उछाल देखी गई, जो 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि रविवार को और भी बड़ी छलांग देखी गई जब फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये कमाए, जो अपने पहले दिन से 600 प्रतिशत की भारी वृद्धि थी। यह गति सोमवार तक जारी रही, जहाँ फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये की प्रभावशाली कमाई की, और सोमवार की महत्वपूर्ण परीक्षा को आसानी से पार कर लिया। इसके साथ ही, अश्विन कुमार अभिनीत इस फिल्म ने अब चार दिनों में 22 करोड़ रुपये की मजबूत कमाई कर ली है।